किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 1 अंकः 316 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 03 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

वन नेशन-वन इलेक्शन की कमेटी का ऐलान;

गृह मंत्री अमित शाह, अधीर रंजन समेत 8 सदस्य शामिल



नई दिल्ली. कानून मंत्रालय ने एक राष्ट्र-एक चुनाव को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी के सदस्यों की घोषणा कर दी है. ये 8 सदस्यीय कमेटी होगी, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह के अलावा कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी, पूर्व राज्यसभा सांसद गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ वकील हरीश साल्वे और पूर्व सीवीसी संजय कोठारी शामिल होंगे.

इसके अलावा कमेटी में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और विधि मंत्रालय के सचिव विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे. यह कमेटी तुरंत अपना काम करना शुरू कर देगी और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में होगा. यह कमेटी अविश्वास प्रस्ताव, दल-बदल कानून और त्रिशंकु विधानसभा या लोकसभा की परिस्थितियों का विश्लेषण करेगी और उसके मुताबिक उचित सुझाव देगी.

इस संबंध में सरकार की तरफ से जारी अधिसूचना में बताया गया कि एक साथ चुनाव कराने को लेकर गठित कोविंद समिति तुरंत काम शुरू करेगी और जल्द से जल्द सिफारिशें देगी. यह उच्चस्तरीय समिति इस बात का अध्ययन करेगी कि क्या संविधान में संशोधन के लिए राज्यों के अनुमोदन की आवश्यकता होगी. इसके अलावा एक साथ चुनाव कराने की स्थिति में त्रिशंकु सदन, अविश्वास प्रस्ताव या दलबदल से उभरते परिदृश्यों के प्रभाव का विश्लेषण करेगी.

यह समिति उन सभी व्यक्तियों, अभ्यावेदनों और संवाद को सुनेगी और उन पर विचार करेगी जो उसकी राय में उसके काम को सुविधाजनक बना सकते हैं और उसे अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने में सक्षम बना सकते हैं.

बता दें कि केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए एक समिति का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी है, जिससे लोकसभा चुनाव समय से पहले होने की अटकलें लगाई जा रही हैं. 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों और उसके बाद लोकसभा चुनाव से पहले यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है और कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को पीछे छोड़ आम विमर्श के केंद्र में आ गया है. (भाषा इनपुट के साथ)

अमित शाह को लिखी चिट्ठी

वन नेशन-वन इलेक्शन की कमेटी का सदस्य बनने से अधीर रंजन का इनकार,

दैनिक समाज जागरण,

नई दिल्ली. कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने वन नेशन-वन इलेक्शन को गठित की गई कमेटी का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है. उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में 8 सदस्यीय समिति का हिस्सा बनने का निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है. अधीर रंजन ने कहा है कि मुझे उस समिति में काम करने से इनकार करने में कोई झिझक नहीं है. इसके संदर्भ की शर्तें इसके निष्कर्षों की गारंटी के लिए तैयार की गई हैं. मुझे डर है कि यह पूरी तरह से धोखा है.

वहीं, वन नेशन वन इलेक्शन के लिए सरकार द्वारा बनाई गई कमेटी में राज्य सभा में विपक्ष के नेता खरगे को न रखने और पूर्व नेता विपक्ष गुलाम नबी आजाद को सदस्य बनाने को कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल ने संसद का अपमान बताया.

अब इस स्टेशन पर भी रुकेगी हावड़ा-रक्सौल एक्सप्रेस ट्रेन

जमुईः अगर आप मां जानकी के प्रदेश में जाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपके लिए काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि रेलवे ने जमुई में एक ट्रेन को ठहराव देने की योजना बनाई है. जो जमुई से होकर सीधे मां जानकी के प्रदेश सीतामढ़ी होते हुए रक्सौल तक जाएगी. दरअसल, रेलवे ने गाड़ी संख्या-13043/13044 ह-ावड़ा-रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस को जमुई में 2 मिनट के ठहराव देने का निर्णय लिया है. यह ट्रेन हावड़ा से खुलकर आसनसोल, झाझा, किउल, बरौनी, दरभंगा, सीतामढ़ी के रास्ते रक्सौल तक जाती है. यह ट्रेन अब जमुई में भी 2 मिनट के लिए रुकेगी. दर-असल, लंबे समय से जमुई के लोगों की यह मांग रही थी कि उस रूट में जाने के लिए सुबह के समय में कोई ट्रेन नहीं होने से लोगों को रात तक का इंतजार करना पड़ता था. लेकिन अब लोगों की यह परेशानी भी दूर होने वाली है.

जमुई में गाड़ी संख्या-13043/13044 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस सुबह के वक्त पहुंचेगी. गाड़ी संख्या-13043 हावड़ा-रक्सौल एक्सप्रेस सुबह 5:53 बजे जमुई स्टेशन पहुंचेगी तथा 2 मिनट के ठहराव के बाद 5:55 बजे अगले स्टेशन के लिए रवाना हो जाएगी. वहीं 13044 रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस सुबह 4:40 बजे जमुई स्टेशन पहुंचेगी तथा वहां 2 मिनट के ठहराव के बाद 4:42 बजे अगले स्टेशन के लिए प्रस्थान कर जाएगी.

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर जेल विस्तारीकरण योजना के तहत भिवानी में 5 सितम्बर को जेल विस्तारीकरण का करेंगे उद्घाटन

समाज जागरण

चण्डीगढ़, 2 सितम्बरः(विनोद कश्यप) । हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल आगामी पांच सितंबर 2023 को सांय पांच बजे भिवानी जेल के विस्तारीकरण कार्य का उद्घाटन करेंगे, जिसमें करीब 12 एकड़ में 29 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से नई जेल का निर्माण किया गया है। नई जेल में बंदियों की क्षमता 774 व्यक्तियों की है, जिसमें महिला और पुरुष दोनों बंदी शामिल हैं। नया जेल परिसर आधुनिक ` सुविधाओं से सुसज्जित है।

यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उद्घाटन समारोह में ऊर्जा एवं कारागार मंत्री श्री रणजीत सिंह भी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि जेल विस्तारीकरण कार्य में नई जेल परिसर में पांच बैरेक पुरुष बंदियों के लिए तथा एक बैरेक महिला बंदियों के लिए बनाई गई है। एक पुरुष बैरेक की क्षमता 126 लोगों की तथा महिला बैरेक की क्षमता 114 महिलाओं की है। पहले पुरानी जेल में बंदियों की क्षमता 561 थी, जो अब कुल 1335 की हो गई है।

उन्होंने बताया कि नई जेल परिसर में एक शैड कौशल विकास के लिए बनाया गया है, जहां पर जेल बंदी कोई न कोई कार्य सीख सकेंगे। इसी प्रकार से नए परिसर में महिला और पुरुष बंदियों का परिजनों से मिलने के लिए अलग-अलग मुलाकात कक्ष बनाया गया है। इसके अतिरिक्त एक अलग से किचन भी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जेल परिसर में एक प्रशासनिक ब्लॉक बनाया गया है, जिसमें जेल के अधिकारियों के ऑफिस हैं।

वाह रे बिहार ! पार्ट : -5

गर्दन पर लटका है एससी एसटी एक्ट एवं महिला उत्पीड़न की तलवार !!

कराह रहे है जनता, बुद्धिजीवी और पत्रकार !!!

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ,ब्यूरो चीफ बिहार -झारखंड प्रदेश।

पंचायती राज व्यवस्था की एक झलक , आज के अंक में बेहद चौंकाने वाला है! पुलिस -अपराधी- बिचौलिया -गठ जोड़ के तहत थानेदार, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि एवं उनके चहेते विभिन्न गॉव के दवंगों द्वारा पंचायत मद के शत- प्रतिशत योजनाओं की राशि सरेआम लूटा जा रहा। और अनैतिक कार्यो के विरुद्ध उठ रहे आवाज को दबाने के लिए दमन की कार्रवाई पुलिस करते आ रही है । फल स्वरूप पीड़ित विवश लोग अपराधजगत का सहारा लेने और और हथियार उठाने के लिए मजबूर एवं विवश दिखाई दे रहे हैं।अम्बा थाना में पदस्थापित थानेदार एवं उनके अनैतिक कार्य के संरक्षक पुलिस पदाधिकारी को उग्रवाद उत्पादक यंत्र कहा जाए ! तो इसमें किसी तरह की कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अम्बा थाना में पदस्थापित थानेदार का इतिहास भी इस बात की गवाह है की लूट की राशि से मजबूत होते अपराधिक ढ़ाँचे के लिए थानेदार एवं इनके अनैतिक कार्यो के संरक्षक पुलिस पदाधिकारी जिम्मेवार हैं तथा पुलिस के कुकृत्यों को समाचार के माध्यम से रख पाना पत्रकारों के लिए लोहे के चना चना साबित हो रहा है।

लूट की राशि से मालामाल होते जा रहे हैं थानेदार, पंचायती राज्य ब्यवस्था के अधिकारी एवं पंयायत सरकार!!!! वाह रे बिहार!!!!!

पुलिस पदाधिकारी के दोहरी नीति एवं मापदंड के प्रतिफल में पुलिस बल पर लगातार हमले एवं पथराव होते आ रहे हैं और थाना की संरक्षण में सरकारी संपदा की लूट निर्वाधगति से जारी है । अगर यह कहा जाये कि पुलिस को हर हालत में पैसा चाहिए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। अगर आपके पास पैसा है तो पुलिस वाला बलात्कारी को साधु साबित कर देगे/ करा देगे और निर्दोष लोगों को अपराधी और बलात्कारी बना देगे।

यह सर्वेक्षण बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले के अम्बा थाना के लिए है।

शेष अगले अंक गतांक से आगे.....

तबाही के मूड में पुतिन !

रूस ने तैनात की विध्वंसक परमाणु मिसाइल सरमत, डर से कांप रहे नाटो देश

यूक्रेन के साथ जारी युद्ध में रूस ने खतरनाक कदम उठाते हुए महाविनाशक परमाणु मिसाइल सरमत को तैनात कर दिया है. यह अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल रूस की सबसे अत्याधुनिक हथियारों

में से एक है. रूसी स्पेस एजेंसी के चीफ यूरी बोरिसोव ने जानकरी देते हुए बताया, 'सरमत मिसाइल को सेवा में शामिल कर लिया गया है.' वहीं, एक बार पुतिन ने इसके बारे में बोलते हुए कहा था, 'यह रूस के दुश्मनों को दो बार सोचने के लिए मजबूर कर देगी.' इस परमाणु मिसाइल की तैनाती के बाद से नाटो देशों की टेंशन और भी बढ़ गई है.

मालूम हो कि सरमत मिसाइल की मारक क्षमता अमेरिका तक है. समाचार एजेंसी ताश ने जानकारी दी कि, 'RS-28 सरमत मिसाइल एक साथ 10 टन वजन की 15 परमाणु बम ले जाने में सक्षम है.' दुनिया के किसी भी कोने में इस मिसाइल की मदद से अटैक किया जा सकता है. वहीं, वाशिंगटन ने शुक्रवार को बयान जारी करते हुए कहा था, 'पुष्टि के साथ नहीं कह सकते हैं कि रूस ने विध्वंसक सरमत मिसाइल को तैनात किया है या नहीं.' नाटो देश इस मिसाइल को सतान के नाम से बुलाते हैं.

मालूम हो कि फरवरी के एक संबोधन में राष्ट्रपति पुतिन ने घोषणा की थी कि सरमात मिसाइल को जल्द ही तैनात किया जाएगा. उन्होंने ये भी कहा था, सरमत मिसाइल से रूस को विदेशी खतरा से सुरक्षा मिलेगी और दुश्मन देश हमले से पहले दो बार सोचने पर मजबूर होंगे. जहां रूस का कहना है कि ये मिसाइल एक बार में 15 परमाणु बम ले जाने में सक्षम है, वहीं अमेरिका ने कहा है कि इसकी क्षमता मात्र 10 परमाणु बम ले जाने की है.

चंद्रयान-3, आदित्य L1 के बाद अब गगनयान की तैयारी में ISRO

श्रीहरिकोटा. चांद के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र पर चंद्रयान-3 की सफल सॉफ्ट लैंडिंग के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शनिवार को अपने पहले सूर्य मिशन का सफलतापूर्वक आगाज किया. इसरो का आदित्य-एल1 अंतरिक्ष यान सूर्य की ओर 125 दिन की अपनी यात्रा पर रवाना हो चुका है. इसके साथ ही भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी अब अपने अगले मिशन की तैयारियों में जुट गई है और वह है पहले मानव मिशन गगनयान का प्रक्षेपनङ्घ केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को आदित्य एल-1 मिशन के लिए इसरो को बधाई देते हुए इस नए मिशन को लेकर बड़ी जानकारी दी.

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, 'यह भारत के लिए एक सुखद क्षण है. और दूसरी बात, चंद्रयान की तरह यहां भी पूरा देश इससे (आदित्य एल 1 मिशन से) जुड़ा हुआ था. और यह संभव हो पाया है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीहरिकोटा के द्वार खोल दिए हैं. उन्होंने इन सभी हितधारकों को एक साथ लाया है, उन्हें एहसास कराया है कि यह मिशन पूरे भारत का है...'

इसके साथ ही उन्होंने कहा, '...अब, मुझे लगता है, गगनयान की पहली परीक्षण उड़ान होगी, जो अक्टूबर के महीने में हो सकती है. यानी अगले महीने ही.'

बता दें कि गगनयान अंतरिक्ष में इसरो का पहला मानव मिशन है. इसरो के इस पहले मानव मिशन के तहत 3 लोगों के दल को 400 किमी (250 मील) की कक्षा में लॉन्च करने की योजना है, जहां वे तीन दिनों तक रुकेंगे. इसरो ने कहा है कि उसके विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र ने क्रू मॉड्यूल को स्थिर करने और पुनः प्रवेश के दौरान इसके वेग को सुरक्षित रूप से कम करने के लिए सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण कर लिया है.

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस साल की शुरूआत में बताया था कि, गगनयान मिशन के लिए लगभग 90.23 अरब रुपये (1.08 अरब डॉलर) आवंटित किए गए हैं. इसरो का कहना है कि गगनयान मिशन के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद वह अंतरिक्ष में निरंतर मानव उपस्थिति हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा.

इसरो ने आधिकारिक तौर पर गगनयान के लॉन्चिंग की तारीख घोषित नहीं की है, हालांकि एजेंसी ने पहले ही कहा था कि यह मिशन 2023 के अंत तक तैयार हो जाएगा.

यूपी की शिक्षक डॉक्टर कविता को मिलेगा राज्य अध्यापक पुरस्कार

गाजियाबाद में सहायक अध्यापक डॉक्टर कविता वर्मा को राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयन किया गया है. डॉक्टर कविता वर्मा वैशाली स्थित कंपोजिट विद्यालय में वर्तमान में सेवानिवृत्त हैं. डॉक्टर कविता वर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं शुरू की थीं वर्ष 2002 में, और उन्होंने वर्ष 2003 से गाजियाबाद के विभिन्न विद्यालयों में सेवाएं दी हैं. राज्य अध्यापक पुरस्कार के साथ ही, वे अपने योगदान के लिए सम्मानित हो रही हैं.

डॉक्टर कविता ने बताया कि यह पुरस्कार राज्य स्तरीय एक महत्वपूर्ण सम्मान है, और उसे चुनाव द्वारा प्राप्त किया गया है. इसके बाद, प्राप्त आवेदनों के आधार पर जनपद स्तरीय चयन

प्रक्रिया शुरू हुई थी, जिसमें तीन उम्मीदवारों को चयनित किया गया था. इसके बाद, लखनऊ में प्रेजेंटेशन सिलेक्शन कमेटी के सामने प्रस्तुत किया गया था, और फिर उन्हें स्टैंडर्ड कमेटी द्वारा शिक्षकों के पुरस्कार के लिए चयनित किया गया.

यह पुरस्कार राज्य स्तरीय एक महत्वपूर्ण सम्मान

डॉक्टर कविता ने इस पुरस्कार की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया है, और कहा है कि यह पुरस्कार शिक्षकों के लिए बड़ा मोटीवेशन है. वे आपके बच्चों के लिए अच्छे उदाहरण के रूप में काम करती हैं और उन्हें पढ़ाई के प्रति उत्साहित करती हैं. इसके अलावा, उन्होंने अपने विद्यालय में विभिन्न कौशलों का विकास के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं, जैसे कि योग, पौधों का रोपण, और क्रिएटिव कंपीटीशन. उन्होंने बच्चों को शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए कविता सुनाने की प्रथा भी अपनाई है.

राष्ट्र निर्माण की सूत्रधार नारी, योग्य माता, योग्य राष्ट्र की निमार्त्री

दैनिक समाज जागरण

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को "माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या" अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधा-रशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।-विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी। वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी,प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यों से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है। यह कहने में कतई गुरेज नहीं है कि महिलाएं राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, चिकित्सकीय, और विज्ञान में देश के हित के लिए अग्रणी रही हैं। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को नमन करते हुए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें साधुवाद प्रदान कर उनकी इस भूमिका को प्रणाम करता है।

संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़

बैठकी "नये संसद के विशेष सत्र पर, लगते कयास"

दैनिक समाज जागरण

बैठकी जमते हीं मास्टर साहब ने यह कहते हुए मुद्दा रख दिया कि " उधर महाराष्ट्र में विपक्षी दलों के गठबंधन-आई.एन.डी.आई.ए. की बैठक शुरू हुई

और इधर मोदी सरकार ने नये संसद में, विशेष सत्र की बैठक, 18 सितम्बर से 22 सितम्बर को बुलाने की घोषणा कर दी! अब कयासों का बाजार गर्म है कि इस सत्र में सरकार क्या करने जा रही है!!"

ए मास्टर साहब,जहाँ तक लोगों की बातों से अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस सत्र में, "एक राष्ट्र-एक चुनाव" पर बातें हो सकतीं हैं! या समय से पहले चुनाव की घोषणा भी हो सकता है जैसा कि विपक्षी गठबंधन की बैठक के बाद नितीश बाबू ने कहा!--कुंवरजी ने अपनी कही!

कुंवर बाबु! ये मोदी है जो अपने फैसलों से हमेशा चौंकाते रहे हैं! 2024 में आम चुनाव है! ऐसी स्थिति में भाजपा,आम भारतीय की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरपूर प्रयास करेगी! मेरा अनुमान है कि देश की आधी संख्या को ध्यान में रखते हुए अर्थात "महिला आरक्षण बिल" लाये जाने की पुरी संभावना दिखती है! वैसे भी मोदीजी, 100 साल के बाद नई संसद में वैसा बिल लाना ज्यादा पसंद करेंगे जो एक ओर देश की बड़ी संख्या से जुड़ा मामला हो और जिसपर विपक्षी भी हाय तौबा न मचावें!--उमाकाका ने अपनी रखी!

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक एक कप उठा लिये.....

ए भाई, देश में इ जेवन जी-20 के सम्मेलन होता आ चंद्रयान-3 के संगे संगे आदित्य एल-1 के बारे में भी चर्चा त, जरुरे नु होखे के चाहीं!जेकरा से संसार में आपन देश के डंका बाजता!--मुखियाजी बड़ा अपटूडेट दिखे!

सरजी, आपका क्या अनुमान है!!--पारस नेता मेरी ओर देखकर!

नेताजी, अनुमान तो आपको बताना चाहिए! खैर, भाजपा का मुख्य वोटर बहुसंख्यक हिन्दू समाज है और आजादी के बाद से हीं इस सेक्युलर देश में बहुसंख्यकों के साथ भेदभाव की राजनीति, कांग्रेस शासन में होता आया है! संविधान के समक्ष सभी नागरिक सम्मान हैं! संविधान स्त्री-पुरुष में भी भेद नहीं करता तो ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय सुरक्षा, अखंडता और संविधान के संवैधानिक मूल्यों का तकाजा है कि मोदी सरकार "समान नागरिक संहिता" बिल लाये! जिसकी अपेक्षा देश के 70 प्रतिशत लोग तो निश्चय हीं रखते हैं!--मै चुप हुआ!

अब आपलोग मेरी सुनिये! देश आजाद हुआ था तो बंटवारे के पश्चात,जहाँ तक मुझे ज्ञात है- यहाँ 88 प्रतिशत हिन्दू थे और 6 प्रतिशत मुसलमान! लेकिन आज स्थिति बिलकुल बदल चूकी है! नेहरू ने हिन्दू कोर्ट बिल लाकर हिंदूओं को एक से अधिक विवाह पर रोक लगा दी जबकि मुसलमानों को चार- चार शादियां करके जनसंख्या विस्फोट करने का रास्ता बरकरार रखा! टैक्स भरे हिन्दू और 20-20 बच्चे पैदा करके सभी सरकारी सुविधाओं पर मौज करे मियाँ! ये कहाँ का न्याय है!!आज देख रहे हैं न!! हिंदूओं के देश में हीं हिंदूओं के धार्मिक जुलुस या शोभायात्रा पर पत्थरबाजी और गोलीबारी होने लग गयी है!कई राज्यों से हिन्दू पलायन को मजबूर किये जा रहे हैं! जबकि उनलोगों द्वारा किये जाने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में हिन्दू कोई बाधा नहीं डालता! बढ़ती मुस्लिम जनसंख्या का हीं नतीजा है कि मुस्लिम आतंकी संगठन "गजवे ए हिंद" करने का उपक्रम करने लगे हैं!सेक्युलर देश में एक समुदाय के छोटे बालकों को दुसरे समुदाय के प्रति घृणा और हिंसा करने की शिक्षा दी जाती है! हद तो ये है कि ऐसे मदरसों को सरकार द्वारा आर्थिक सहायता और अनुदान दिया जाता है!
ऐसी स्थिति में राष्ट्र के लिये 14 साल तक के बच्चों के लिये "समान शिक्षा कानून" लाना अति आवश्यक है!
इतना हीं नहीं, धार्मिक आधार पर भेदभाव वाला कानून--"पूजा स्थल अधिनियम" में भी संशोधन का प्रस्ताव भाजपा सरकार को इस सत्र में लाना चाहिये!--पारस नेता चुप हुए तभी डा. पिंटू बोल पड़े--
" ठीक बोले नेताजी! भला बताइये! इ कांग्रेसी सब हिंदूस्तान से हिंदू धर्म को मिटाने का कितना घटिया चाल चला है!

क्रिश्चियन के चर्च और मुस्लिमों के मस्जिद स्वतंत्र हैं! उन्हें,अपने चर्च और मस्जिदों की आमदनी को,अपने धर्म के प्रचार-प्रसार में उपयोग करने की छूट है लेकिन हिंदूओं के मंदिरों की आमदनी पर सरकार का अधिकार!! अरे वाह! ये कैसा सेक्युलरिज्म है रे भाई!! अन्य पंथ वाले अपने धर्म की शिक्षा दे सकते हैं लेकिन हिन्दू नहीं दे सकता! हम पाकिस्तान में रहते हैं क्या!!!
इसलिये मोदी सरकार को "पूजा स्थल अधिनियम" में तो तत्काल संशोधन का बिल लाना चाहिये नहीं तो अगामी लोकसभा चुनाव में इसका खमियाजा भाजपा को निश्चय हीं भुगतना पड़ेगा!"

मुझे तो पुरी संभावना दिखती है कि इस सत्र में "एक राष्ट्र और एक चुनाव" पर चर्चा होनी चाहिये! वैसे भी सरकार ने इस संदर्भ में कमिटी का गठन कर हीं दिया है जिसके अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद को बनाया गया है इस कमिटी में आठ सदस्य हैं जैसे- अमित शाहजी, अधीर रंजन चौधरी, गुलाम नबी आजाद, सुबास कश्यप, हरीश साल्वे, संजय कोठारी आदि! लेकिन संजय कोठारी और अधीर रंजन चौधरी,कमिटी से अपने को अलग कर लिये हैं खैर,इस कमिटी को कानूनी और जनता की राय जानने की जिम्मेवारी सौंपी गई है!--कुंवरजी ने अपना विचार रखा!

ये वाकई सराहनीय कदम होगा! देश और राजनीतिक दलों का हजारों करोड़ रुपये, अलग अलग चुनाव होने के चलते बर्बाद होते हीं हैं इसके अलावे आचार संहिता के चलते विकास के कार्य भी बाधित होते हैं! जबकि प्रशासनिक व्यवस्था का बवाल अलग से झेलना पड़ता है! लेकिन इसके लिये 50 प्रतिशत विधानसभावों की मंजूरी के साथ साथ लोकसभा रुल्स ऑफ प्रोसिड्यूर में संशोधन करना होगा!--डा. पिंटू ने हाथ चमकाया!

जी, इस संदर्भ में लॉ कमीशन ने रिपोर्ट दी है कि दो फेजों में देश में चुनाव कराया जा सकता है! जैसे संसद और कुछ राज्य, पुनः शेष राज्यों में! वहीं विधि आयोग ने सलाह दी है कि एक साथ चुनाव कराने के लिए, कम से कम पांच संवैधानिक सिफारिशों की आवश्यकता पड़ेगी! संभवतः संवैधानिक अनुच्छेद--83, 85,172,174,और 356 में सिफारिशें!--मैं भी साथ देते हुए!

ए भाई, भले हीं ये व्यवस्था देश के लिए लाभप्रद और आवश्यक है लेकिन क्षेत्रिय राजनीतिक पार्टियां इसका विरोध शुरू कर दीं हैं! इन्हें अपने लिये खतरा महसूस हो रहा है! इनका मानना है कि ऐसी स्थिति में वोटर,वोटिंग करते वक्त राष्ट्रीय राजनीति को ध्यान में रखेगा और उनके उजुद पर खतरा पैदा हो जायेगा! उनका राजनीतिक कैरियर हीं खत्म हो जायेगा!--मास्टर साहब मुस्कुराये!

भरसक, नितीश बाबू कहतारे जे- विपक्षी एकता से डेरा के मोदी इ कानून के बात करतारे! तेजस्वी कहले हा जे- अब भाजपा, एक देश, एक नेता आ एक पार्टी के बात करी! सीपीआई बोलतिया जे "एक देश एक चुनाव" संसदीय परम्परा प हमला बा!
गजब बात बा, एहनी के देश कम आ आपन चिंता ढ़ेर बा!
अच्छा अब उठीं जा!!-- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!

प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)

यह तन-मन निर्मल रख पाऊँ

हे मातु दया कर दे, वर दे,
तन स्वस्थ सुखी रखिए रखिये।
रोटी, कपड़ा, रहने को घर,
वैभव सुख से भूषित रखिए रखिये।

जीवन साथी का प्रेम मिला,
संतानों से आदर- सद्भाव मिला।
एहसान नहीं कोई ऋण का,
अपनी कृषि,अपना व्यापार भला।

अनुराग पूर्ण जीवन मेरा,
दुश्मन को भी स्वजन बना पाऊँ ।
भाई-बहन, सखा, पड़ोसी
सबजन का हित मैं कर पाऊँ ।

पारबृम्ह के परम ज्ञान से,
ओत-प्रोत हो, प्रवीन मैं बन जाऊँ।
सतसंगी, संतोषी बनकर,
इस समाज को गौरव दिलवा पाऊँ।

हे देवी तुम अंतरयामी हो,
माता सबको सुख शांति दीजै।
दुःखों से दूर रहे काया,
सत सेवा धर्म, क्षमा करने दीजै।

दान, दया व क्षमा की प्रवृत्ति,
इस जीवन में मैं अपनाउँ ।
आदित्य दया कर दे, वर दे,
यह तन मन निर्मल रख पाऊँ ।

कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य लखनऊ

सनातन धर्म के इस पर्व मे जगत कल्याण की भावना समाहित

दैनिक समाज जागरण

भादों के महीने में पुत्रवती महिलाओं द्वारा संतान के कुशल मंगल और उनके कल्याण की भावना से हलषष्ठी का व्रत आज के दिन पूरी श्रद्धा के साथ रखा जाता है। इस व्रत में बिना हल जोते बोई गई अनाज जिसे पसहर चावल कहते हैं, (ये बिना उगाये तालाव पोखरों में उगे पौधे होते हैं जिनसे निकाले गये चावल को पसहर चावल कहते हैं) साथ ही बिना जोती बोई गई सब्जियों तथा अनिवार्य रूप से भैंस के दूध दही घी के बने भोजन को व्रत पूजन पश्चात एक समय ग्रहण कर व्रत को महिलायें पूरा करती हैं। यह व्रत भादो मास के कृष्ण पक्ष पंचमी के दिन से ही नियमतः प्रारंभ हो जाता है। अर्थात व्रत रखने वाली महिलायें हलषष्ठी के एक दिन पूर्व से ही दिन में एक बार भोजन ग्रहण करती हैं तथा हलषष्ठी के दिन निराहार रहकर व्रत का पूजापाठ करती हैं इसके पश्चात एक समय व्रतानुसार यथोचित आहार ग्रहण करती हैं।
व्रत की तैयारी के लिये गृहणियाँ अपने घर को यथानुसार लीप झाड़कर शुद्ध करती हैं। इसके बाद नदी तालाब या जैसी सुविधा हो वहाँ स्नान करती हैं। स्वच्छ और नवीन परिधान आदि पहनकर सौभाग्य (सुहाग) की सभी श्रृंगार से सज्जित हो, दोपहर बाद अपरान्ह में एक स्वच्छ स्थान में गौ के गोबर से लीपकर चौक बनाकर वहाँ हलषष्ठी देवी की पूजा सम्पन्न करती हैं। वहीं दीवारों या अलग से एक मूर्ति, हलषष्ठी देवी की बनाकर रखा जाता है। हलषष्ठी माता के चित्र में घी और सिंदूर का लेप लगाकर उसे पूजा जाता है। हलषष्ठी देवी की मूर्ति को पीढ़े में रखकर कुश या पलाश के पत्ते के आसन में पूर्व दिशा की ओर मुँह करके देवी की पूजा सम्पन्न की जाती है। पूजा स्थान में बच्चों के खिलौने तथा तोते की मूर्ति भी रखते हैं। कलश गणेशजी की पूजा कर हलषष्ठी देवी की पूजा पर रखा जाना चाहिये।
वहीं दो छोटे छोटे गड्ढे खोदकर (बनावटी) तालाब के प्रतीक में उसमें जल (गंगाजल मिलाकर) भरकर जल देवता की भी पूजा की जाती है। पूजा के अंत में महुये के पत्ते में जल में उपजे अन्न (पसहर चावल) का भोजन ग्रहण किया जाता है। हल चले जमीन में इस दिन पुत्रवती महिलाओं को चलने की मनाही रहती है। उपरोक्त प्रकार से पुत्रवती महिलायें हलषष्ठी देवी का व्रत पूजन करती है ,उन्हें मनवांछित फल की प्राप्ति पूजा के दौरान हलषष्ठी देवी के पूजा विधि अनुसार पांच कथाएँ सुनना भी अनिवार्य माना गया है जो निम्न हैं। पहली कथा पुराने समय में चंद्रव्रत नामक राजा का एकपुत्र था। राजा ने जनता के लिये एक तालाब खुदवाया, पर वह न जाने क्यूँ बिलकुल ही सूखा रह गया। राजा को इससे बहुत दुःख हुआ । क्योंकि उसकी प्यासी प्रजा को पानी नहीं मिल रहा था। निद्रावस्था में एक दिन राजा को स्वप्न में देव ने कहा- राजन तुम अपने एकलौते पुत्र की बलि दोगे तभी इस तालाब में पानी भरेगा। प्रातः राजा ने स्वप्न के बारे में सभासदों से चर्चा की। सभी ने इस पर सहमति जताई पर मन से राजा अपने पुत्र की बलि देने के लिये तैयार नहीं हुआ। राजा के पुत्र को जब इस बात का पता चला तो वह स्वयं जाकर जल समाधि ले लिया। क्षणभर में तालाब लबालब भर गया। फूल खिल गये पंछी चहचहाने लगे। राजा को हलषष्ठी देवी की पूजा का ज्ञान होने पर उन्होंने रानी से यह व्रत पूरे विधिविधान से संपन्न कराया। पूजा के प्रभाव से राजा का पुत्र तालाब से सकुशल बाहर निकलकर आ गया। दूसरी कथा- एक गाँव में रेवती और मानवती नाम की दो सौतें रहती थीं। मानवती के दो पुत्र थे मगर रेवती के कोई औलाद न होने के कारण वह बच्चों के प्रति ईर्ष्या रखती थी। इसी उधेड़बुन में उसने एक दिन मानवती से कहा तुम्हारे पिता बहुत बीमार हैं। यह सुनकर वह पिता को देखने चली गई। उसके जाते ही रेवती ने मानवती के दोनों पुत्रों को मार कर फेंक दिया। उधर पिता के घर मानवनी ने हलषष्ठी देवी का व्रत रखकर देवी माँ से प्रार्थना की कि मेरे बच्चों की रक्षा करना माता। हलषष्ठी देवी की कृपा से मानवती के दोनों पुत्र उसी गाँव के बाहर खेलते मिले। तीसरी कथा एक स्थान मेंधनवान ग्वाला रहता था, उसकी पत्नी बडी चतुर चालाक और कंजूस थी। उसके पांच पुत्र थे। अपनी कंजूसाई के चलते वह हलषष्ठी व्रत के दिन गाय के दही को भैंस की दही कहकर सभी जगह बेच आई। इस पाप के कारण उसके पाँचों पुत्र मर गये। घर आकर जब उसने देखा तो सभी लड़के मर चुके थे। वह माथा पटककर रोने लगी। पड़ोसियों ने पूछा क्या हुआ? जब उसने सभी बात बताई तो उसकी सखी ने कहा कि तुम तत्काल सभी के घर से गाय की दही लेकर भैंस की दही दे आओ ग्वालिन ने ऐसा ही किया। घर आकर ग्वालिन ने देखा कि उसके पांचों पुत्र जीवित हो उठे हैं तब से ग्वालिन ने हलषष्ठी व्रत को रखना प्रारंभ कर दिया।
चौथी कथा दक्षिण दिशा में जंगल पहाड़ से घिरा हुआ एक गाँव था जहाँ एक धनवान भिलिन रहती थी। उसकी पाँच लड़कियाँ थी। भिलिन की एक दासी थी जिसके दो पुत्र थे। एक दिन भिलिन ने दासी को जंगल से लकड़ियाँ लाने को भेजा। उसके पीछे दासी के लड़कों का पड़ोस के लड़कों से झगड़ा हो गया जिसमें दासी के दोनों पुत्र मारे गये। भिलिन को यह जानकर बहुत दुःख हुआ उसने दासी के बच्चों का अंतिम संस्कार करवा दिया। इस बीच दासी जंगल से लकड़ियाँ लेकर लौट रही थी तो उसे रास्ते में पाँच स्त्रियाँ हलषष्ठी देवी की पूजा करती मिली। दासी ने वहाँ बैठकर पूजा के विधि विधान को देखा और मन ही मन हलषष्ठी देवी की पूजा कर प्रार्थना किया। जिसके प्रभाव से उसके दोनों पुत्र जीवित हो खेलने लग गये। यह देखकर भिलिन को भी आश्चर्य मिश्रित अत्यंत प्रसन्नता हुई। पाँचवीं कथा-एक बनिया था। उसके छह पुत्र थे। पर सभी के अकस्मात मर जाने के कारण उसकी पत्नी दुःखी होकर वन में चली जाती है। वहाँ उसे एक ऋषि मिलते हैं जिनसे उसने रोते हुये सारी गति बताई। तब मुनि ने ध्यान लगाकर देखा और बनिया की पत्नी को बताया कि तुम्हारे पुत्र ब्रम्हलोक में हैं। फिर उन्होंने ध्यान लगाकर उसके पुत्रों से कहा कि बालको वहाँ तुम्हारी माता बहुत दुःखी हैं चलो! तब बालकों ने कहा कि वे उनसे दुःखी होकर आये हैं। अब हमें पाने के लिये उन्हें हलषष्ठी व्रत करना होगा, और पूजा के अंत में मेरी पीठ को पोता से मारें। इस पुण्यकार्य से मैं दीघार्यु हो जाऊंगा। उन्होंने उस स्त्री को सारी बातों से अवगत कराया जिसके अनुसार उस स्त्री ने हलषष्ठी देवी की पूजा की। जिसके प्रभाव से उसे पुनः एक लड़का होने पर पूजा के अंत में बच्चे के पीठ को पोता से मारा और वह दीर्घ जीवन को प्राप्त किया। इसी प्रकार हलषष्ठी देवी की पूजा कर द्रौपती ने उत्तरा (बहू) के साथ पूजा करके उसके गर्भ में मरे बालक को जीवित कराया। जिसका नाम परीक्षित पड़ा। वासुदेव पत्नी देवकी ने भी हलषष्ठी देवी की पूजा कर कृष्ण जैसे बालक की माता बनने का सौभाग्य प्राप्त किया।

- सुरेश सिंह बैस शाश्वत

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

अपराधियों की तांडव से दाउदनगर में टीओपी का किया गया उद्घाटन।

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)जिला पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम मेश्राम के आलोक में दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय स्थित भखरुआं मोड़ के समीप लाल मार्केट में शुक्रवार को टीओपी का उद्घाटन फीता काट कर किया। उद्घाटन के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि टीओपी खोलने का मुख्य कारण अपराध कमीर्यों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए, असमाजिक तत्वों पर निगरानी करना , अपराध पर नियंत्रण करना एवं घटना के उद्भेदन में स्थानीय पुलिस को सहयोग करना प्रमुख रूप से शामिल हैं। जिससे क्षेत्र में अमन चैन और शांति कायम रहे। टीओपी खोलने से भखरुआं मोड़, सब्जी मंडी,मौलाबाग, ब्लॉक रोड,बिगन बिगहा, अमृत बिगहा,पटवा टोली, पुरानी बाजार , किला मुहल्ला, गुलाम सेट चौक, बालूगंज तथा ठ-ाकुर बिगहा तक किसी भी प्रकार कि घटनाओं से निजात मिल सकता है। टीओपी में प्रतिनियुक्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मी उक्त क्षेत्र के आम जनों से समन्वय स्थापित कर

पुलिस से संबंधित समस्याओं को सुनकर निदान कराए जाएंगे।साथ ही टीओपी में प्रभारी एएसआई नवल किशोर मंडल के साथ पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस मौके पर मौजूद एसडीओ मनोज कुमार, जिला डीएसपी वन नव वैभव,अपर एसडीओ प्रियव्रत रंजन, पुलिस इंस्पेक्टर पवन कुमार, थानाध्यक्ष अंजनी कुमार,सीओ नरेंद्र कुमार, पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार, दीपा ज्योति,ललन प्रसाद यादव, नंदकिशोर यादव सहित अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना अजीज,श्याम बिहारी सिंह, महेंद्र पासवान, जयप्रकाश सिंह,अरुण कुमार यादव, उपेन्द्र तिवारी, बिक्रम कुमार, भास्कर तिवारी,सोनू तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

मध्य विद्यालय कुटुंबा में सुरक्षित शनिवार में बच्चों को दी डायरिया की जानकारी

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 2 सितंबर 2023 :- मध्य विद्यालय कुटुंबा में सुरक्षित शनिवार के दिन बच्चों को डायरिया से संबंधित जानकारी दी गई। चेतना सत्र में प्रधानाध्यापक चंद्रशेखर प्रसाद साहू ने बताया कि डायरिया प्रायः बरसात के मौसम में होता है। दूषित पेयजल और भोजन के सेवन से पेट में संक्रमण हो जाता है। इस बीमारी में बार-बार पतला दस्त होता है। जिससे शरीर में निर्जलीकरण की समस्या हो जाती है। स्थिति गम्भीर होने पर रोगी की जान भी जा सकती है। शरीर में पानी की कमी से बचने के लिए रोगी को ओआरएस घोल पिलाते रहना चाि-हए। उन्होंने कहा कि बरसात के दिनों में प्रायः जल दूषित हो जाता है। इसलिए चापाकल से पहले के पानी को निकाल देना चाहिए और बाद के पानी को पीना चाहिए। हमें हमेशा स्वच्छ पानी पीना चाहिए और गर्म एवं ताजा भोजन ही करना चाहिए । इन सावधानियों को अपनाकर डायरिया से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि डायरिया हो जाने पर रोगी का तत्काल इलाज जरूरी होता है। इसलिए अविलंब रोगी का उचित इलाज कराना चाहिए। इस दौरान विद्यालय की छात्रा अनुष्का गुप्ता एवं स्नेहा कुमारी ने डायरिया से संबंधित आलेख लिखा। विदित हो कि प्रत्येक शनिवार को सुरक्षित शनिवार के रूप में मनाया जाता है। जिसके अंतर्गत बच्चों को किसी एक आपदा और उससे बचाव के तरीके बताए जाते हैं।

उपहारा थाना में लगा जनता दरबार , फरियादियों का फरियाद सुनते सीओ व थानाध्यक्ष

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)भूमि विवाद को लेकर उपहारा थाना परिसर में शनिवार को अंचलाधिकारी मुकेश कुमार व थानाध्यक्ष किरण कुमारी के संयुक्त अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें पुराने जमीन विवाद को लेकर बेला गांव निवासी स्व राम शिवन पासवान की पत्नी रेशमी कुंवर ने आवेदन दी है। वहीं बुधई खूर्द निवासी स्व कमला प्रसाद की पत्नी निर्मला देवी ने आपस जमीन बटवारे को लेकर लिखित आवेदन दी है। साथ ही अरंडा गांव निवासी स्व गोवर्धन शर्मा की पत्नी ने आपसी मतभेद को लेकर जमीन बटवारे के मामले में आवेदन दी। तथा बैजलपुर गांव निवासी वृज बिहारी शर्मा दो डिस्मिल जमीन पर जबरन कब्जा को लेकर सुरेन्द्र शर्मा के विरुद्ध आवेदन दी है। सभी फरियादियों की फरियाद सुनते हुए अगले शिविर में सुनवाई करने का आदेश दिया गया। प्रस्तुत साक्ष्य के अभाव में चारो मामलों में फरियादियों को दस्तावेज के साथ अगले शिविर में उपस्थित होने की बात कही गई। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी विनय कुमार, महबूब आलम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

तालाब में डूबने से पांच मासूमों की मौत की खबर सूनकर लोजपा रामविलास पार्टी के प्रदेश महासचिव ने सोनार चक गांव का किया दौरा

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल .

औरंगाबाद (बिहार)- औरंगाबाद जिला के सलैया थाना अंतर्गत पिरवा पंचायत के सोनार चक गांव में पांच मासूमों की तालाब में डूबने से मौत की खबरों पर लोजपा रामविलास पार्टी के प्रदेश महासचिव सह रफीगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह ने गांव की दौरा करते हुए परिजनों से भेंटवार्ता कर सांत्वना दिया . मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस दुख की घड़ी में ईश्वर परिजनों को धैर्य, शक्ति एवं साहस प्रदान करें. लोजपा रामविलास की पार्टी इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ है. उपस्थित लोगों ने पांच मासूम की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना किया. दौरा के दौरान उपस्थित होने वालों में वीरेंद्र सिंह ,जिला महासचिव नंदू विश्वकर्मा

,जिला सचिव रणधीर सिंह, संगठन मंत्री निरंजन पासवान ,प्रखंड अध्यक्ष मदनपुर दलित प्रकोष्ठ का नाम शामिल है. ज्ञातव्य हो कि विगत दिन रक्षाबंधन को गांव के पांच मासूम लड़कों ने तालाब में स्नान करने गया जहां पांचो की मौत तालाब में डूबने से हो गई. बताया जाता है कि सभी की उम्र लगभग 10 से 12 वर्ष की है. शुभम कुमार उर्फ गोलू का उम्र 11 वर्ष, नीरज कुमार का उम्र 12 वर्ष, धीरज कुमार का उम्र 10 वर्ष, प्रिंस का उम्र 12 वर्ष एवं अमित कुमार का उम्र 12 वर्ष बताया गया है .

तालाब में डूबने से 21 वर्षीय युवक की मौत

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना क्षेत्र के फाग पंचायत अंतर्गत डिंगराही गांव निवासी सुरेंद्र यादव का 21 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार का तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि उक्त युवक शनिवार के दोपहर से ही घर से बाहर निकला हुआ था जो देर शाम तक घर वापस नहीं आया। काफी खोजबीन के दौरान कुछ ग्रामीणों ने उक्त युवक का चप्पल हसनपुर व डिंगराही गांव के पूर्व दिशा में स्थित तालाब के पास देखा। तत्पश्चात शक के आधार पर तालाब में डूबने की आशंका से छानबीन की गई।

जहां पानी के अंदर से युवक का शव बरामद किया गया। घटना की सूचना गोह पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही गोह पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पुरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दी। विदित हो कि उक्त युवक भारतीय सेना में भर्ती के लिए चयनित किया गया था। घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है तो वहीं परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल है।

शिक्षक आंदोलन के तीसरे दिन भी औरंगाबाद जिला समेत पूरे राज्य के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया शिक्षण कार्य- सत्येन्द्र

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

औरंगाबाद (बिहार)- शिक्षक आन्दोलन के तीसरे दिन भी औरंगाबाद जिला समेत प्रखंड के शिक्षकों ने आज पुनः काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य किया तथा अपने-अपने विद्यालयों के सामने खड़े होकर प्रदर्शन करते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए ! यहां प्रस्तुत है आज हुए आंदोलन की संक्षिप्त रिपोर्ट तथा आगे होने वाले आंदोलन से संबंधित भावी योजना के संदर्भ में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ(गोप गुट)'मूल' के राज्य महासचिव सत्येन्द्र कुमार का बयान जिसमें उन्होंने आगाह किया है कि 05 सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस के दिन बिहार के शिक्षक पूरे

राज्य में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं अपर मुख्य सचिव के के पाठक का पुतला दहन का कार्यक्रम कर सकते हैं यदि तब तक सरकार द्वारा अपने अनुचित आदेशों को वापस नहीं लिया जाता है . उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए सत्येंद्र कुमार ने कही.

श्री राधा कृष्ण मंदिर पुरानी ठाकुरबाड़ी मे मनाया गया झूलनोत्सव

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले के नगर पंचायत नबीनगर के शनिचर बाजार स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर पुरानी ठाकुरबाड़ी मे झूलनोत्सव धूम धाम से मनाया गया।इस अवसर पर राधे कृष्ण की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।झूलनोत्सव को लेकर ठाकुरबाड़ी मे विशेष पूजा अर्चना की गई और भक्तो के बीच प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने

राधे कृष्ण को झूला मे बिठाकर झूला झुलाया। इस अवसर पर मंदिर परिसर मे स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया।कलाकारों ने भजन कीर्तन कर भक्तजनो को काफी आनंदित किया। इस अवसर पर डॉ अशोक कुमार,सुनील भारती,पुन्नू अग्रवाल, उज्ज्वल कुमार कंस्याकार सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी बनाए जाने से कार्यकताओं में हर्ष

दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)गोह विधानसभा क्षेत्र के चर्चित एवं भारतीय जनता पार्टी के समर्पित पूर्व विधायक मनोज शर्मा को पुनः भाजपा प्रदेश प्र-वक्ता के साथ नवीन दायित्व मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर गोह विधानसभा क्षेत्र के लोगों में काफी खुशी की लहर व्याप्त है। किसान मोर्चा जिला महामंत्री सुधीर मिश्रा, जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिला संयोजक सुप्रिया देवी, जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय, प्रमोद सिंह , गोह मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, उपहारा मंडल अध्यक्ष राजीव विद्यार्थी, बबन उपाध्याय,मंडल महामंत्री बिकू त्रिपाठी सहित दर्जनों लोगों ने बधाई देते हुए कहा कि संगठन में गोह को तरजीह दिया जाना बेहतर है। इससे कार्यकताओं का उत्साह बढ़ेगा।

रामपुर गांव से एक शराबी गिरफ्तार भेजा गया जेल

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 2 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना पुलिस के द्वारा आए दिन शराबियो पर नकेल कसता जा रहा है बावजूद शराबी शराब पीने से बाज नहीं आ रहे है। इसी क्रम मे जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव से पी एस आई अनीत कुमार एवम सशस्त्र बल द्वारा गश्ती के दौरान एक शराबी को नशे की हालत मे गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किया गया व्यक्ति उमेश सिंह नबीनगर थाना क्षेत्र के नोनिया बीघा इटवा गांव का निवासी है।मे-डिकल जांच मे शराब पीने की पुष्टि की गई। थानाध्यक्ष मनोज कुमार

पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार किया गया शराबी को मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया है।

शहीद नायक रामाअनुज यादव की स्मृति द्वार निर्माण कार्य का लोजपा नेता सुनील यादव ने किया शिलन्यास सह भूमि पूजन

समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल

पालीगंज/ अनुमंडल मुख्यालय सह प्रखण्ड क्षेत्र के परियों गांव में शनिवार को शहीद नायक रामानुज यादव स्मृति द्वार निर्माण कार्य का लोजपा नेता सुनील यादव ने विधिवत रूप से शिलान्यास किया है।

जानकारी के अनुसार पालीगंज अनुमण्डल सह प्रखण्ड क्षेत्र के परियों गांव निवासी शहीद सेना नायक रामानुज यादव की स्मृति में पाली- किंजर रल्ह-69 मार्ग से परियों गांव जाने वाले रास्ते पर सिंकदरपुर गाव के पास स्मृति द्वार का शिलान्यास सह भूमि पूजन लोजपा नेता सुनील यादव ने किया। साथ ही इस अवसर पर उनके परिजनों को स्मृति द्वार बनवाने के लिए सुनील यादव द्वारा पूर्व में घोषित की गई एक लाख एक हजार रूपए का आर्थिक सहायता राशि भी सुनील यादव ने प्रदान किया। सुनील यादव हाल ही में लोक जनशक्ति पार्टी (रा.) की सदस्यता पटना स्थित रविंद्र भवन में आयोजित एक मिलन समारोह के दौरान चिराग पासवान की मौजूदगी में लिए है।

ज्ञात हो कि पालीगंज थाना क्षेत्र के परियों गांव निवासी सेना नायक रामअनुज यादव 24 मराठा इन्फैंट्री में कार्यरत शियाचिन ग्लेशियर के एक पोस्ट पर तैनात थे। जहां बीते वर्ष 27 मई को अपने कई साथी जवानों के साथ डयूटी के दौरान स-रकारी वाहन से दूसरे पोस्ट पर जा रहे थे। इसी दौरान एक सड़क हादसे में अपने कई साथी जवानों के साथ देश के लिए शहीद हो गए थे। जिनकी पहली शहादत सह पुण्यतिथि दिवस के अवसर पर एक आदमकद प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम आयोजित की गई थी। जिसमें जिन्होंने अपने किए हुए वादे और घोषणा को पूरी करते हुए शहीद रामअनुज के परिजनों को इस शिलन्यास कार्यक्र के अवसर पर एक लाख एक हजार रूपए की नगद सहायता राशि प्रदान किया। यह देश के लिए अपनी शहादत देने वाले वीर सपूत पालीगंज के परियो गाव का लाल नायक रामानुज यादव के प्रति एक बड़ा ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मौके पर जय प्रकाश यादव, रामजी यादव, संजय कुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

देसी शराब बरामद धंधेबाज गिरफ्तार भेजा गया जेल

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के नरारी कला गांव के शिव मंदिर के समीप से पुलिस गश्ती दल ने गुप्त सूचना के आधार पर 15 लीटर देसी शराब बरामद किया है।मौके से धंधेबाज अनील चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस गश्ती दल मे इस आई हुलास बैठा, ए एस आई कृष्णा राय एवम सशस्त्र बल शामिल थे। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि शराब को जब्त कर थाना लाया गया और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर उक्त व्यक्ति को जेल भेज दिया गया।

पालीगंज में राष्ट्रीय लोक जनता दल के कार्यकताओं ने किया बैठक

समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल

पालीगंज/ पटना में 5 सितम्बर को अमर शहीद जगदेव प्रसाद की पुण्यतिथि मनाने को लेकर पालीगंज स्थित निजी शिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय लोक जनता दल के कार्यकताओं ने शनिवार को बैठक किया।

जानकारी के अनुसार 5 सितम्बर को पटना के विद्यापति भवन में राष्ट्रीय लोक जनता दल की ओर से जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं अमर शहीद जगदेव प्रसाद के सहादत दिवस मनाई जाएगी। जिसको लेकर शनिवार को पालीगंज स्थित निजी कोचिंग सेंटर में एक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुशवाहा व संचालन छात्र जिलाध्यक्ष सन्नी मौर्या ने किया। मौके पर छात्र रालोजद के प्रदेश प्रधान महासचिव प्रतीक कुशवाहा ने कहा कि पालीगंज विधानसभा से सैकड़ो चार पहिया वाहन खुलेगी जिसमे हर पंचायत से कम से कम 10 कार्यकर्ताओ को विद्यापति भवन

लेकर चलना है। वहीं छात्र नेता ने बताया कि रळएळ परीक्षा फार्म भरने के लिए छात्रों को फिर से मौका दे सरकार लाखों आवेदक का तकनीकी खराबी होने के कारण फॉर्म नहीं भरा सका बिहार में इंटरनेट सेवा लगातार बाधित रही जिसके वजह से फॉर्म नहीं भरा पाया। फार्म भरने की अंतिम तिथि 23 अगस्त तक थी। वही उन्होंने सरकार से नया तिथि घोषित करने की मांग किया है।

मौके पर रालोजद के प्रदेश महासचिव रजनीश गांधी, जिला उपाध्यक्ष कुंदन कुमार, जिला महासचिव कृष्णा कुशवाहा व अंकुश कुशवाहा सहित दर्जनों नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

प्राथमिक कक्षा के बच्चे पढने जाते हैं तीन किमी दूर

दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 02 सितम्बर

मधुबनी जिले के जयनगर प्रखंड के दुल्लीपट्टी पंचायत वार्ड संख्या 10 बरकुरबा गाँव के बच्चे अपने गाँव से तीन किमी दूर भीसा टोल स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढने जाते हैं। बरकुरबा से भीसा टोल तक तीन किमी की दूरी बच्चों को खेतों से होकर तय करनी पड़ती है। तपती धूप और वारिश में बच्चों को अपनी पढाई करने स्कूल जाने में भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भी यह माकुल नहीं है। बच्चों को बासोपट्टी प्रखंड के राधाकान्त गाँव से होकर अपने विद्यालय तक जाना होता है। विद्यालय के प्रधान शिक्षक अभय कुमार को भीसा टोल प्राथमिक विद्यालय में योगदान देने के आदेश के बाद बच्चों को यह कठिनाई उठानी पड़ रही है। शिक्षक तो भीसा टोल प्राथमिक विद्यालय में उपस्थित रहते हैं लेकिन छात्र छात्राओं की संख्या नदारत रहती है। अभिभावक भी अपने छोटे छोटे बच्चों को दूर भेजने में हिचकिचाते है ।

बच्चों एवं अभिभावकों की समस्या

को देखते हुए दुल्लीपट्टी पंचायत की मुखिया रुपम कुमारी ने इस बाबत पत्र लिखकर प्रखंड शिक्षा पदाधिका-री जयनगर समेत संबंधित आला अधिकारियों को अवगत कराते हुए तत्काल निदान का अनुरोध किया है। प्रदेश के शिक्षा विभाग के अपर सचिव के के पाठक के आदेश के बाद विभागीय निदेर्शानुसार शिक्षक सहित छात्र छात्राओं को भीसा टोल प्राथमिक विद्यालय में जाने को विवश होना पड़ रहा है। इस बाबत जयनगर बीईओ पूनम राजीव का कहना है कि विद्यालय का भवन नहीं रहने के कारण बच्चों को भीसा टोल प्राथमिक विद्यालय में स्थानांतरित किया गया है। बिडंबना यह कि स-रकारें विकास का ढिढोरा पीट रही हैं लेकिन विद्यालय सृजन के 15 साल बाद भी दुल्लीपट्टी पंचायत के बरकुरबा प्राथमिक विद्यालय को अपना भवन नहीं है

धनौती गांव से देसी शराब बरामद एक धंधेबाज गिरफ्तार भेजा गया जेल

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 2 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के धनौती गांव से अवैध देसी शराब बरामद किया गया है। पी एस आई

अनित कुमार एवम सशस्त्र बल ने छापा मारकर थाना क्षेत्र के धनौती गांव निवासी छेदी पाण्डेय के घर के पीछे से 180 एम एल का झारखंड निर्मित 103 पीस टनाका शराब बरामद किया। मामले मे एक धंधेबाज सुमेश सिंह उर्फ सुमेर सिंह,पिता स्व रामदास सिंह,ग्राम धनौती को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि बरामद शराब को जब्त कर थाना लाया गया और धंधेबाज पर मद्यनिशेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया

त्योहार की छुट्टियों में कटौती सरकार की सनातन विरोधी कदम:बौआ झा

दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 02 सितम्बर

भाजयुमो के युवा नेता धर्मेन्द्र भारद्वाज उर्फ बौआ झा ने बिहार सरकार द्वारा हिन्दू त्योहारों के दौरान छुट्टियों में कटौती करने के आदेश को सनातन विरोधी कदम बताया है। उन्होंने कहा है कि सरकार प्रदेश में धीरे धीरे शरिया कानून लाने के फिराक में है। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों के मनोबल और शिक्षकों के कार्यशैली पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। यह शिक्षकों एवं छात्रों के अधिकारों का हनन है।। बिहार सरकार ने स्कूलों की छुट्टियां

में कटौती कर दी है। रक्षा बंधन, हरितालिका तीज, जिउतिया, विश्वकर्मा पूजा, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, गुरु नानक जयंती,छठ जैसे त्योहारों पर छुट्टी नहीं मिलेगी। यह आदेश शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक ने जो जारी किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम बहुत आपत्तिजनक है। इससे हिंदू समाज की आस्था को ठेस पहुंची। इस आदेश को तुरंत वापस लेना चाहिए।

श्री श्री 1008 मां तारा वार्षिक पूजनोत्सव का भव्य आयोजन 10 सितंबर से 15 सितंबर तक !

समाज जागरण जिला संवाददाता लक्ष्मण पासवान

बांका/अमरपुर (बिहार)प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बैजूडीह पंचायत के कुल्हरिया गांव के समीप मां तारा कुटी सिंधू धाम में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 मां तारा वार्षिक पूजनोत्सव का भव्य आयोजन दिनांक 10 सितंबर 2023 से दिनांक 15 सितंबर 2023 तक किया जा रहा है ! श्री श्री 1008 मां तारा कुटी सिंधू धाम कुल्हरिया के साधक सुधांशु शेखर झा उर्फ तारा बाबा ने बताया कि ने बताया कि पूजा प्रारंभ 10 सितंबर 2023 से होगा महा पूजा 14 सितंबर 2023 को एवं महाप्रसाद का वितरण 15 सितंबर 2023 को किया जाएगा आपको बता दूं कि श्री श्री 1008 मां तारा मंदिर का निर्माण कि शुरूआत सन 2011 ईस्वी में किया गया है ! और इस तारा मंदिर के साधक सुधांशु शेखर झा उर्फ तारा बाबा विगत 8 वर्षों से पूर्ण फलाहार पर हैं ! 2011 ई से अब तक प्रत्येक वर्ष मां तारा वार्षिक पूजनोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से मां तारा मंदिर विकास परिषद एवम भक्तगण कुल्हरिया के द्वारा किया जाता है ! कुल्हरिया गांव के एवं मां तारा मंदिर विकास परिषद के भक्त गण प्रीतम कुमार चौधरी एवं अमरेंद्र कुमार झा ने जानकारी दिया कि श्री श्री 1008 मां तारा वार्षिक पूजनोत्सव के अवसर पर बड़े ही धूमधाम से पूजन उत्सव मनाया जाता है , और श्रद्धा रखने वाले भक्तगण इस पूजा के अवसर पर दुर दराज से भी आते हैं आते हैं ! दोनों सामाजिक कार्यकर्ता ने बताया कि पूजा के अवसर पर इस मंदिर प्रांगण में जो कोई भक्तगण अपनी मुराद लेकर आते हैं उनकी मुराद मां तारा अवश्य पूरा करती है !

प्रदेश मुखिया महासंघ की बैठक में लिए जाएंगे कई महत्वपूर्ण निर्णय

समाज जागरण/ अमन कुमार

पीरपैंती (बिहार) मुखिया महासंघ के उपाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह उर्फ झुम्पा सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि मुखिया संघ के प्रथम चरण में 16 से 31 अगस्त तक का आंदोलन काफी प्रभावशाली रहा। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। मात्र 15 दिन पंचायत के जरूरी कार्यों को किया जाएगा। दूसरे चरण के आंदोलन की तैयारी एवं प्रथम चरण की समीक्षा हेतु छह सितंबर को पटना के दारोगा राय पथ स्थित ट्रस्ट भवन में मुखिया संघ के सभी जिला अध्यक्षों,प्रखंड अध्यक्षों एवं सभी मुखिया द्वारा मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम का घेराव एवं उनके खिलाफ प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा की ग्राम पंचायतों को 73वे संविधान संशोधन के तहत

प्राप्त अधिकारों को सरकार देना नहीं चाहती हैं, जिस कारण महात्मा गाँधी के ग्राम स्वराज के सपनों को निर्वाचित प्रतिनिधि साकार नहीं कर पा रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार मुखिया महासंघ द्वारा छह सितंबर की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। वही झुम्पा सिंह ने बताया कि 15 सितंबर तक हमारी 19 सूत्री मांगो को राज्य एवं केन्द्र सरकार समय रहते नहीं मानेगी तो हमारा दूसरा चरण का आंदोलन काफी व्यापक होगा जिसके लिए सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह और बिहार के मंत्री श्रवण कुमार गलत बयानी कर रहे हैं। हमारा आंदोलन राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ है।

बांका कटोरिया रोड स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा का बांका में डीएम ने फीता काटकर किया उद्घाटन

समाज जागरण सुमित कुमार

बांका(बिहार) कटोरिया रोड स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा का बांका

डीएम अंशुल कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की इस मौके पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र जोनल हेड और ब्रांच हेड मौजूद रहे उद्घाटन के मौके पर नगर परिषद सभापति अनिल कुमार सिंह भी उपस्थित रहे शाखा प्रबंधक ने कहा कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र बांका में पहली शाखा खुली है बैंक का उद्देश्य सरकारी योजनाएं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचना है !

सहायक शिक्षक के विदाई सम्मान समारोह का किया गया आयोजन।

समाज जागरण / श्रवण कुमार

जगदीशपुर (बिहार) प्रखंड के पुरैनी उत्तरी पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय दीननगर में पदस्थापित सहायक शिक्षक राजीव रंजन के सेवनिवृति उपरांत विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन प्रधानाध्यापक डॉ राजकिशोर ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया । वहीं कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आशुतोष चंद्र मिश्र के द्वारा किया गया । आयोजित समारोह को कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए सेवानिवृत शिक्षक के विद्यालय में शिक्षा के प्रति ईमानदारी पूर्वक किये कार्य, मधुर स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का चर्चा किये । वही कहा कि सेवा में आने वाले का सेवानिवृत होना एक परंपरा है। जिस्का हर किसी को पालन करना ही है। इनका शिक्षको और छात्रों से हमेशा मधुर संबंध बना रहा । आज इनका विद्यालय से जाना हम सबों के लिए काफी दुखदायी है। सबने उनकी दीघार्यु और स्वस्थ्य जीवन की कामना किया। वहीं कईयों ने कहा कि इस मौके पर इतनी भीड़ उनके स्वभाव और कर्तव्य निष्ठा का एक उपहार है। तत्पश्चात प्रधानाध्यापक डॉ राजकिशोर ठाकुर, विद्यालय शिक्षक और गणमान्य लोगों द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक को माला पहना और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया, वहीं प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षिका, छात्र छात्रा और गणमान्य लोगों द्वारा उन्हें उपहार भेंट स्वरूप दिया गया । इस मौके पर मध्य विद्यालय जगदीशपुर के प्रधानाध्यापक आशुतोष चंद्र मिश्र, महेश कुमार, मोहम्मद आदिल, सोमेश्वर प्रसाद, जागृति कुमारी, विनय पोद्दार ,अमित कुमार कई स्कूलों के प्रधानाध्यापक सहित कई शिक्षक, छात्र छात्रा एवं अन्य कई गणमान्य उपस्थित थे।

कोशी नदी का कहर खतरे में हरियों,आहुति ,व बड़ीखाल गांव लोग परेशान

दैनिक समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर

बिहपुर-(बिहार) बिहपुर प्रखंड के कोसी कटावग्रस्त हरियो पंचायत में हरसाल की तरह इसबार भी कोसी नदी के प्रलय से जनजीवन परेशान है।कोसी के जलस्तर वृद्धि होने पर पंचायत के बड़ीखाल व आहुति गांव व लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर गया है।लोगों का जनजीवन हलकान हो रहा है।पंचायत की मुखिया सुशीला देवी ने इस बारे में बताया कि बीते करीब 25 दिन पूर्व पंचायत में ग्रामसभा करके सीओ समेत जिले के सक्षम पदाधिकारी को पत्र देने के बाद भी सरकारी पहल शून्य है।बिहपुर में अंचल कार्यालय में जाकर पत्र देकर उसका रिसीविंग भी लिया गया।मगर जलमग्न गांव में सरकारी राहत तो दूर की बात वहां के लोगों के लिए नाव तक की व्यवस्था नहीं की गई है।लोग जान जोखिम में डालकर पशुचारा लाने को विवश हैं।बताया गया कि उक्त दोनों गांवों के लोगों के खेत भी डूबे व घरों में पानी आ गया है।इस कारण किसानी

व मजदूरी भी बंद रहने से खाने की भी समस्या आ गई है।जबकि कटावग्रस्त कहारपुर गांव में कच्ची सड़क बीते माह बारिश के कारण ध्वस्त हो चुका है।उसकी भी सुधि संबधित महकमे द्वारा नहीं ली जा रही है।ग्रामीण सह वार्ड सदस्य सुभाष चौधरी ने सक्षम अधिकारी से यहां खाने के लिए चूड़ा-शक्कड़ समेत सरकारी राहत मुहैया कराने की मांग किया है।पंसस प्रतिनिधि शिवशंकर दास ने बताया कि उन्होंने पीएचईडी से वहां अस्थाई शौचालय व चापाकल का डिमांड किया गया है। सीओ बलिराम प्रसाद ने बताया कि आहुति गांव में पानी घुसने की जानकारी पर राजस्व कर्मचारी को स्थिति का अवलोकन करने व रिपोर्ट करने को भेजा गया है।वहीं सीओ ने बताया कि पानी से घिरे गोविंदपुर,आहुति व कटावग्रस्त कहारपुर गांव के लिए निबंधित सरकारी नाव चलेगी।

बांका दुधारी गांव में रात में खाना खाने के बाद एक ही परिवार के 7 लोग हुए बीमार

समाज जागरण सुमित कुमार

बांका (बिहार) दुधारी गांव में रात में खाना खाने के बाद एक ही परिवार के 7 लोग हुए बीमार अस्पताल में इलाज जारी बांका के दुधारी गांव में रात

में खाना खाने के बाद 7 लोग बीमार हो गए सभी की हालत ज्यादा खराब होने पर बांका सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सभी का इलाज जारी है मिली जानकारी के अनुसार उधारी गांव के निवासी अनिल मंडल का परिवार के सदस्य रात को खाना खाए खाने के बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी सभी को पेट में दर्द और उल्टी होने लगी हालत ज्यादा खराब होने लगा इसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया अनिल मंडल की पत्नी रानी देवी मां शांति देवी पुत्री स्वाति कुमारी पूजा कुमारी गौरी कुमारी ब्यूटी कुमारी संगम कुमारी बीमार पड़ गई सभी का बांका सदर अस्पताल में इलाज किया गया !

शनिवार को थाना परिसर में लगा जनता दरबार

समाज जागरण श्रवण कुमार

जगदीशपुर (बिहार) थाना परिसर में लगने वाले साप्ताहिक जनता दरबार में अंचलाधिकारी सुजीत कुमार सुधन के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन

किया गया । जिसमें कुल नौ मामले आया । जिसमें तीन मामले का त्वरित निष्पादन किया गया। और छः मामला लंबित रहा क वही थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि जनता दरबार लगने से थाना क्षेत्र में भूमि विवाद में कमी नजर आ रही हैं। वही जगदीशपुर थाना क्षेत्र के पंचायत बलुआचक, पुरैनी, चांदपुर, बैजानी से लोग जनता दरबार में उपस्थित हुए। मौके पर थानाध्यक्ष अमित कुमार ,राजस्व कर्मचारी सूरज कुमार एवं अन्यकई लोग उपस्थित रहे ।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम के तत्वावधान में आयोजित किया गया सामुहिक रक्षाबंधन का कार्यक्रम

समाज जागरण/ अमन कुमार

पीरपैती (बिहार) बाराहाट स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी आश्रम के तत्वावधान में आयोजित रक्षाबंधन का कार्यक्रम संत जानकी दास सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुमका से पहुँची बीके जयमाला दीदी, बीके रेखा दीदी, बीके लीला दीदी, अंतरा बहन, डॉ इंदु भूषण मिश्र देवेंदु, प्राचार्य केशव कुमार मिश्र, बीके पंकज कुमार, बीके भावनाबहन, अमृता बहन, बिजली कर्मचारी विपिन कुमार, साहित्यकार अमरेंद्र तिवारी, स्काउट जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद सहित अन्य अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उसके उपरांत बीके दीदीयों के द्वारा उपस्थित सभी भाई बहनों को आकर्षक रक्षा सूत्र

बांधी गई वही बीके जयमाला दीदी ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह रक्षा सूत्र मन, वचन, कर्म से पवित्रता की प्रतिशा का सूचक है। इस दौरान मां संगीत सदन के बच्चों ने रक्षाबंधन के गीतों पर नृत्य व एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वहीं आगंतुक अतिथियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। मौके पर रामू साह, डॉ योगेश कौशल, गुरुदेव सर, चंदन राज, सिकंदर पंडित, काशी राणा, प्रदीप संथालिया सहित क्षेत्रीय साहित्यकार, शिक्षक व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

नवगछिया पुलिस की एक नई पहल आमजनों कि सुनवाई हुई और सरल

दैनिक समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर

बिहपुर- (बिहार):नई पहल के शुरू होने से आमजनों ने पुलिस महकमे की उत्कृष्ट सोच व नवगछिया एसपी सुशांत कुमार सरोज द्वारा इसे बेहतर तरीके से लागू करने की सराहना हो रही है।नवगछिया पुलिस के सराहनीय पहल से पुलिस जिले में अब जन सुनवाई और सरल व आसान हो गई है।मालूम हो कि थाना में प्रत्येक शनिवार को भूमि विवद निपटारा को लेकर लगने वाले जनता दरबार के अलावा पुलिस जिले के थानों में क्रमवार अब आमजन सुनवाई वीडीयो कांफ्रेंसिंग के जरिए होगी।इस पहल के पहले दिन बिहपुर थाना व गोपालपुर थाना में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे।बिहपुर थाना में पहुंचे

फरियादियों के बैठने की व्यवस्था थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने किया था।यहां बारी बारी से लोगों ने वीडीयो कांफ्रेंसिंग के जरिए अपनी बातों को सीधे एसपी श्री सरोज के समक्ष रखा।वहीं मिली जानकारी के अनुसार गोपालपुर थाना में पहुंचे फरियादियों ने इस नई व्यवस्था के तहत अपनी बातों को सीधे एसडीपीओ दिलीप कुमार के समक्ष रखा।इस दौरान थाना में थानाध्यक्ष नीरज कुमार मौजूद थे।इस मौके पर एसपी व एसडीपीओ ने सुनवाई के दौरान फरियादियों की बातों को सुनकर थानाध्यक्ष व सुनवाई में मौजूद दोनो संबधित पक्ष को भी समस्या निदान को लेकर जरूरी निर्देश भी दिया।

कहलगांव में आज होगी ब्राह्मण समाज संघ की बैठक

समाज जागरण अनुमंडल संवादाता कन्हैया खंडेलवाल

कहलगांव(बिहार) ब्राह्मण समाज संघ ने कहलगांव क्षेत्र के समस्त ब्राह्मण बंधुओ से निवेदन किया है कि ब्राह्मण समाज के बधूओं के बीच उत्पन्न विभिन्न समस्याओं और व्यवस्थाओं को लेकर आज तीन सितंबर को मारवाड़ी

टोला स्थित महिला प्रशिक्षण केंद्र परिसर में शाम चार बजे से बैठक रखी गई है। संगठन ने प्रत्येक ब्राह्मण बंधु से अनुरोध किया है कि वह बैठक में अवश्य पहुंचे, ब्राह्मण समाज का यह बैठक मील का पत्थर साबित होगा ऐसा विश्वास है। ईस भागिरथी प्रयास के बहती गंगा तट पर स्थित गुप्तकाशी कहलगांव की धरा पर ब्राह्मणों की बैठक कहलगांव ब्राह्मण समाज संघ ब्राह्मण हित में राष्ट्रहित में धर्म हित में आप लोगों के सहयोग से गंगा की ही तरह निरंतर प्रवाहित होगा। जय परशुराम जी, जय ब्राह्मण समाज।

बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

समाज जागरण जिला संवादाता विवेक कुमार

भागलपुर (बिहार)सेवा संस्कृति और संस्कार की 8 दशक से शहर के लोगों के लिए बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी समाज के द्वारा कई पहलुओं पर सहयोग किया जाता है इस बाबत कल यानी 3 सितंबर को भागलपुर के देवी बाबू धर्मशाला में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है इस रक्तदान शिविर में बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के सभी अधिकारी व कार्यकताओं ने शहर वासियों को रक्तदान करने की अपील की है साथ ही प्रेस वार्ता के दौरान

बताया गया कि यह कार्यक्रम 10:00 बजे सुबह से 4:00 बजे शाम तक चलेगा , रक्तदान शिविर के आयोजन को सफल बनाने के लिए बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के दर्जनों कार्यकर्ता आज प्रेस वार्ता में मौजूद थे, समिति के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम हम लोगों का विगत कई वर्षों से चला चला आ रहा है और रक्तदान से ऐसे लोगों की सहायता हो सकती है जिसे दुर्घटना के बाद तुरंत ब्लड की आवश्यकता होती है।

शिक्षा विभाग में अवकाश की कटौती पर भाजपा ने मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

समाज जागरण कार्यालय प्रभारी आनंद कुमार

भागलपुर (बिहार)शिक्षकों की छुट्टियों में कटौती कर हिंदू संस्कृति को आहत पहुंचा रही सरकार:- संतोष कुमार बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा जारी किए गए तुगलकी फरमान के विरोध में बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की राज्य व्यापी आह्वान पर पार्टी जिला अध्यक्ष संतोष कुमार की अगुवाई में भाजपा समर्थकों ने जिला मुख्यालय स्थित विजय मित्रा मंडल स्थित खलीफाबाग चौक पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया।

मौके पर भाजपा समर्थकों ने जमकर राज्य सरकार विरोधी नारे भी लगाए।जिला अध्यक्ष ने कहा की बिहार सरकार एवं शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा लगातार तुगलक्की फरमान जारी कर शिक्षा एवं शिक्षकों की भावनाओं एवं हिंदू संस्कृति को आहत करने का काम किया जा रहा

है। वरिष्ठ नेता बंटी यादव ने कहा की चाचा-भतीजे की यह सरकार जंगलराज से भी आगे निकल चुकी है। भारतीय जनता पार्टी बिहार के इस निकम्मी और भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेकने का काम करेगी।बिहार की जनता भाजपा के साथ है।प्रदेश मीडिया पेनेलिस्ट प्रीति शेखर ने कहा की सनातन धर्म में जो भी पर्व त्योहार हैं पहले से ही उन पर त्यौहार के अवसर पर सरकारी विद्यालय में छुट्टी घोषित है. लेकिन इस बार जानबूझकर सरकार इस तरह का काम किया है।पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित पांडेय ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनने के चक्कर में तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं।इस अवसर पर दिलीप निराला, उमाशंकर, योगेश पांडेय, मनीष दास, राजेश टंडन, प्राणिक वाजपेयी, विनोद सिन्हा, पंकज सिंह, निरंजन चंद्रवंशी,वरिष्ठ नेता निरंजन साह, अश्वनी जोशी मौन्टी, रितेश घोष, सोमनाथ शर्मा, चंदन पांडेय, आशीष सिन्हा, लक्ष्मी कुशवाहा, सरिता शर्मा, सुधीर भगत, संजय हरि, गौरव सिन्हा, संजीव गुप्ता, चंदन यादव, हेमंत, मनीष,चंदन, मनीष शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दबंग मुखिया ने बाप बेटे को लोकपाल कार्यालय में अधिकारी के सामने किया लहुलुहान

समाज जागरण कार्यालय संवाददाता दिलीप कुमार साह

भागलपुर (बिहार)एक तरफ सुशासन बाबू राजनीति की कुर्सी पर बैठने के लिए उतारू होने बैठक में मुंबई पहुंचे हैं वहीं दूसरी ओर बिहार का हाल खस्ता है, सुशासन का दावा करने वाली नीतीश सरकार के राज में जंगल राज साफ तौर पर दिख रहा है, किसी भी गांव में मुखिया की ऐसी दबंगई आपने आज तक कभी नहीं देखी होगी, गांव तो छोड़िए साहब,लोकपाल के कार्यालय में आकर खुलेआम लोकपाल व दर्जनों जेई के सामने शिकायतकर्ता बाप बेटे को जमकर दबंग मुखिया ने पीटा, इतना ही नहीं दोनों बाप बेटे को लहू लुहान कर दिया मामला भागलपुर समाहरणालय स्थित लोकपाल कार्यालय का है जहां मनरेगा में 62 लाख 98 हजार लगभग 63 लाख का घोटाला का मामला था जो मुखिया के ऊपर चल रहा था मदरौनी पंचायत के मुखिया अजित कुमार सिंह उर्फ मुन्ना के खिलाफ इस गांव के एक ही परिवार के बाप बेटे ने शिकायत दर्ज की थी जिसकी आज सुनवाई थी इस दौरान मुखिया और शिकायतकर्ता में बहस शुरू हुई और लोकपाल के सामने दबंग मुखिया ने दोनों बाप बेटे को बुरी तरह मार कर घायल कर दिया दोनों बाप बेटे लहूलुहान हो गए, इसको लेकर लोकपाल कार्यालय से पुलिस को सूचित किया गया और दोनों बाप बेटे और विपक्षी पार्टी मुखिया को पुलिस थाने ले गई, वही बाप बेटे को इंजरी कटा कर इलाज के लिए भेज दिया गया दूसरी ओर मुखिया ने भी थाने में लिखित शिकायत बाप बेटे के खिलाफ की है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले को लेकर लोकपाल आलोक मिश्रा का कहना है कि आज मधुबनी पंचायत के मुखिया अजित कुमार सिंह उर्फ मुन्ना पर अमरेंद्र कुमार और उसके बेटे बृजेश कुमार ने शिकायत की थी जिसको लेकर आज सुनवाई थी मैं बुक देख ही रहा था तभी दोनों में झड़प हो गई और मुखिया ने जमकर दोनों बाप बेटे को घायल कर दिया हम लोग काफी डरे और सहमें है, हम लोग बिल्कुल असुरक्षित हैं मैंने इससे पहले जिलाधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारी को सुरक्षा को लेकर आवेदन भी दिया है लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है अगर यहां सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया गया तो कभी भी यहां बड़ी घटना घट सकती है। केस करने वाले अमरेंद्र कुमार और उसके पुत्र बृजेश कुमार ने कहा मदरौनी पंचायत के मुखिया अजित कुमार सिंह उर्फ मुन्ना काफी दबंग है और वह किसी की बात नहीं सुनते वह सिर्फ और सिर्फ मनरेगा के तहत कार्य होने वाले योजना में घोटाले बाजी करते हैं उनके खिलाफ जो भी आवाज उठाते हैं या शिकायत दर्ज करते हैं मुखिया उसे काफी प्रताड़ित करता है लेकिन यह कब तक सहन किया जाएगा इस पर संज्ञान लेने के लिए मैंने विभाग को आवेदन दिया था और मैं स्थल जांच की भी बात कही थी लेकिन आज कार्यालय में दबंग मुखिया ने हम दोनों पिता पुत्र को काफी बुरी तरह से मारा है यह कहीं से सही नहीं है मैं मुख्य के खिलाफ केस करूंगा और जिलाधिकारी को भी इसकी सूचना दूंगा।अब देखने वाली बात यह दबंग मुखिया ने बाप बेटे को लोकपाल कार्यालय में अधिकारी के सामने किया लहुलुहान भागलपुर,एक तरफ सुशासन बाबू राजनीति की कुर्सी पर बैठने के लिए उतारू होने बैठक में मुंबई पहुंचे हैं वहीं दूसरी ओर बिहार का हाल खस्ता है, सुशासन का दावा करने वाली नीतीश सरकार के राज में जंगल राज साफ तौर पर दिख रहा है, किसी भी गांव में मुखिया की ऐसी दबंगई आपने आज तक कभी नहीं देखी होगी, गांव तो छोड़िए साहब,लोकपाल के कार्यालय में आकर खुलेआम लोकपाल व दर्जनों जेई के सामने शिकायतकर्ता बाप बेटे को जमकर दबंग मुखिया ने पीटा, इतना ही नहीं दोनों बाप बेटे को लहू लुहान कर दिया। मामला भागलपुर समाहरणालय स्थित लोकपाल कार्यालय का है जहां मनरेगा में 62 लाख 98 हजार लगभग 63 लाख का घोटाला का मामला था जो मुखिया के ऊपर चल रहा था मदरौनी पंचायत के मुखिया अजित कुमार सिंह उर्फ मुन्ना के खिलाफ इस गांव के एक ही परिवार के बाप बेटे ने शिकायत दर्ज की थी जिसकी आज सुनवाई थी

बिजली विभाग के अधिकारियों ने सूचना मिलते ही गिर रहे बिजली के पोल को कराया दुरुस्त कहोने वाले खतरे से बचा लोग

समाज जागरण/ अमन कुमार

पीरपैंती (बिहार) प्रखंड के प्यालापुर चौक स्टेट बैंक के सामने वाला बिजली का पोल जो एनएच 133 सड़क की ओर झुकते हुए एक तार के सहारे अटका हुआ था. वही स्थानीय लोगों द्वारा बताया कि यह बिजली का पोल किसी भी समय गिर सकती है । इस स्थान पर काफी लोगों का आवागमन होती है । इस बात को लेकर बिजली विभाग के अभियंता नीरज कुमार को जानकारी दी गयी । वही इस बात को संज्ञान लेते हुए एसडीओ अरविंद कुमार एवं अभियंता नीरज कुमार ने कर्मचारियों को भेज कर बिजली के पोल को खड़ा करवा कर दुरुस्त करवा दिया क इस कार्य के लिए बिजली विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी धन्यवाद के पात्र हैं

जनता की आवाज को संबंधित अधिकारी पदाधिकारी गणों के बीच बेबाक तरीके से रखते हैं। श्री पप्पू यादव

समाज जागरण

भागलपुर (बिहार)जन अधिकार पार्टी के सुप्रीमो सह पूर्व सांसद श्री पप्पू यादव तो इस बार भागलपुर नाथनगर पूर्व विधायक प्रत्याशी श्री पप्पू यादव है। आज संघर्ष के मायने में दोनों एक पर एक है। क्योंकि हम इसलिए कह रहे हैं वैसे कुछ पीड़ित के बीच सहारा बन न्याय दिलाने का कार्य किए हैं।ठीक उसी तरह सूखाड़ हो या कोई जन समस्या सभी मुद्दा को संबंधित अधिकारी पदाधिकारियों के बेबाक तरीके से जनता की बात को रखकर समस्या का समाधान कर विकास के मुख्य धारा में जोड़ने का काम कर रहे हैं। किसी भी त्योहार हो या बेटी की शादी, मदद के लिए हर हमेशा तैयार पूर्व विधायक प्रत्याशी सह भागलपुर नाथनगर पूजा शांति समिति के अध्यक्ष श्री पप्पू है।वैसे ही अन अधिकार पाटी के सुप्रीमो पूर्व सांसद पप्पू यादव उन पीडित तक मदद पहुँचाये है,जिन्हे अभी तक सरकारी सुभिधा मुहैया नही हो पाया है ।ऐसे परिवार के दिल से इनके लिए फरिश्ता व मसीह के रूप मे देखा जाता है ।

सुरक्षित शनिवार में बच्चों ने सीखा डायरिया से बचाव का उपाय

समाज जागरण/अमन कुमार

पीरपैंती (बिहार) प्रखंड के बलदेव तिवारी आदर्श मध्य विद्यालय कामतटोला में फोकल शिक्षक शिवनाथ रविदास उर्फ.चहकनाथ भागलपुरी ने सितम्बर महीने के प्रथम सुरक्षित शनिवार बैगलेसडे में बच्चों को खेल-खेल में जीवंत गतिविधियों के माध्यम से रूचिपूर्ण तरीके से मॉकड्रील कराके डायरिया के लक्षण, बचाव और सावधानी की जानकारी दी। साथ ही घर में जीवन रक्षक घोल तैयार करने की सरल विधि भी बतलायी गयी। ताजा भोजन खाने की हिदायत दी गई। बासी, ठंडी और मक्खी बैठी हुई खाद्य सामग्री से बचना चाहिए। डायरिया होने पर शरीर में पानी कम हो जाता है, इसीलिए हमेशा जीवन रक्षक घोल या ओआरएस रोगी को पिलाते रहना चाहिए। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें ओमराम, हेगुरु, बोलोबम, आर्यण, अंकित, बिट्टू, शुभम, लक्ष्मी, दिलखुश, अंशु, सुरुचि, अभिषेक, देवराज, आयुषी आदि ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वही इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अम्बिका मंडल शिक्षक उपेन्द्र मंडल,अशोक राम, विनोद रजक एवं शिक्षिका प्रीति कुमारी, डौली कुमारी, बबिता देवी, रीता रानी, सुशीला देवी, आशा देवी, नेवा देवी, सुनीता देवी आदि उपस्थित रही ।

आर्दशनगर गाँव में अज्ञात लोगों के द्वारा एक अज्ञात महिला की हत्या कर शव को कुंआ में फेंका

समाज जागरण जिला ब्यूरो प्रभात कुमार मिश्रा

भागलपुर(बिहार) जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के आर्दशनगर गाँव के जिच्छो पोखर के पास किशोरी मोदी के खेत में देररात अज्ञात लोगों के द्वारा अज्ञात महिला की हत्या कर कुंआ में फेको घटना कि जानकारी स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुभाष पोद्दार को देने पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि सुभाष पोद्दार ने दुरभाष पर स्थानीय पुलिस पदाधिकारी को घटना की सुचना देने पर घटना स्थल पर थानाध्यक्ष प्रिय रंजन कुमार , महिला थाना प्रभारी किरण सोनी दल बल के साथ पहुंचकर महिला का शव को कब्जे में कर घटना की छानबीन करते हुए महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया है वही घटना को लेकर महिला थाना प्रभारी किरण सोनी ने बताया कि अज्ञात महिला का शव मिला है घटना तहकीकात करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है इस घटना से पुरे इलाके में सनसनी फैल गई है

पोषण माह के सफल क्रियान्वयन को ले स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में शपथ- ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

-पोषण माह में एनीमिया प्रबंधन पर होगा जोर

-सितम्बर माह के पहले सवप्ताह में रैली और शपथ ग्रहण से बढ़ेगी जागरूकता

राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

जिले में शुक्रवार 1 सितम्बर से पोषण माह की औपचारिक शुरूआत हो गयी है. पूरे सितंबर माह में अलग-अलग गतिविधियों के जरिए पोषण पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी. इस बार के पोषण माह में एनीमिया प्रबंधन पर जोर होगा. साथ ही 6 माह तक शिशु के लिए सिर्फ स्तनपान एवं इसके बाद अनुपूरक आहार की जरूरत पर भी ध्यान दिया जाएगा. पोषण माह के दौरान कस्तूरबा बालिका विद्यालय, दिव्यांग जन विद्यालय के साथ अन्य विद्यालयों में खून की जाँच कर एनीमिया की पहचान की जाएगी. इसी क्रम में शनिवार को स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, महिला पवेर्वेक्षिका के साथ स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया.

पहले सप्ताह में रैली और शपथ ग्रहण से बढ़ेगी जागरूकताः

जिले के आईसीडीएस की डीपीओ जया मिश्रा

ने बताया कि निदेशक, आईसीडीएस एवं जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के दिशा-निर्देश के आलोक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर आमलोगों के बीच जन-जागरूकता के लिए एक और दो सितंबर को पोषण रैली, प्रभातफेरी और साइकिल रैली निकाली गई. वहीं चार सितंबर को पोषण शपथ हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जाएगा. सात सितंबर को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर समुदाय आधारित गतिविधियां जैसे गोदभराई सह सुपोषण दिवस का आयोजन होगा. एक से लेकर नौ सितंबर के बीच आंगनबाड़ी सेविका के द्वारा गृह भ्रमण भी किया जाएगा. इस दौरान छह माह तक केवल स्तनपान व 6 माह के बाद ऊपरी आहार एवं दो वर्ष तक के बच्चों को ऊपरी आहार के साथ-साथ स्तनपान का अभ्यास और परामर्श देने पर बल दिया जाएगा. इसके अलावा बच्चों की वृद्धि निगरानी और स्वस्थ बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा का आयोजन प्रखंड व आंगनबाड़ी केंद्रों पर किया जाएगा. एक से लेकर नौ सितंबर के बीच केवल स्तनपान एवं ऊपरी आहार तथा स्वस्थ बालक-बालिका प्रतिस्पर्धा विषय के तहत सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. जिसमें आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग, जीविका, शिक्षा विभाग और पंचायती राज एवं अन्य सहयोगी विभाग की सहभागिता होगी.

11 से 16 सितंबर के बीच "पोषण भी और पढ़ाई भी" पर जोरः

राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक मंजूर आलम ने बताया कि 11 से लेकर 16 सितंबर तक पोषण भी, पढ़ाई भी विषय के तहत विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस दौरान गृह भ्रमण 0-3 व 3-6 साल के बच्चों के पोषण व प्रोत्साहन से संबंधित परामर्श व अभिभावकों के बीच बच्चों के पालन-पोषण व विकास से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन किया जाएगा. उक्त सभी कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र, प्रखंडों और विद्यालयों में आयोजित किए जाएंगे.

18 से 23 सितंबर तक पोषण मिशन के जरिए खाद्य विविधता होगी मजबूतः

राष्ट्रीय पोषण मिशन के जिला समन्वयक मंजूर आलम ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान 18 से 23 सितंबर तक राज्य के सभी जिले, प्रखंड, आंगनबाड़ी केंद्र और समुदाय के बीच मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण स्तर में सुधार हेतु जागरूकता विषय के तहत कार्यक्रम चलाया जाएगा. इस दौरान गृह भ्रमण के तहत 6 माह से ऊपर के बच्चों को ऊपरी आहार में घर में आसानी से बनने वाले आहार में खाद्य विविधता को शामिल करने हेतु परामर्श दिया जाएगा.

20 से 30 सितंबर तक मेरी माटी, मेरा देश जगाएगा पोषण पर अलखः

जिले के आईसीडीएस की डीपीओ जया मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान 20 से लेकर 30 सितंबर के बीच विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस दौरान मेरी माटी, मेरा देश अभियान, एनीमिया प्रबंधन पर परीक्षण, उपचार,परामर्श और चर्चा का आयोजन किया जाएगा. इसके अलावा जनजातीय क्षेत्रों में पोषण संवेदीकरण हेतु उन्मुखीकरण व परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. उक्त सभी कार्यक्रम जिला, प्रखंड, विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित किए जाएंगे.

कुपोषित बच्चों में टीबी का जोखिम अधिक, साठ फीसदी मामले फेफड़ों के

-शिशु का बीसीजी टीकाकरण जरूरी, टीबी संक्रमण से रखता है सुरक्षित

-लक्षणों की पहचान कर करायें जरूरी इलाज, नियमित दवा सेवन है जरूरी

राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

टीबी एक संक्रामक रोग है. यह रोग संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से फैलता है. खांसने या छींकने से मुंह और नाक से निकलने वाली बूंदों में मौजूद बैक्टीरिया स्वस्थ्य व्यक्ति तक पहुंच कर उसे संक्रमित करता है. बच्चों में भी टीबी यानि ट्यूबरक्लोसिस संक्रमण की संभावना होती है. स्वस्थ्य बच्चे टीबी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते हैं तो उनके भी टीबी संक्रमित होने की संभावना बढ़ जाती है. टीबी आनुवांशिक भी हो सकता है. ऐसे घर में जहां टीबी के मरीज हों वहां बच्चों में संक्रमण की संभावना होती है. टीबी की उच्च दर वाले क्षेत्र में रहने वाले बच्चों में टीबी की संभावना बढ़ जाती है. टीबी की रोकथाम के लिए समुदाय में जागरूकता जरूरी है. इसके लिए टीबी की लक्षणों की जानकारी रखना महत्वपूर्ण हो जाता है. संचारी रोग अधिकारी डॉ एनामुल हक ने बताया टीबी माइक्रोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु के कारण होता है. सामान्य तौर पर टीबी से फेफड़ा प्रभावित होता है. बच्चों में टीबी के साठ फीसदी मामले फेफड़ों के मिलते हैं. कम उम्र के बच्चों में बलगम नहीं बनता है. ऐसे में टीबी की जांच नहीं हो पाती है. इसके लिए बच्चों के बीमार रहने संबंधी जरूरी जानकारी प्राप्त कर उनका इलाज किया जाता है. साथ ही टीबी स्किन टेस्ट किया जाता है. स्वस्थ्य बच्चों की तुलना में कुपोषित बच्चों में टीबी संक्रमण की संभावना बहुत अधिक होती है.

टीबी के लक्षणों की जानकारी रखना महत्वपूर्णः

संचारी रोग अधिकारी डॉ एनामुल हक ने बताया कि बच्चों में टीबी के लक्षणों में हमेशा खांसी रहना, कमजोरी तथा शारीरिक गतिविधियों में हिस्सा नहीं लेना, वजन कम होना, भूख की कमी, बुखार और रात में पसीना चलना आदि है. बच्चों को दो हफ्तों से अधिक खांसी रहने पर उनका जांच कराना आवश्यक हो जाता है. बच्चों में ऐसे लक्षणों के दिखने पर तुरंत चिकित्सीय परामर्श लेना जरूरी है. कमजोर इम्युनिटी वाले बच्चे तथा गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर या एचआईवी से ग्रसित बच्चों को टीबी का सबसे अधिक जोखिम होता है. टीबी की पहचान होने पर उन्हें चार, छह तथा नौ माह तक एंटी टीबी दवाइयां दी जाती हैं. जिसका नियमित सेवन करना जरूरी है. टीबी की दवा का नियमित सेवन नहीं करने पर यह रोग बच्चे पर पुनः हावी हो जाता है.

टीबी की रोकथाम के लिए बीसीजी टीकाकरणः

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मंजर आलम ने बताया टीबी संक्रमण से बचाव के लिए बच्चों को बीसीजी का टीका दिया जाता है. यह टीबी रोकने के लिए कारगर है. यह टीका बच्चों में टीबी और मेनिन्जाइटिस से सुरक्षित रखने के लिए लगाया जाता है. वैक्सीनेशन शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है. साथ ही टीबी रोगाणु से लड़ने में सक्षम बनाता है. छह साल से कम उम्र के बच्चों को बीसीजी का टीका लगाया जाता है. इस टीके की सुई बच्चे को उसकी बांह के ऊपरी हिस्से में दी जाती है. शिशु के जन्म के छह माह तक बीसीजी का टीका लगाया जाना जरूरी है. टीका, शिशु रोग विशेषज्ञ की निगरानी में ही लगवाया जाना चाहिए. बच्चा छह साल की उम्र से कम है तो शिशु रोग विशेषज्ञ की सलाह से बीसीजी का टीकाकरण करायें.

जिला पदाधिकारी किशनगंज की अध्यक्षता में भू-अर्जन तथा वृहद परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक

राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

किशनगंज जिलाधिकारी, श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में दिनांक 02.09.2023 को किशनगंज जिला के अंतर्गत भू अर्जन तथा वृहद परियोजनाओं की बैठक उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आहूत की गई।

बैठक में रेलवे की परियोजनाओं के लिए भू अर्जन से संबंधित विभिन्न चरणों के किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। रेलवे की परियोजना जो अररिया से गलगलिया न्यू बी. जी. रेल लाइन के निर्माण के प्रथम और द्वितीय चरण का कार्य पूरा हो गया है और साथ ही, तृतीय चरण का भी कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इस रेल परियोजना के बीच में आने वाले सभी कार्य जल्द ही पूरे कर लिए जाएंगे इस कार्य को पूरा करने पर अररिया से गलगलिया के बीच आने जाने वाले सभी लोगों को सुविधा प्रदान होगी।

बैठक में एसएसबी, बीओपी कैंप निर्माण परियोजनाओं के लिए भू अर्जन से संबंधित कार्यों की भी चर्चा की गई। 19वी बटालियन के बीओपी कैंप सालबर्डी (बारभांग) टोला के अंतर्गत वर्णित परियोजना अधिग्रहण की जा रही है ,जिसमें कुल 4 एकड़ भूमि का दखल कब्जा अधियाची विभाग को दिया जा

चुका है। 12 वीं बटालियन के बी.ओ.पी. कैंप कोढोबारी ,दिघलबैंक में वर्णित परियोजना 3 एकड़ की भूमि निर्गत किया जा चुका है।

12 वीं बटालियन के बी.ओ.पी कैंप मंदिरटोला में वर्णित 3 एकड़ भूमि अर्जन करवाई जा रही है। 19 वी बटालियन के बी.ओ.पी कैंप बिहारीटोला दिघलबैंक में वर्णित 4 एकड़ भूमि अर्जन के लिए कार्रवाई की जा रही है।

भारत नेपाल सीमा सड़क निर्माण परियोजना के लिए भू- अर्जन का भी काम चल रहा है, जिसमें से वर्णित परियोजना अंतर्गत ठाकुरगंज /दिघलबैंक /टेढ़ागाछ अंचल के कुल 75 प्रस्तावों का अधिग्रहण कर कुल लगभग 400 एकड़ भूमि के अधीयाचिका विभाग को दिया जा चुका है।

NH act1956 के अधीन की जा रही भू - अर्जन जल्द ही पूरा करने का निर्देश दिया गया। एनएच फोरलेन चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य परियोजना चल रहा है जो 327 ए के तहत गलगलिया से बहादुरगंज तक के 49 किलोमीटर तथा मेजर डिस्ट्रिक्ट ग्रीन फील्ड रोड के तहत किशनगंज से बहादुरगंज तक के लगभग 22 किलोमीटर का फोरलेन का चौड़ीकरण जल्द ही पूरा करने का निर्देश दिया गया।

राष्ट्रीय उच्च पथ एस एच 99 (बयासी बहादुरगंज दिघलबैंक पथ)परियोजना के लिए भू अर्जन को जल्द ही पूरा करने का निर्देश दिया गया इस भू अर्जन में कुल 11 मौजा का कार्य जल्द ही पूरा करने का निर्देश दिया गया। महानंदा नदी पर तटबंध निर्माण परियोजना के लिए भू अर्जन को जल्द ही पूरा करने का निर्देश दिया गया। इस परियोजना में किशनगंज जिला अंतर्गत महानंदा बेसिन/ सवबेसिन अंतर्गत निर्माण हेतु भू अर्जन के अंतर्गत रतवा नदी पर दाया /बाया तटबंध, कुट्टी घाट से बागडोब महानंदा बाया तटबंध और कुट्टी घाट से झाओआ महानंदा दाया तटबंध के कुल मिलाकर लगभग 50 मोजा का कार्य जल्द ही पूरा करने का निर्देश दिया गया।

अन्य परियोजना के लिए भू- अर्जन को जल्द ही पूरा करने का निर्देश दिया गया जिसमें से ऑयल इंडिया लिमिटेड के पाइप लाइन तथा साथ ही बहादुरगंज टेढ़ागाछ पथ के 21वे किलोमीटर पर मौजा मटिआरी में आर.सी.सी कुल एवं पहुंच पथ का निर्माण जल्द ही पूरा करने का निर्देश दिया गया।

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, पीएमएफएमई एवं पीएमईजीपी के तहत ऋण वितरण की समीक्षा, डीएम ने दिए कई निर्देश

राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

जिलाधिकारी किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभा कक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने योजनाओं में लाभुको को ऋण स्वीकृति, ऋण वितरण के संबंध में जानकारी दी। मुख्य रूप से सितंबर माह के अंत तक लंबित ऋण भुगतान करने का निदेश संबंधित बैंक अधिकारी को दिया गया।

समीक्षा बैठक में एजेंडावार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना,प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना समेत क्रियान्वित योजनाओं में उपलब्धि पर चर्चा की गई। बैंक के स्तर से ऋण स्वीकृति/वितरण में तेजी लाने हेतु डीएम ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया कि सभी बैंक प्रबंधक/समन्वयक से संपर्क स्थापित कर योजनाओं की स्वीकृति में तेजी लायेंगे। बैठक में सभी बैंक अधिकारी को उद्योग विभागीय योजनाओं में समस्या उत्पन्न होने पर महाप्रबंधक,जिला उद्योग केंद्र से समन्वय स्थापित कर निराकरण हेतु निदेशित किया गया है।

जिला पदाधिकारी के द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुक्ष्म खादय उद्यम उन्नयन योजना का जिले में प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया ।जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी बैंक के प्रतिनिधि को अगले 15 दिन के अन्दर न्यूनतम 5-5 आवेदन की स्वीकृति एवं ऋण वितरण करने का निदेश दिया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया के स्तर पर ऋण स्वीकृति क्रियान्वयन पर असंतोष व्यक्त

करते हुए दोनो बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक को स्पष्टीकरण पत्र लिखने का निदेश महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, किशनगंत्र को निदेश दिया गया। सभी बैंक के प्रतिनिधियो के द्वारा बताया गया कि 15 दिन के अन्दर पीएमएफएमई और पीएमईजीपी दोनो योजना में उल्लेखनीय परिवर्तन परिलक्षित होगी।

उक्त बैठक में वरीय उप समाहर्त्ता(बैंकिंग), जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जीएम/डीआईसी,सभी बैंक के डिस्ट्रिक्ट को ऑर्डिनेटर व अन्य बैंकर्स उपस्थित रहें।

शादी का सपना दिखाकर महिला डॉक्टर से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

उत्तम सिंह; संवाददाता; दैनिक समाज जागरणः सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):

पहले प्यार फिर शादी का वादा कर प्रेमिका के साथ शारीरिक संबध बनाया।

इसके बाद प्रेमिका की शिकायत पर प्रेमी जेल पहुंच गया। ऐसा ही एक घटना सिलीगुड़ी से सामने आई है।

बताया जा रहा है कि वर्ष 2022 में एनबीएसटीसी के कर्मचारी प्रीतम सरकार की मुलाकात एक महिला डॉक्टर के साथ हुआ था। इसके बाद मुलाकात का दौर प्यार में बदल गया। इसके बाद प्रीतम पर आरोप है कि प्रेमिका से शादी का वादा कर उसके साथ कई बार शारीरिक सबंध बनाया। आरोप है कि शारीरिक सबंध बनाने के बाद प्रीतम ने प्रेमिका से शादी से से इंकार कर दिया। जिसके बाद प्रेमिका ने बीती रात प्रीतम पर शादी का सपना दिखाकर दुष्कर्म करने के आरोप में महिला थाना में लिखित शिकायत दर्ज करवाई। जिसके बाद महिला थाना की पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीती रात भक्तिनगर थाना अंतर्गत इलाके से प्रीतम को गिरफ्तार कर लिया। आज आरोपी को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया है।

नक्सलबाड़ी के बेलगाछी चाय बागान में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन।

रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण

नक्सलबाड़ी : पश्चिम बंगाल सरकार के स्वास्थ्य विभाग और श्रम विभाग के निदेशक की पहल पर शनिवार को नक्सलबाड़ी के बेलगाछी चाय बागान में

नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्रम कानून और न्याय मंत्री मलय घटक निर्माण बोर्ड के अध्यक्ष ऋतब्रत बंद्योपाध्याय सिलीगुड़ी महकुमा परिषद के सभाधिपति अरुण घोष और अन्य उपस्थित थे। इस दिन,नेत्र चिकित्सा शिविर में श्रमिकों ने नेत्र और स्वास्थ्य जांच में भाग लिया। इस दौरान बताया की कई विकास कार्य किए जा रहे हैं। राज्य सरकार की ओर से चाय श्रमिकों की मजदूरी में बढ़ोतरी की जा रही है। राज्य सरकार सुविधाएं मुहैया करा रही है। चाय श्रमिकों की कई सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चाय बागान में यह कैंप लगाया जा रहा है। वहीं, मंत्री ने कहा कि चाय बागान में जमीन पर कब्जे को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि चाय श्रमिकों की जमीन का मामला भू-राजस्व विभाग देख रहा है।

किशनगंजः जिले के सभी थानों में हुआ जनता दरबार का साप्ताहिक आयोजन

समाज जागरण विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल

(किशनगंज) जिले के लगभग सभी थानों में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन हुआ, जिसमें भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई हुई। सभी अंचल अंतर्गत अंचलाधिकारी और संबंधित थाने के थानाध्यक्ष ने मिलकर अलग अलग थानों में लोगों की फरियाद सुनी।इस दौरान ऑन द स्पाट दर्जनों मामलों का सुनवाई के बाद निपटारा किया गया। जिले के अन्य पुलिस सर्किल की तरह ठाकुरगंज सर्किल के सभी थाना क्षेत्र में भी जनता दरबार लगाया गया।पौआखाली,कुरलीकोर्ट, पाठामारी,सुखानी, सहित अन्य थानों में करीब 50 से अधिक लोगों के मामलों की सुनवाई की गई। अंचल अधिकारी, ठाकुरगंज ओमप्रकाश भगत ने संबंधित थानों का दौरा कर अपनी मौजूदगी में दर्जनभर मामलों को निष्पादित किया।पौआखाली थाना परिसर में भी भूमि विवाद से संबंधित जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें,थानाध्यक्ष रंजन कुमार यादव द्वारा राजस्व कर्मचारी अशोक झा एवं विशाल के साथ मिलकर कुल दो मामले का निष्पादन किया गया और एक को मापी हेतु भेजा गया। मामले को लेकर थाना पहुंचे ग्रामीणों ने कहा

कि,थाने में लगे इस जनता दरबार के आयोजन से खासकर गरीब लोगों को बहुत लाभ पहुंचा है।शारीरिक व आर्थिक रूप से लाचार ग्रामीणों को इसका भरपूर फायदा मिल रहा है एवं समय की भी बचत हो रही है।

दार्जिलिंग में छात्र ने की आत्महत्या, स्कूल के निदेशक गिरफ्तार

उत्तम सिंह:संवाददाता: दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):

दार्जिलिंग में स्कूल छात्र की आत्महत्या की घटना को लेकर आज दार्जिलिंग अदालत परिसर में तनाव का माहौल देखा गया। 9वीं कक्षा के एक छात्र की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने आज दार्जिलिंग के राजबाड़ी स्थित चैतन्य पब्लिक स्कूल के निदेशक को गिरफ्तार किया गया है। दार्जिलिंग के राजबाड़ी स्थित चैतन्य पब्लिक स्कूल के नौवीं कक्षा के 16 वर्षीय छात्र ने शुक्रवार को स्कूल से घर लौटने के बाद अपने स्कूल ड्रेस में ही फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद मृतक के भाई और माता-पिता व ग्रामीणों ने स्कूल

प्रबंधन को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। परिवार वालों का आरोप है कि स्कूल द्वारा रैफल सीट बेचने का ज्यादा दबाव देने पर छात्र को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा। परिवार के सदस्यों ने बताया कि स्कूल ने उसे बेचने के लिए चार रैफल शीट दी थी, लेकिन वह सारी रैफल शीट नहीं बेच सका।

परिवार का आरोप है कि इसके चलते स्कूल से कई बार उसे घर भेज दिया गया। स्कूल प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए आज दार्जिलिंग के अदालत परिसर में मृतक के परिवार के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और स्कूल के निदेशक के खिलाफ जमकर नारे लगाए।

पत्नी की बेवफाई से परेशान पति ने की आत्महत्या, सोशल मीडिया पर पोस्ट किया सुसाइड नोट

उत्तम सिंहः संवाददाता:दैनिक समाज जागरणः सिलीगुड़ी(दार्जिलिंग)

पत्नी की बेवफाई और अत्याचार के कारण पति ने सोशल मीडिया साइड पर सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली है। यह घटना 2 नंबर वार्ड के पूर्वांचल प्रधान नगर इलाके से सामने आई है। मृतक का नाम कमल छेत्री शर्मा (36) है।

बताया जा रहा है कि वर्ष 2022 में कमल ने हेमताबाद की रहने वाली पुजा रानी गुप्ता से लव मैरेज की थी। विवाह के दो महीने तक सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन उसके बाद से परिवारिक अशांति शुरू हो गई। पत्नी की अत्याचार से कमल मानसिक रूप से टूट गया। जिसके

बाद गुरुवार फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या करने से पहले कमल ने अपने सोशल मीडिया साइड पर एक पोस्ट किया। जिसमें मौत के लिए अपनी पत्नी को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, कमल ने स्टांप पेपर पर भी अपनी पत्नी की अत्याचार की पुरी कहानी लिखी है। इधर, आज पोस्टमार्टम के बाद कमल का शव उसके घर पहुंचा तो परिवार वालों और स्थानीय लोगों ने मृतक की पत्नी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। प्रधान नगर थाना की पुलिस ने मृतक के सोशल मीडिया साइड पर सुसाइड नोट के आधार पर मामले की जांच कर दी है।

राष्ट्रपति 5 सितंबर, 2023 को 75 चयनित शिक्षकों को वर्ष 2023 के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेंगी

माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 5 सितंबर 2023 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 75 चयनित शिक्षकों को वर्ष 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करेंगी। भारत में हर वर्ष 5 सितंबर, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने का उद्देश्य देश के शिक्षकों के अद्वितीय योगदान को रेखांकित करना और ऐसे शिक्षकों का सम्मान करना है जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता व परिश्रम से न सिर्फ स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध किया है। पुरस्कार के रूप में प्रमाणपत्र, 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार और एक रजत पदक प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार विजेताओं को माननीय प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने का भी अवसर मिलेगा।

शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा मंत्रालय का स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग प्रति वर्ष 5 सितंबर को एक राष्ट्रीय समारोह का आयोजन करता है जिसमें एक कठोर और पारदर्शी चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस वर्ष से, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का दायरा बढ़ाकर उच्च शिक्षा विभाग और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के शिक्षकों को भी इसमें शामिल कर लिया गया है। इस वर्ष 50 स्कूल शिक्षकों, उच्च शिक्षा से 13 शिक्षकों और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय से 12 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

केंद्रीय विद्यालयों के लिए 33वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2022-23 का पुरस्कार वितरण समारोह

केंद्रीय विद्यालयों के लिए 33वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2022-23 का पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार, 1 सितंबर, 2023 को जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम, संसद ग्रंथालय, संसद भवन परिसर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

श्री अर्जुन राम मेघवाल, विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री; और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री ने समारोह की अध्यक्षता की और पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों और विद्यालयों को प्रतियोगिता में उनके योग्य निष्पादन के लिए पुरस्कार वितरित किए।

मंत्री जी ने कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ परस्पर संवाद किया। उन्होने विद्यार्थियों के साथ बातचीत करते हुए आह्वान किया कि युवा पीढ़ी को लोकतांत्रिक मूल्यों और लोकतंत्र की नैतिकता को सीखना और अपनाना चाहिए और दुनिया में इस सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में सद्भावना और परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए खुद को समर्पित करना चाहिए। मंत्री जी ने समारोह में उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण को बचाने के लिए स्वस्थ जीवन शैली हेतु जीवन की शपथ भी दिलाई।

श्री गुडे श्रीनिवास, सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय ने 33वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2022-23 के पुरस्कार वितरण समारोह में सभी गण्यमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागी विद्यालयों के विद्यार्थियों का स्वागत किया। अपने स्वागत भाषण में सचिव, संसदीय कार्य मंत्रालय ने विद्यार्थियों से संसदीय कार्यवाही की पद्धतियों और प्रक्रियाओं को सीखने और लोकप्रिय बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

श्रीमती निधि पाण्डेय, आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन ने बताया कि राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए हमारे युवाओं को हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों और परंपराओं से अवगत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर, केंद्रीय विद्यालयों के लिए 33वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता, 2022-23 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले केंद्रीय विद्यालय नं.1, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश के विद्यार्थियों ने अपनी "युवा संसद" की बैठक का पुनः प्रदर्शन किया जिसे सभी अतिथियों द्वारा सराहा गया।

संसदीय कार्य मंत्रालय अनेक वर्षों से केंद्रीय विद्यालयों में युवा संसद प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है। केंद्रीय विद्यालयों के लिए राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता की योजना के अंतर्गत इस श्रृंखला में 33वीं प्रतियोगिता वर्ष 2022-23 के दौरान केंद्रीय विद्यालय संगठन के 25 क्षेत्रों के 150 विद्यालयों में आयोजित की गई थी।

युवा संसद योजना देश भर के केंद्रीय विद्यालयों के युवाओं को उनकी वाक्पटुता, आलोचनात्मक सोच और नेतृत्व कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एकत्रित होने का अवसर प्रदान करती है। इसके अलावा, यह योजना विद्यार्थियों को संसद की प्रक्रियाओं और पद्धतियों तथा चर्चा और वाद-विवाद की तकनीकों से भी परिचित कराती है

अनियंत्रित बाइक सड़क पर पलटा, तीन लोग घायल, एक रेफर

दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह,कोचस रोहतास

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड क्षेत्र के कटियारा के निकट शनिवार को अनियंत्रित बाइक से गिरकर तीन बाइक सवार घायल हो गये। जिन्हे स्थानीय लोगों के मदद के बाद उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां मौके पर मौजूद प्रभारी डॉक्टर तुषार कुमार ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद सीटी स्कैन के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि राष्ट्रीय राजमार्ग तीस पर तीन बाइक सवार कही जा रहे थे कि अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गये।घायलों की पहचान अमन कुमार पिता रमेश पटेल, शिवन, रौशन कुमार पिता नंदलाल सिंह बहुआरा व विकाश कुमार पिता डोभन सिंह बताये जाते है।जिसमे अमन कुमार कि स्थिति चिंताजनक देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

कीलन की आग से डालमिया फैक्ट्री मे तीन मजदूर झूलसे, रेफर

दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता,रोहतास

रोहतास थाना क्षेत्र के बंजारी स्थित डालमिया सिमेंट फैक्ट्री के तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना करीब पांच बजे शाम मे हुई। सूत्रों की माने तो कीलन आग से जाम हो गया था। जिसे लंबे लोहा के रड से सफाई करना था। दुसरे साईड के तीन मजदूर औरंगाबाद के भागी सतार गांव के बंजारी के अशोक पासवान व भुअरा के संजीव कुमार सिंह घुरन साह को प्रबंधन साफ करने के लिए भेज दिया। अनुभवहीन होने के कारण आग का गोला अधिक निकला जिससे तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। डालमिया के अस्पताल मे तीनो का प्राथमिक उपचार किया गया तथा नारायण मेडीकल मे रेफर कर दिया। बताया जाता है कि संजीव की हालत काफी गंभीर है।

पिकअप व बाइक के टक्कर में पति पत्नी घायल

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी,करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गारा चौबे नहर पथ पर शनिवार को छतनी गांव के समीप एक अनियंत्रित पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी । जिससे पति पत्नी जख्मी हो गए । मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बाहर ले जाने की सलाह दी।घटना के संबंध में बताया जाता है कि कैमूर जिला के बिदामन चक निवासी मनोज कुमार अपनी पत्नी सविता देवी के साथ गारा चौबे नहर पथ के रास्ते सासाराम जा रहे थे । इस बीच छतनी गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे एक अनियंत्रित पिकअप ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पति-पत्नी सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरे। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गये।

राजद प्रखंडअध्यक्ष के तेरहवीं पर लोगों ने दिया श्रद्धांजलि

दैनिक समाज जागरण साहिल राज,दावथ रोहतास

रोहतास जिला अंतर्गत दावथ प्रखंड के राजद प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा की तेरहवीं पर उनके पैतृक गांव खैरही में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.जहां उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी।गौरतलब हो कि लम्बी बिमारी के कारण 19 अगस्त को उनका निधन हो गया था। उनके श्रद्धांजलि सभा में दिनारा विधायक विजय कुमार मंडल,बिहार विधान परिषद सदस्य अशोक कुमार पांडेय,अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य काबुल खां ने उनको श्रद्धांजलि देते हुए उन्हे पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता बताया।वहीं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रघुनाथ सिंह,अशोक कुमार तिवारी,राजद के नव नियुक्त प्रखंड अध्यक्ष गंगासागर सिंह,परशुराम सिंह,विंध्याचल सिंह,चंद्रमा सिंह यादव राजद नेता संदीप यादव आदि ने कहा कि रविंद्र सिंह बहुत ही मिलनसार,मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे।

शराब तस्कर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला,चेनारी रोहतास

रोहतास जिले चेनारी थाने की पुलिस ने शनिवार को छापामारी कर शराब तस्करी के पूर्व आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मल्हीपुर निवासी साहेब साह को गिरफ्तार किया गया है। इन पर पूर्व में शराब तस्करी के आरोपी थे काफी दिनों से फरार चल रहे थे।

युवक का शव मकराइन सोन नद से बरामद

दैनिक समाज जागरण कमलेश मिश्र डेहरी ऑन सोन

रोहतास जिले के डेहरी थाने की पुलिस ने शव को सोन नद से शनिवार की अहले सुबह बरामद किया। मृतक मासुम खान उम्र करीब 14 वर्ष बताया जाता है। बारह पत्थर निवासी फुल मोहम्मद खान के पुत्र बताया जाता है। बिगत दो दिन पूर्व डेहरी स्थित एनिकट सोन नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में जाने के कारण डुब गया था। चार युवक स्नान कर रहे थे जिसमें एसडीआरएफ की टीम ने तीन युवकों निकाल दिया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

12 लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र, डेहरी आन सोन रोहतास

एसपी के निर्देश पर अवैध शराब की रोक थाम के लिए अकोढ़ी गोला थाने की पुलिस थाना क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर रही है। थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम मुसई टोला निवासी नंदु राम के पुत्र मुना राम को 12 लीटर देशी महुआ शराब के साथ घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने धंधेबाज के खिलाफ बिहार मद्ध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर धंधेबाज को सासाराम न्यायालय भेज दिया गया।

अनियंत्रित स्कॉर्पियो नहर में पलटी दो घायल एक की खोज जारी

दैनिक समाज जागरण विकाश शुक्ला,चेनारी रोहतास

दुर्गावती जलाशय परियोजना से निकलने वाली मुख्य नहर में अनियंत्रित होकर पलटा स्कॉर्पियो दो गंभीर रूप से घायल एक के लापता होने की खबर मिल रही है। दुर्गावती जलाशय से परियोजना से निकलने वाली मुख्य नहर में एक स्कॉर्पियो पलट गई, जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां उनकी इलाज की जा रही है। घायल डेहरी ऑन सोन के राम भूषण सिंह के 42 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार पन्नालाल के 39 वर्षीय पुत्र अमन कुमार बताई जा रहे हैं। वही ग्रामीणों का कहना है कि एक व्यक्ति लापता है जिसकी खोजबीन की जा रही है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर गायब युवक की तलाश की जा रही है।

प्रभात कुमार ने संभाला अंजबीत सिंह महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य का कार्यभार

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी,बिक्रमगंज रोहतास

सीडब्ल्यूजेसी संख्या 16284/21 में दिनांक 29/8/2023 को उच्च न्यायालय में पारित निर्णय के आलोक में दिनांक 1 सितंबर 2023 को विश्विद्यालय ने पत्रांक 1563/ए२३/23 के माध्यम से प्रोफेसर प्रभात कुमार विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग को महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त कर सभी बैंक खातों के संचालन के लिए भी अधिकृत किया है । प्रोफेसर प्रभात कुमार नवनियुक्त शिक्षकों में सबसे वरीय हैं। इनकी नियुक्ति मई 2017 में हुई थी। ज्ञातव्य हो कि महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य की कुर्सी को लेकर 2021 के पूर्व से ही विवाद चला आ रहा है। नवंबर 2017 से अब तक लगभग 6 प्रभारी प्राचार्य और दो प्रशासक नियुक्त किए गए। वर्तमान विवाद वरीय प्राध्यापक डॉक्टर संतोष कुमार सिंह और डॉक्टर सुधांशु शेखर भाष्कर के बीच लगभग तीन साल से चल रहा था। 2021 में इसको लेकर उच्च न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। 2022 में एक फैसला आया, जिस-के आलोक में दिलीप कुमार तत्कालीन पीजीआरो को कॉलेज का प्रशासक नियुक्त किया गया। उनकी पदस्थापना दूसरे जिले में अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर हो जाने के उपरांत लगभग दो माह तक कॉलेज बिना प्राचार्य या प्रशासक के ही चला। हालांकि दिलीप कुमार ने जाते समय कॉलेज के दैनिक कार्यों के लिए प्रोफेसर प्रभात कुमार को ही अधिकृत कर दिया था। इसके बाद

स्थानीय भूमि सुधार उप समाहर्ता अविनाश कुमार सिंह को प्रशासक नियुक्त किया गया। प्रभात कुमार ने करीब दो माह तक कॉलेज के कार्यों का निष्पादन निष्ठा के साथ किया। 29 अगस्त 2023 को पारित निर्णय में 2021 में दायर याचिका का निष्पादन करते हुए फैसला विश्विद्यालय में समर्पित कर दिया।-विश्वविद्यालय ने उसी आलोक में दो वरीय शिक्षकों के बीच विवाद को देखते तीसरे वरीय शिक्षक को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त कर दिया। प्रभात कुमार की नियुक्ति को लेकर कर्मियों और शिक्षकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। योगदान के समय कई शिक्ष-ाक और शिक्षकेतर कर्मचारी देर शाम तक मौजूद रहे और फूल माला से नए प्रभारी प्राचार्य का स्वागत किया और मिठाइयां भी बांटी गई। मौके पर निवर्तमान प्रशासक अविनाश कुमार सिंह,बरर्सर डॉक्टर कन्हैया सिंह, पूर्व बरर्सर डॉक्टर अनिल कुमार, डॉक्टर रमेश कुमार, डॉक्टर अखलाक अहमद, विशाल कुमार ,चन्द्रशेखर कुमार, विजय कुमार गौर, बड़ा बाबु सत्येंद्र पांडेय, लेखापाल विनोद कुमार सिंह, संतोष पांडेय, अरुण कुमार सिंह, अक्षय कुमार प्यारे , रवि भूषण सिंह, दीपक कुमार, आरजु खान, अजय कुमार गुप्ता, सतेश्वर राम सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे। सभी ने संतोष व्यक्त किया कि महाविद्यालय में अनिश्चितता का दौर खत्म होगा और सबकुछ ठीक तरीके से चलेगा। सबने नए प्रभारी प्राचार्य को सहयोग करने का भरोसा दिलाया और विश्वास व्यक्त किया। सभी लोगों ने कहा कि प्रभात कुमार सुलझे हुए व्यक्ति हैं और कॉलेज में विकास की रुकी पड़ी विकास गति को नई दिशा प्रदान करेंगे।

पुलिस ने चावल लदे ट्रक चोरी का किया उद्भेदन, एक गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, व्यूरो रोहतास

रोहतास जिले के शिवसागर पुलिस ने 29 अगस्त को पखनारी गांव के समीप एनएच टू से लूटे गए चावल से भरे ट्रक को शनिवार को शाहपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर से बरामद कर लिया। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। ताकि कांड में शामिल सभी आ-रोपियों को गिरफ्तार किया जा सके । इनसे और अन्य वारदातों के खुलासे की भी उम्मीद जताई जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि घटना के बाद ट्रक मालिक के द्वारा आवेदन दे शि-ाकायत किया गया था। आवेदन मिलते ही एक टीम का गठन किया गया। ट्रक चालको द्वारा बताया गया था की उनको अगवा कर भोजपुर जिले के पीरो मे छोड़ा गया था। उसी आधार पर स्थानीय पुलिस भोजपुर जिला सूचना इकाई और स्थानीय पुलिस को इस घटना को लेकर अलर्ट कर दिया गया। साथ ही उनके द्वारा स्थानीय थाना शिवसागर के अपर थाना अधिकारी मनीष शर्मा के साथ स्थानीय जिला सूचना इकाई की टीम भोजपुर के तैयार की गई। इसी बीच थाना शाहपुर जिला भोजपुर से चावल के चोरी का सुराग मिला। जिसके बाद स्थानीय टीम शाहपुर

थाना के विभिन्न इलाको में खोजबीन करने लगी। इसी दौरान सुनसान इलाके मे एक घर मे रखे चावल का पता लगा।जिसके बाद दोनो थाना की संयुक्त टीम उस घर मे चावल की जांच करने लगी। तभी चावल विक्रेता ने पुलिसिया दबाव में शि-ावसागर थाना से चावल की चोरी बात मान ली गई। थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया की चावल की पुष्टि होने के बाद ट्रक को भी बरामद किया गया।उन्होंने बताया की इस ऑपरेशन मे कुल 1093 बोरी चावल बरामद किया।वही चावल विक्रेता मनोज यादव पिता समहूत प्रसाद यादव ग्राम हिरकी पिपरा थाना शाहपुर जिला भोजपुर को उसके घर से चावल समेत गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया की अभी तक के पूछताछ मे गिरफ्तार अभियुक्त से इस घटना के गैंग का पता चलते ही कई इलाके के कई जगहों पर छापेमारी की गई, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। हालांकि उन्होंने कहा कि जल्द ही इस कांड से जुड़े अपराधी पुलिस के हिरासत में होंगे। उक्त गिरफ्तार अभियुक्त को लेकर अग्रिम कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पोषण पर छात्रों ने निकाली रैली

दैनिक समाज जागरण कमलेश मिश्र, डेहरी आन सोन रोहतास

मध्यान भोजन योजना बिहार पटना के द्वारा निर्देशित राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत राजकीय कृत मध्य विद्यालय शिवगंज डेहरी के छात्रों ने प्रधानाध्यापक संजय कुमार के नेतृत्व में रैली निकाली। रैली को विद्यालय शिक्षा समिति के पूर्व सचिव वर्तमान में सदस्य के रूप में मीना देवी ने हरी झंडी दिखाकर विद्या की रैली पोषण माह के तीन सुपोषित भारत साक्षर भारत सशक्त भारत पर आधारित थी। रैली विद्यालय से निकाल कर कपूरी चौक गांधी आश्रम होते हुए विद्यालय के पोषक क्षेत्र महावीर विगहा बाल गोविंद विगहा शिवगंज होते हुए विद्यालय पर समाप्त हुई।

रैली में विद्यालय के इको क्लब बाल संसद मीना मंच एवं विज्ञान गणित क्लब के छात्रों ने भाग लिया। रैली में शामिल बच्चे अंकित कुमार पटेल मयंक कुमार वीर पासवान कुमार, सपना कुमारी, पूर्वी दास प्रीति कुमारी, बबली कुमारी, दुर्गा कुमारी, संतोषी कुमारी आदि छात्रों ने भाग लिया। बच्चे नारे लगाए सुपोषित भारत साक्षर भारत सुपोषित भारत सशक्त भारत सही पोषण देश रोशन प्र-कृति का मत करो शोषण यही है सभी जीवों का पोषण रैली में प्रभारी शिक्षक व शिक्षिका प्रेमचंद प्रसाद तनवीर अख्तर, नसरीन, मोनू गुप्ता मौजूद थे।

पुलिस ने ढोल बजाकर अपराधी के घर चिपकाया इश्तेहार

दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र डेहरी आन सोन रोहतास

अकोढ़ी गोला थाने की पुलिस ने शनिवार को एक फरार अपराधी के घर न्यायालय के आदेश पर ढोल बजाकर इश्तेहार चिपकाया है । इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने बताया न्यायालय से फरार अपराधी सत्यम कुमार उर्फ सत्य प्रकाश पिता सुदामा गुप्ता अकोढी गोला थाना क्षेत्र के राजपुर रोड स्थित मकान पर इश्तेहार

चिपकाया गया। वही उन्होने बताया है कि अपराधी के मकान में संस्कार भारती स्कूल चलता है । पूर्व में नोखा थाने में अपराधी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी संख्या 224/ 2020, लूट कांड का आरोपी हैं । पुलिस अभियुक्त के घर छापेमारी करने गई थी तो पुलिस पर ही फायरिंग कर वह फरार हो गया था। अभियुक्त के खिलाफ कई थानों में पहले से मामला दर्ज है।

अपाची बाइक के साथ दस लीटर महुआ शराब बरामद, एक धंधेबाज गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर पुलिस ने दस लीटर देशी महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुन्देश्वर कुमार दास ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान एक शराब धंधेबाज अपाची बाइक से दस लीटर महुआ शराब को लेकर

जा रहा था । जहां चेकिंग के दौरान शराब बरामद कर लिया गया।गिरफ्तार धंधेबाज 40 वर्षीय विवेक कुमार सिंह पिता स्व. भोला यादव शिवसागर थाना क्षेत्र के पिपरी के बताया जाता है। गिरफ्तार धंधेबाज के उपर बाइक जब्त करते हुए मद्ध निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

बेरोजगार युवकों के लिए एक सुनहरा अवसर गांव में ही मिलेगी नौकरी : किरण प्रभाकर

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

समृद्ध बिहार अभियान के तहत समृद्ध रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को नौकरी देने हेतु दो दर्जन से भी अधिक कंपनियां अब खैरा भूधर बिक्रमगंज आने वाली है । अब तक लगभग 200 से ज्यादा बेरोजगार युवक इसके लिए अपने नाम रजिस्टर कर चुके हैं । अधिक से अधिक युवा इस अवसर का फायदा उठाएं । उक्त बातें प्रसिद्ध समाजसेवी किरण प्रभाकर ने बिक्रमगंज के मून वाक रेस्टोरेंट में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि आगामी 30 सितंबर से 01 अक्टूबर तक खैरा भूधर बिक्रमगंज में बृहद पैमाने पर समृद्धि रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में देश-विदेश में काम कर रही लगभग दो दर्जन से ज्यादा कम्पनियां आएगी और स्थानीय युवाओं को योग्यता अनुसार

नौकरी दी जाएगी। यह इस तरह का पहला ऐसा कार्यक्रम है जिसका आयोजन किसी भी जिला में या बड़े शहर में नही बल्कि छोटे से गांव में किया जा रहा है। मेले के लिए निःशुल्क रजिस्ट्रेशन स्टार्ट किया जा चुका है।अभी तक 200 से अधिक युवा रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक युवा इस अवसर का फायदा उठाएं। उक्त मेले का आयोजन किरण प्रभाकर द्वारा चलाये जा रहे समृद्ध बिहार अभियान की एक कड़ी है। जिसका मकसद अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देना व रोजगार के लिए प्रेरित करना है।गौरतलब है कि समाज सेवी किरण प्रभाकर द्वारा पिछले कुछ दिनों में क्षेत्र के अपने अनुभवों और उनके मंदिर यात्रा की शुरूआत की थी। कुछ ही दिनों में क्षेत्र के लगभग 25 मंदिर और तमाम प्रखंड में यह अभियान पहुंचा है। तथा इस अभियान से स्थानीय जनता जोर-शोर से जुड़ भी रही है। साथ ही राखी के अवसर पर लगभग 500 से अधिक राखी अपने क्षेत्र के लोगो को भेज चुकी है।

संजीव मिश्रा को भाजपा का प्रदेश प्रवक्ता बनने पर बधाइयों का लगा तांता

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी,बिक्रमगंज रोहतास

रोहतास जिले के काराकाट विधान सभा के वरिष्ठ नेता संजीव कुमार मिश्रा उर्फ गीता वाले बाबा को भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश का प्रदेश प्रवक्ता बनाये जाने पर रोहतास जिला के भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर देखने को मिली है। संजीव कुमार मिश्रा के बीजेपी का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त होने पर रोहतास जिलाध्यक्ष सुशील कुमार, महामंत्री विजय सिंह, प्यारे लाल ओझा एवं अशोक साह, उपाध्यक्ष मंगलानंद पाठक, विवेक सिंह, पंकज सिंह , अरुण पाण्डेय, प्रमोद कुशवाहा, रेखा नागमणी, पुष्पा चौहान और सतेन्द्र

सिंह, प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी व संजय कश्यप, अतिपिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष नवीन चंद साह, काराकाट मंडल अध्यक्ष ललित मोहन सिंह, गोराड़ी मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, गोराड़ी नगर अध्यक्ष विनोद पासवान, बिक्रमगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, बिक्रमगंज नगर अध्यक्ष नागेन्द्र कुशवाहा, संझैली मंडल अध्यक्ष सतेन्द्र पाठक, अनिल कुमार सिंह, भरत कुश-ावाहा, श्याम किशोर पाण्डेय, शि-ावजी भारती समेत अन्य कार्यकताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कार्यकताओं ने कहा कि श्री मिश्रा के मीडिया का अनुभव का लाभ पार्टी को मिलेगा और भाजपा बेहतर प्रदर्शन करेगी।

लोक अदालत को ले डीबीजीबी ने चलाया अभियान

दैनिक समाज जागरण संझौली,रोहतास

दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक संझौली द्वारा शनिवार को लोक अदालत को लेकर गांवो में अभियान चलाया गया। जिसमे नौ सितंबर को बिक्रमगंज में आयोजित लोक अदालत में ऋणियों से उनका ऋण जमा करने की अपील भी की गई। पुलिस प्रशासन के साथ अभियान में बैंक के अधिकारियों ने करमैनी पंचायत के बैरी ग्राम सहित कई गावों में ऋणियों के घरों तक पहुंच उनसे संपर्क साधा। बैंक प्रबंधक अनुज कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में कई ऋणधारियों 70 लोगों पर वारंट भी जारी किया गया हैं। दो सौ लोगो पर प्राथमिकी कराई गई है। शाखा के अंतर्गत एक हजार से अधिक लोगो पर ऋण हैं। सौ से अधिक लोगो ने ऋण जमा भी करा दिया है। शेष गांवों में भी बारी बारी से ऋणीधारियों से संपर्क किया जायेगा। प्रबंधक ने बताया कि लोक अदालत में अगर ऋणधारक अपना ऋण जमा करते हैं तो उन्हें काफी सहूलियत होगी।

समझौता के तहत अपना ऋण आसानी से जमा कर सकते हैं। किश्त और समय की भी सहूलियत होगी। इस दौरान लापरवाह वारंटी ऋणधारकों को पकड़ने का भी प्रयास किया गया। अभियान में बैंक अधिकारी रंजन कुमार सहित स्थानीय थाने की पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

अखिल भारतीय किसान संघ द्वारा शोक सभा का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

रोहतास जिले के बिक्रमगंज में शनिवार को अखिल भारतीय किसान महासभा जिला कमिटी यूज की बैठक कॉमरेड जवाहरलाल सिंह यादव की अध्यक्षता में की गई । सर्वप्रथम कॉमरेड राजाराम के तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन व वंदन किया गया । उसके पश्चात दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई । उक्त दौरान वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड राजा राम भाकपा माले के बिहार राज्य स्थाई समिति के सदस्य थे । जिनका निधन बीते शुक्रवार को हो गई । स्वर्गीय कॉमरेड राजाराम कंट्रोल कमीशन के पूर्व अध्यक्ष केंद्रीय कमेटी के पूर्व सदस्य आईपीएफ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय महासचिव और 1974 आंदोलन के नेता थे । किसान महासभा जिला कमेटी की बैठक में भाकपा माले के जिला

सचिव नंद किशोर पासवान के अलावे किसान महासभा के सभी जिला सदस्य अनुग्रह नारायण सिंह , डॉ. नागेंद्र सिंह , रामबचन केशरी , राजेंद्र प्रसाद , चंद्रभूषण सिंह , राजेश कुमार , शिव शंकर सिंह , अयोध्या सिंह , सुदामा सिंह , अशोक पासवान व असगर हुसैन उपस्थित रहे । किसान महासभा के प्रखंड सम्मेलन जिला सम्मेलन एवं सिवान में राज्य सम्मेलन की तैयारी के साथ किसानों की सदस्यता बढ़ाने पर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया । वही श-ुक्रवार को ही बिक्रमगंज प्रखंड के ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार सिंह उर्फ लाली सिंह के ऊपर जानलेवा हमला करने वाले को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग करते हुए किसान संघ ने कहा कि संघ इस तरह की घटना की घोर निंदा करता हैं ।

राधा शांता महाविद्यालय में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण लालबिहारी गुप्ता तिलौथू रोहतास

रोहतास जिले के तिलौथू प्रखंड के राधा शांता महाविद्यालय के सभागार में शनिवार को कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता के रूप में एम्स नई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार थे। कार्यक्रम की श-ुरूआत सर्वप्रथम महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष यशवीर सिन्हा , मुख्य वक्ता सुनील कुमार एवं प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने मुख्य वक्ता डॉ. सुनील कुमार को महाविद्यालय का मोमेंटो एवं शॉल देकर सम्मानित किया। वही डॉ. सुनील कुमार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्र-छात्राओं सहित उपस्थित लोगों के बीच कैंसर के होने के कारण, उसके लक्षण एवं बचाव के कई तौर तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कैंसर वायरस संक्रमित बीमारी है, जिसकी

प्रथम स्टेज में पहचान होने पर उसे पूरी तरह से इलाज द्वारा ठीक किया जा सकता है। यह छुआ- छूत की बीमारी नहीं है, कैंसर पीड़ित मरीजों के प्रति सहानुभूति रखने की अपील किया। उन्होंने विशेष रूप से कैंसर रोगियों को सरकार एवं अन्य संस्थाओं द्वारा मिलने वाली विभिन्न प्रकार की कई सहायता एवं रियायतों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. अखिलेश पांडेय, डॉ. विजय बहादुर प्रजापति, प्रो. अजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार सिंह, प्रो गुलाम हैदर , डॉ. वीरेंद्र मिश्रा, प्रो. कमलेश्वर सिंह, प्रो. शिवजी सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार दुबे, प्रो. महेंद्र गुप्ता, लायंस क्लब तिलौथू के भी कई सदस्य सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

तेजी से हो संपूर्ण समाधान दिवस पर आयी शिकायतों का निस्तारण : जिलाधिकारी

-रसड़ा तहसील के सभागार में हुआ जिले का मुख्य आयोजन

-प्रस्तुत हुए कुल 118 मामले मौके पर 11 का हुआ निस्तारण

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : जनपद की सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों के लेकर अपनी-अपनी तहसीलों में पहुंचे, जहां अधिकारियों ने उनका निस्तारण किया। जिलाधिकारी ररविंद्र कुमार शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील रसड़ा में शिकायतकताओं की फरियाद सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

कुछ मामलों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। इस मौके पर राजस्व, पुलिस, चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, खाद्य एवं रसद, पीडब्ल्यूडी, विद्युत एवं सिंचाई विभाग सहित कुल 118 मामले संज्ञान में आए, जिनमें से 11 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इन निस्तारित मामलों में एक चिकित्सा विभाग और 10 खाद्य एवं रसद विभाग से संबंधित थे। बाकी विभागों के शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत पत्र हस्तांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के निर्देश दिए। कहा

कि शिकायत पत्र का निस्तारण करने में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

लेखपाल को लगाई फटकार

जिलाधिकारी ने चकबंदी लेखपाल अशोक यादव को लोगों के फर्जी दस्तक करवा कर शिकायत पत्र के निस्तारण करने पर चकबंदी अधिकारी को अधिशासी चकबंदी अधिकारी के माध्यम से कड़ी कार्रवाई करने और पांच दिनों के अंदर शिकायत पत्र के निस्तारण के निर्देश दिए।

दिव्यांगजन के मामले का मौके पर निस्तारण

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार सभागार में प्रवेश के समय गेट के पास खड़े दिव्यांगजन राकेश कुमार के राशन कार्ड संबंधित समस्या का समाधान जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित कर मौके पर कराया। राकेश कुमार के पुत्र राजकुमार का नाम ऑनलाइन पंजीकरण में शो कर रहा था लेकिन राशन कार्ड में नाम अंकित नहीं था।

अधिवक्ता संघ ने दिया ज्ञापन

तहसील रसड़ा के तहसील बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को ज्ञापन ज्ञापित किया और बताया कि तहसील में शौचालय की स्थिति सही नहीं है और तहसील की चहारदीवारी भी बदतर स्थिति में है। बताया कि तहसील का रजिस्ट्री ऑफिस जर्जर स्थिति में है। आप तत्काल इस मामले का संज्ञान लें। इस पर जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को संबंधित मामलों की रिपोर्ट पांच दिन के भीतर देने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर एसपी एस आनंद, डीएफओ वीके आनंद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. जयंत कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव, उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में एक सितम्बर से छह सितम्बर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन होगा। कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन व निदेर्शानुसार गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में 'हेल्दी डायट गिविंग अफोर्डेबल फॉर आल' विषय पर गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. नंदिता पाठक, निदेशक एवं संस्थापक, उद्यमिता विद्यापीठ, चित्रकूट, मध्य प्रदेश ने अपने व्यक्तव्य द्वारा विद्यार्थियों को सरल, उचित एवं संतुलित पोषण के प्रति जागरूक किया और प्लास्टिक की वस्तुओं का प्रयोग कम करने का संकल्प दिलाया। आपने मोटे अनाजों के महत्त्व और उपयोगिता को विस्तार से बताया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता ने राष्ट्रीय पोषण सप्ताह में आज के परिवेश में किफायती पोषण के महत्त्व को जन-मन तक पहुंचाने पर बल दिया। कार्यक्रम की संयोजिका गृहविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य

डॉ.रंजना मल्ल द्वारा बीज व्यक्तव्य में हमारे शरीर के लिए आवश्यक विभिन्न पोषक तत्त्वों के महत्त्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तृप्ति तिवारी, स्वागत उद्बोधन सुश्री सौम्या तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संध्या द्वारा किया गया।

दूसरे दिन निकली जागरूकता रैली

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के दूसरे दिन शनिवार को पोषण के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के लिए विश्वविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग ने जागरूकता रैली निकाली। विभाग की छात्राओं ने रैली में विभिन्न नारों की तख्तियों से पोषण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। रैली को कुलपति प्रो. संजीत कुमार गुप्ता जी ने झंडा दिखाकर बसंतपुर ग्राम के लिए रवाना किया। इस अवसर पर निदेशक शैक्षणिक डॉ. पुष्पा मिश्रा, विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. अजय चौबे, जनसंपर्क अधिकारी डॉ. प्रमोद शंकर पाण्डेय आदि विश्वविद्यालय परिसर प्राध्यापक गण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। एक सप्ताह तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में पोस्टर, रंगोली, क्विज आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ जन जागरूकता के लिए प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा।

रविदास मंदिर परिसर में रोजगार मेले का आयोजन 04 सितम्बर को

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : जिला सेवायोजन कार्यालय (स्थित तारा निवास गली रविदास मंदिर भृगु आश्रम) में एक रोजगार मेला का आयोजन 04 सितंबर को किया गया है। जिला सेवायोजन अधिकारी जयप्रकाश पासवान ने उक्त आशय की जानकारी दी।

रोजगार मेले में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा डेंगू मच्छर सोर्स रिडक्शन प्रचार प्रसार कार्य हेतु नगर पालिका क्षेत्र बलिया में डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर पद पर नियुक्त की जाएगी। इसके लिए योग्यता हाईस्कूल साइंस, इंटरमीडिएट जीव विज्ञान वर्ग को वरीयता दी जाएगी, साथ ही नगर पालिका क्षेत्र बलिया के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। साथ ही डोमेस्टिक ब्रीडर चेकर के 11 पद पर नियुक्त की जाएगी। जिसके लिए उम्र 18 से 40 वर्ष और

मानदेय 427 रुपया प्रतिदिन तथा महीने में 20 दिन ही कार्य होगा, 05 महीने के लिए इसके अलावा अन्य कोई भत्ता देय नहीं होंगे। इच्छुक अभ्यार्थी हाईस्कूल विज्ञान वर्ग से पास है एवं इंटरमीडिएट में जीव विज्ञान वर्ग से पास है तथा सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत हैं वे अपने समस्त प्रमाण पत्र तथा सेवायोजन कार्यालय की पंजीकरण संख्या के साथ कार्यालय में आकर प्रतिभाग कर सकते हैं और साक्षात्कार 04 सितंबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक ही होगा।

बाल वैज्ञानिकों से सजा सनबीम स्कूल अगरसंडा का प्रांगण

-टाउन पालिटेक्निक के प्रधानाचार्य इ. दिग्विजय नारायण सिंह रहे मुख्य अतिथि

-प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों की दिखी प्रतिभा, सभी ने पूरे मनोयोग से सराहा

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाछ जागरण

बलिया : आज के वैज्ञानिक युग में पुस्तकीय ज्ञान को प्रायोगिक स्तर पर सीखने के लिए बलिया के अगरसंडा ग्राम स्थित सनबीम स्कूल अपने विद्यार्थियों को सदैव प्रेरित करता है। इसके लिए वह विभिन्न नवीन आयामों से ज्ञान प्रदान करने हेतु प्रयासरत रहता है तथा शिक्षा क्षेत्र में नवाचार को स्वीकार करता है। क्रियात्मक शिक्षा के इसी क्रम में शनिवार को विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं गणित विषय पर आधारित मॉडलो की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमे कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी सूझ बूझ का परिचय दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन इं. दिग्विजय नारायण सिंह (प्रधानाचार्य टाउन पॉलीटेक्निक कॉलेज) द्वारा किया गया, तथा प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रारूपों का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर प्रांगण में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं अतः शिक्षा के

क्षेत्र में उनका सजग और क्रियाशील रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सभी बाल वैज्ञानिकों से उनके मॉडल के संदर्भ में अनेकों प्रश्न भी पूछे जिसका विद्यार्थियों ने पूरी उत्सुकता एवम जोश के साथ जवाब दिया। बच्चों के माडल का सभी ने पूरे मनोडृग से सराहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अरूण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों की सराहना की तथा उन्हें प्रेरित करते हुए कहा कि सच्ची लगन और अथक परिश्रम ही सफलता ही कुंजी है, अतः विद्यार्थियों को सदैव लगन के साथ प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि एक विद्यार्थी में कौवे की जैसी चेष्टा, कुत्ते की तरह नींद होनी चाहिए और बगुले की तरह उसका ध्यान केवल लक्ष्य पर होना चाहिए तभी वह अपने जीवन के हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह गामा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम ही विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालने का कार्य करते हैं तथा विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचने में सहायता करते हैं।

विद्यालय सदैव ही विद्यार्थियों के हुनर को तराशने का प्रयास करता है। इसीलिए विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम को सदैव बढ़ावा दिया जाता है। प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने सभी प्रारूपों की प्रसंशा की तथा विद्यार्थियों को उनके उत्तम प्रयास हेतु बधाई भी ज्ञापित की। डॉ सिंह ने इस प्रदर्शनी हेतु विद्यार्थियों का निरंतर मार्गदर्शन करने हेतु विद्यालय के विज्ञान विषय के सभी अध्यापकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

महिला शिक्षक को पतिशोक, ब्रेन हैमरेज से शिक्षक हरिद्वार मिश्र की मौत

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के कंपोजिट विद्यालय वैना की अध्यापिका ममता मिश्रा के शिक्षक पति हरिद्वार मिश्रा की ब्रेन हैमरेज के कारण निधन हो गया। निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

शनिवार को कंपोजिट विद्यालय वैना पर बच्चों व अध्यापकों द्वारा शोकसभा कर उनके पैतृक आवास ग्राम बहुआरा शिक्षा क्षेत्र मुरली छपरा बलिया पर अंजना श्रीवास्तव, संध्या सिंह, ममता सिन्हा, सरवत अफरोज धीरेन्द्र राय, अरमान अली, कुमार प्रशांत, प्रीतम गुप्ता, सुर्यकांत पांडेय, शोभा सिंह व समस्त रसोइया व आंगनबाड़ी पहुंचकर दुःखी परिवार को संबल प्रदान करने हेतु उपस्थित हुए। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना किया कि शोक संतृप्त परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों संग झाड़ू फावडा उठा दिया संदेश

-प्राथमिक विद्यालय अमृतपाली की हुई विधिवत साफ-सफाई

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

सलिया : परिषदीय विद्यालयों में इन दिनों स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा

है। शिक्षक और बच्चे स्वच्छता पर विविध आयाम प्रस्तुत कर समाज को स्वछता का संदेश दे रहे हैं।

स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के क्रम में शनिवार को शिक्षा क्षेत्र दुबहड के बच्चों और झाड़ू और फावड़ा लेकर कर विधिवत साफ सफाई की गई। बच्चों को संग ले विद्यालय की प्रधानाध्यापिका राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रतिमा उपाध्याय पीहू ने झाड़ू लगाकर समाज और बच्चों में स्वच्छता का संदेश दिया। प्रधानाध्यापिका ने फावड़ा से घास भी साफ किया।

हरिनाम सकीर्तन की पूणार्हुति

ब्रजेश दुबे, समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के घोसवती गांव के शिव मंदिर पर स्वामी हरिहरानंद जी महाराज के निर्देशन में दो महीने से अनवरत चल रहे हरिनाम संकीर्तन की पूणार्हुति शुक्रवार की शाम को हुई।

इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। सैकडों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आचार्य राममूर्ति पांडेय, पं.घनश्याम मिश्रा, अजय तिवारी, चंदन तिवारी, सुरेश प्रसाद, हरेराम दुबे, रविशंकर दुबे आदि उपस्थित रहे।

शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि

अमित सिंह, समाज जागरण

रामगढ़ (बलिया) : अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूबे छपरा, बलिया में शोक सभा का आयोजन किया गया।

शोक सभा में पूणार्नंद इंटर कॉलेज दूबे छपरा के प्रधानाचार्य श्री श्रीप्रकाश मिश्र के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर हुतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

संदिग्ध परिस्थितिय में महिला को लगी गोली, घायल

शकील खान, समाज जागरण

सुरेमनपुर (बलिया) : क्षेत्र के करमानपुर स्थित एक खेत मे शनिवार को दिन में 70 वर्षीय महिला को घास काटते समय संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गयी।

घायल महिला को खेतों में काम कर रहे लोगों ने इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले गये। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घटना की जानकारी पुलिस को देने के साथ ही महिला को गंभीर स्थिति में जिला मुख्यालय भेज दिया। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के अनुसार हेवन्तपुर निवासिनी फुलझरिया देवी 70 वर्ष पत्नी शीतल यादव बगल के गांव स्थित करमानपुर में खेत मे घास काट रही थी इसी बीच अचानक गोली वृद्धा के बांह को बेधती हुई जंघे में जा लगी। गोली लगते ही वृद्धा महिला गिरकर बेहोश हो गयी। साथ मे काम रहे लोगो ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। इस संबंध मे कोई तहरीर नही मिली है। घायल महिला के बयान के आधार पर आगे की कारवाई की जायेगी। समाचार भेजे जाने तक जिला हॉस्पिटल में महिला का इलाज जारी है जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलगाय का शिकार करने आए लोगो की गोली लगने से ही महिला घायल हुई है ।

कल्याणी में ग्रामीणों ने आयोजित किया सम्मान समारोह

दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज,रोहतास

प्रखंड अंतर्गत शिवोबहार पंचायत के कल्याणी गांव में शुक्रवार को स्वागतत सह सम्मान समारोह का आयोजन कर जदयू के जिला महासचिव विद्यानंद पांडेय के द्वारा दिनारा विधानसभा के विधायक विजय कुमार मंडल, एमएलसी अशोक कुमार पांडेय एवं राजद अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मो काबुल खान का अंग -वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया.कार्यक्रम का संचालन पैक्स अध्यक्ष सह कांग्रेसी नेता अमरेंद्र कुमार पांडे ने किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पैक्स अध्यक्ष अमरेंद्र पांडेय ने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है कि हम सबों के बीच के युवा एवं कर्मठ पार्टी के कार्यकर्ता काबुल खान को अल्पसंख्यक आयोग का सदस्य बनाया गया है, दिनारा क्षेत्र का विकास अब बहुत ही तेजी से होगा, क्योंकि यहाँ के तीन-तीन लोग प्रदेश में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो बहुत ही गौरव की बात है। विधायक मंडल ने कहा कि दिनारा विधानसभा में विकास की बयार बह रही है,यह आप सभी के लिए गर्व की बात है कि एमएलसी का पद अशोक पांडेय को बनाने के बाद अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य मो काबुल खान को बना

कर हम सभी लोंगो की सम्मान की बात है. मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष दिनाराएवं सूर्यपुरा के रमेश कुमार टोटो ,मुखिया भागीरथी सिंह, पूर्व मुखिया चंद्रमा सिंह, बीडीसी शेखर सिंह, गुपुत पांडेय,अमित पांडेय के साथ ही ग्रामीण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

नक्सलियों ने बकरामुंडी में पर्चा फेंककर दहशत फैलाने का किया दुःसाहस, पुलिस हुई सक्रिय

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(03सितम्बर)अपनी उपस्थित दर्ज कराने के लिए नक्सली पर्चा फेंककर अब अपनी भड़ास निकाल रहें हैं क्यों कि अब उनकी इतनी क्षमता तो है नहीं कि जवानों का सामना कर सके इस लिए जिले में बचे खुचे नक्सली पर्चा के माध्यम से शासन को भला बुरा कहकर अपनी कुंठा मिटाने की कोशिश में लगे हैं।इसी के चलते एक बार फिर शनिवार को लांजी के बकरामुंडी बस्ती के पास नक्सली पर्चे मिले है। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने इस-ाकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पर्चे को बरामद कर लिया गया और पुलिस अलर्ट मोड पर है। 20 दिनों में नक्सलियो के पर्चे फेंके जाने की यह दूसरी घटना है। बीते 12 अगस्त को लांजी के पौनी गांव में बैनर और नक्सली पर्चे मिले थे। एक जानकारी के अनुसार, बकरामुंडी पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 में ग्रामीणों ने जमीन पर पड़े नक्सली पर्चे देखे।

बीजेपी को पूंजीपतियों की कठपुतली बताया

जिसमें नक्सलियों ने भाजपा-सरकार को पूंजीपतियों की कठपुतली बताते हुए 21 सितंबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) माओवादी संगठन की स्थापना के 19 साल पूरे होने पर धूमधाम के साथ वर्षगांठ मनाने की बात कही है। यही नहीं पर्चे में भाकपा की स्थापना सरकारी तंत्र की खामियों और देश में आर्थिक असमानता के विषय पर लेख लिखा गया।

जबकि एक अन्य पर्चे में नक्सलियों ने शोषित और वंचितों की आवाज शीर्षक से मौजूदा केंद्र सरकार की नीतियों का विरोध किया है, जिसमें गुजराती में लिखा है मोदी ना राज मा अंबानी-अदानी मजा मां और जनता जीए सजा मा! जिसमें अदानी और अंबानी के साथ पीएम की फोटो स-ाझा किया है।

आखिर बकरामुंडी में ही नक्सलियों ने पर्चे को फेंके?

लांजी के बकरामुंडी गांव में मौजूदा वक्त में विस्थापित ग्रामीणों में शासन और प्रशासन के खिलाफ काफी ना-ाराजगी है। एक सप्ताह पहले बकरामुंडी के लगभग 25 परिवारों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर आधारभूत सुविधाओं की मांग की थी। जिन बकरामुंडी के परिवारों ने यह आवाज बुलंद की थी, उन्हें घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में होने के कारण वर्ष 2007 में बकरामुंडी की बस्ती में विस्थापित किया गया था।

लेकिन आज भी वह पट्टा सहित मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। जिसको लेकर विगत दिनों कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रभावितों ने सुविधाओं की मांग की थी। एक जानकारी के अनुसार विस्थापित परिवारों को जमीन का हक नहीं मिला है।वहीं इस मामले पर

पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने कहा कि लांजी के बकरामुंडी में नक्सली पर्चे मिले है। जिसमें पूर्व की तरह शासन का विरोध दर्ज किया है और आगामी 21 सितंबर को माओवादी संगठन के स्थापना दिवस की बात कही है।

नक्सली पर्चे को बरामद कर लिया गया है। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जंगली क्षेत्रो में सर्चिंग बढ़ा दी गई है और पुलिस अलर्ट मोड पर है।

फ्री मेडिकल कैंप और प दवा वितरण

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकंदरपुर (बलिया) : राजेश सिंह दयाल फाउंडेशन के चेयरमैन राजेश सिंह दयाल द्वारा बलिया जिले के सिकंदरपुर छेत्र में दो दिवसीय मुफ्त मेडिकल कैंप लगवाया गया है। जहां लखनऊ के चंदन हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा यहां पर मरीजों का मुफ्त में इलाज किया जा रहा है। इस कैंप में हर तरह की मुफ्त जांचे भी की जा रही हैं और जाँच के आधार पे मुफ़्त दवाएं भी दी जा रही हैं, आपको बता दें कि इस मेडिकल कैंप में हजारों की संख्या में मरीज उमड़े हैं और उनकी दवा इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा फ्री में किया जा रहा है मरीज काफी खुश नजर आ रहे हैं वही मरीजों का कहना है कि इस तरह का बड़ा कैंप कभी नहीं देखा है यह हमारे लिए बहुत ही सौभाग्य की बात है कि हमारे इस दूर दराज गांव में राजेश सिंह दयाल फाउंडेशन के चेयरमैन राजेश सिंह जी द्वारा इतना बड़ा मेडिकल कैंप लगाया गया है उन्होंने हमारे स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखा है यहां अच्छी दवाई अच्छा इलाज मिल रहा है । क्षेत्र वासियों ने राजेश सिंह दयाल को धन्यवाद एवं आशिर्वाद दिया वही राजेश सिंह ने बेबाक तरीके से मीडिया बन्धुओं से वार्ता में बताया की राजनीति समाज सेवा का सबसे बड़ा मंच है और अगर मौका मिला तो वो छेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के छेत्र में बड़ा बदलाव लाना चाहेंगे । साथ ही राजेश सिंह दयाल द्वारा बताया गया कि मेडिकल कैंप क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर लगातार चलता रहेगा और मुफ्त में लोगों को जांच इलाज और एंबुलेंस की सेवा मिलती रहेगी जिससे जनता को विशेष लाभ मिल सके इस सराहनीय पहल से क्षेत्र की जनता राजेश सिंह दयाल को बहुत-बहुत धन्यवाद दे रही है।

चंदन हॉस्पिटल से आए चिकित्सकों में डॉ.रजत कुमार मिश्र-श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. भौम चंद्र मणि - शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.साक्षी पांडे - प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. देवब्रत मिश्रा - जनरल मेडिसिन डॉ. प्रत्यूष निखार - जनरल मेडिसिन प्रमुख थे। साथ ही छेत्र के कई सम्मानित व्यक्तियों द्वारा भी इस पहल में योगदान दिया हुआ जिसमें बी ओ रमेश श्रीवास्तव, प्रिंसिपल श्री अविनाश मिश्रा,राहुल राय, राकेश राय, राजन सिंह, शनि सिंह आदि प्रमुख थे ।

अब रेल कारखाना शुरू करने के लिए संघर्ष होगा शुरू:- पप्पू यादव

दैनिक समाज जागरण डेहरी,रोहतास

बीते दिनों पटना उच्च न्यायालय द्वारा डालमियानगर स्थित क्वाटरों को खाली करने के आदेश के विरुद्ध जन अधिकार पार्टी के प्रदेश महासचिव समीर कुमार के द्वारा शुरू किए गए डालमियानगर क्वार्टर बचाओ आंदोलन को जाप सुप्रीमो सह पूर्व सांसद पप्पू यादव का मजबूती से साथ मिला।आज उसी कड़ी में सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा क्वाटरों को खाली होने से रोकने के आदेश के उपरांत विशाल जनसमूह को धन्यवाद सभा के माध्यम से पप्पू यादव ने संबोधित किया। पप्पू यादव ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम माननीय सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जारी क्वाटरों के खाली होने पर रोक को जनहित में इस फैसले का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया तत्पश्चात स्थानीय लोगों को यह वचन दिया कि उनके आशियाने को वे कभी उजड़ने नही देंगें साथ ही अगली लड़ाई अब वे डालमियानगर रेल कारखाने को शुरू करने के लिए करेंगे ताकि अब आवास के बाद लोगो को रोटी और कपड़ा के लिए कही अन्य प्रदेश में अपना परिवार छोड़कर न जाना पड़े। पप्पू यादव ने कहा कि जब उन्हें डालमियानगर क्वाटरों को खाली करने के आदेश की जानकारी उनकी पार्टी के नेता सह डेहरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी समीर कुमार के द्वारा मिली तो उन्होंने बिना किसी देरी के इस आदेश को कानूनी रूप से लड़ने के लिए पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता को डेहरी भेज वस्तुस्थिति की जानकारी ली और

लोगो के आशियाने को उजड़ने से बचाने के लिए गोली खाने का भी वादा किया। ज्ञात हो कि डालमियानगर क्वार्टरों को खाली होने से बचाने के लिए पप्पू यादव के नेतृत्व में बीते दिनों हजारों की संख्या में लोगो ने पदयात्रा की थी जिसमे चिलचिलाती गर्मी में भी लोग लगभग पांच किलोमीटर की दूरी तय किए। पप्पू यादव ने सर्वोच्च न्यायालय के प्रति भरोसा जताते हुए कहा कि लोगो के आशियाने को उजड़ने से बिल्कुल न्यायालय आगे भी रोक लगाएगा और अगर ऐसा नही होता है तो वे किसान आंदोलन से भी बड़ा जनाक्रोश आंदोलन कर लोगो के आशियाने को बचाएंगे। पप्पू यादव ने अपनी ओर से दल के तमाम नेताओं, समर्पित कार्यकताओं, युवा साथियों और प्रदेश की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि जन अधिकार पार्टी मानवतावादी विचारों और सेवा धर्म के साथ मानव उत्थान की राजनीति करने वाली पार्टी है और पार्टी की लालसा सत्ता से ज्यादा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने की रही है। जनता की हर मुसीबत में हम लोग उनके काम आएं, सदैव यही कोशिश रहती है। और हमें ये प्रेरणा जनता के द्वारा दी गई विश्वास से मिलती है, पप्पू यादव ने कहा कि हमारी पार्टी अपने नाम के हिसाब से जनता की अधिकार की न सिर्फ बात करती है, उसके लिए लगातार प्रयासरत भी है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सह राष्ट्रीय महासचिव रामचंद्र यादव, जाप प्रदेश महासचिव आलोक सिंघानिया, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित सिन्हा, युवा परिषद के प्रदेश सचिव धनु श्रीवास्तव, सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

डीजे:अंधकार की तरफ बढ़ता युवाओं का भविष्य :डॉ.मिथिलेश कुमार

60 डेसिबल से अधिक ध्वनि मानव के लिए है बहुत हानिकारक

बड़हरा।डीजे नाम सुनते ही सबके जहन में कानो में गूंजती तेज आवाज का ध्यान आता है जिसपे युवा थिरकते है।मनोरंजन नाच गान प्रत्येक मानव सभ्यता का अभिन्न अंग रहा है । प्राचीन काल मे मानव चमड़े से बने वाद्य यंत्र के साथ नाचते थे एवं अपनी किसी खुशी का इजहार करते थे साथ दुख या संकट की घड़ी में बुलावा भी इन यंत्रों से करते थे ।

आधुनिक काल मे धीरे धीरे नए अविष्कार हुए जिसमे सबसे वर्तमान में डीजे का प्रचलन बड़ा । उक्त बात डॉ. मिथिलेश कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़हरा जिला पुर्णिया ने एक भेंट के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बिहार की बात करे तो यहाँ 10 से 15 वर्ष पूर्व डीजे को नहिं के बराबर लोग जानते थे परंतु इसके उलट अब तस्वीर कुछ और ही है।मुख्य विषय ये की सभी को अपनी खुशी जाहिर करने नाचने गाने का अधिकार है परन्तु वो अधिकार दुसरो या पड़ोसियो या आने वाली पीढ़ी के भविष्य के दांव पर नही हो सकता है। मानव शरीर 120 डेसिबल से अधिक की ध्वनि नही सुन सकते है ।जबकि डीजे का सामान्य आवाज 580 डेसीबल होता है. 60 डेसिबल से अधिक ध्वनि मानव के लिए है बहुत हानिकारक अनुसंधान से पता चलता है कि यदि कोई गर्भवती लगातार 4 घण्टे रोज 2 महीने 70 डेसिबल से ज्यादा ध्वनि सुनती है तो होने वाला बच्चा कमजोर श्रवण शक्ति का या बहरा पैदा होगा। बूढे लोग लगातार यदि इस ध्वनि में रहते तो उनके कान के पर्दे फट सकते है और हार्ट अटेक की रिस्क बढ़ जाता है । स्कूल जाते बच्चे यदि हमेशा तेज डीजे की ध्वनि में रहते तो धीरे धीरे उनके श्रवण शक्ति, एकाग्रता और यादशक्ति काम होती जाती है। तनाव भी बढता है जो अभी हमे क्षेत्र में युवाओं में बढ़ती आत्महत्या के रूप में देखने मिल राह है ।।वों में लोग दीवाली से लेकर बरसात तक डीजे बजाते है तो आप कल्पना करो कि गांव में पढ़ने वाले बच्चे केसे पढ़े।मुझे लगता है शायद उनके लिए इन हालातों में पढ़ना मुश्किल है उसका परिणाम आप देख ही रहे गांव में पढ़ ने वाले बच्चे उतना अच्छा प्रदर्शन नही पा रहे है। बड़ी बड़ी परीक्षाओं एवं नौकरी में भी लगातार ये बच्चे अभिजात्य वर्ग से पीछे छूटते जा रहे है।

समय रहते नही ध्यान नही दिया जिम्मेदारों ने एक बहुत बड़ा वर्ग आर्थिक असमानता का शिकार होगा। डीजे का नियमतिकरण अतिआवश्यक हो गया है

बजाने का समय और तीव्रता को कम करना होगा। परीक्षाओ के दिनों में बिल्कुल बंद करना होगा।

सरकारी नियम बहुत है परंतु आमजन इसके दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक होंगे तभी ये सम्भव हो पायेगा। वर्तमान और आने वाले पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित होगा साथ ही हमे प्राचीन वाद्य यंत्रों का बढ़ावा देना होगा।

एबीएम सिकटी पथ के बीड़ी चौक पर सांसद प्रदीप सिंह ने किया किसान फ्यूल सेंटर पेट्रोल पंप का उद्घाटन

सांसद ने बताया पंप के खुलने से क्षेत्र के किसानों को होगा काफी फायदा

ताराबाड़ी ।एबीएम सिकटी पथ के बीड़ी चौक पर शुक्रवार देर शाम सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। पेट्रोल पंप का उद्घाटन होते हैं क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त है। किसान फ्यूल सेंटर के नाम से बनाए गए यह बायोडीजल पेट्रोल पंप है। जो अररिया प्रखंड के ताराबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत तरोना भोजपुर पंचायत के बीड़ी चौक से उत्तर एबीएम सिकटी पथ के पूरब तरफ बनाए गए हैं। इस दौरान सांसद प्रदीप कुमार सिंह, कंपनी के डायरेक्टर राजेश कुमार गुप्ता, जोनल मैनेजर सोनू कुमार, जोनल ऑफिसर एकनाथ जी, सेल्स ऑफिसर चंदन कुमार, पंप के प्रोपराइटर उमेश साह, परमानंद साह, उपमुखिया वार्ड सदस्य संघ के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार झा आदि के द्वारा संयुक्त रूप

से फिता काटकर बड़ी आबादी व कृषि प्रधान इस क्षेत्रफल के बीच पेट्रोल पंप का उद्घाटन किया। मौके पर संबोधित करते सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस पेट्रोल पंप के खुलने से किसानों को काफी सुविधा मिलेगा। क्षेत्र के किसानों को उचित मूल्य पर समय से डीजल मिल सकेगा। जिससे लोग समय से खेतों की सिंचाई कर सकेंगे। वहीं सांसद ने बताया कि रोड से रोजगार का सृजन होता है। कुछ दिन पहले सड़क की बदहाली के कारण लोग बीड़ी चौक पर आना भी नहीं चाहते थे। लेकिन एबीएम सिकटी पथ के निर्माण कराए जाने लोगों को स्वरोजगार का लाभ मिला है। आज यहां पैट्रोल पंप का उद्घाटन होने से क्षेत्र के लोगों को ओर भी कई तरह के लाभ मिलेंगे। बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम जिले का सर्वांगीण विकास हुआ है। आमलोग भी सुदृढ़ हुए हैं जिसका परिणाम जिले में कई तरह के मॉल, पेट्रोल पंप, बड़े-बड़े होटल आदि बने हैं। मौके पर उपप्रमुख प्रतिनिधि श्याम पासवान, पटेगना भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू कुमार साहू उर्फ.बमबम साह, सुजीत सनातनी, अकेश्वर यादव, नवीन यादव, सुशील सिंह, संजीत कुमार यादव, विनोद कुमार साह, दिव्येंश कुमार सिंह कांहू, सुरेश प्रसाद सिंह, गुनानंद सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, वाहन संचालक, किसान व ग्रामीण मौजूद थे।

सामाजिक उत्थान में मनोविज्ञान की भूमिका विषय पर स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग बीएनएमयू में संगोष्टी अयोजित

मधेपुरा। स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग उत्तरी परिसर बीएनएमयू में एक संगोष्टि का आयोजन किया गया जिसमें सामाजिक उत्थान में मनोविज्ञान की भुमिका विषय पर चर्चा की गई। संगोष्टी की अध्यक्षता मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एम आई रहमान ने किया। प्रोफेसर उषा सिन्हा, विभागाध्यक्ष स्नातकोत्तर हिंदी विभाग मुख्य अतिथि थीं और श्रीमति प्रियंका एसिस्टेंट प्रोफेसर स्नातकोत्तर गृह-विज्ञान विभाग विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुईं। विभाग के एसिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह ने विषय प्रवेष किया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती प्रियंका ने मनोविज्ञान विषय की सराहना करते हुऐ यह स्पष्ट किया कि मनोविज्ञान न केवल मन और मानव व्यवहार का अध्ययन करता है बल्कि मानव कल्याण और समाज उत्थान में इसकी विषेश भूमिका है। उन्होंने कंप्यूटर और उस से संबंधित कार्यों की चर्चा करते हुऐ बताया कि आज के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर जो कार्य वैज्ञानिक कर रहे हैं उसमें भी मनोविज्ञान की अहम भूमिका है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर उषा सिन्हा ने साहित्य और मनिविज्ञान की चर्चा करते हुऐ बताया कि साहित्य की उत्पति समाज में होती है और कोई

भी साहित्य मनोविज्ञान के बगैर अधुरा है। मनोविज्ञान की भुमिका साहित्य के हर एक क्षेत्र में है और सफल साहित्यकार वही है जिसकी मजबूत पकड़ मनोविज्ञान पर है। प्रोफेसर एम आई रहमान ने अपनी बातें रखते हुए यह स्पष्ट किया कि प्रत्येक सामाजिक समस्या का अपना मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण होता है। आज भारतीय समाज विभिन्न कुरीतियों, विषमताओं तथा समस्याओं का शिकार है; उदाहरण के लिए-दहेज-प्रथा, जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, आतंकवाद, बेरोजगारी तथा हिंसा की प्रवृत्तियाँ। इन समस्याओं के समाधान हेतु प्रयास करते समय उनके मनोवैज्ञानिक पक्ष की अनदेखी नहीं की जा सकती। ये समस्याएँ समाज के व्यक्तियों से सम्बन्ध रखती हैं। और समाज के व्यक्तियों की भावनाओं, रुचियों, अभिरुचियों, प्रथाओं एवं परम्पराओं का अध्ययन करके ही उनकी मनोवृत्तियों में परिवर्तन सम्भव है। समाज मनोविज्ञान, सामाजिक समस्याओं के मनोवैज्ञानिक पक्ष को समझकर उनके समाधान का प्रयास करता है। इस प्रकार सामाजिक समस्याओं को हल करने में मनोविज्ञान के अध्ययन की अत्यधिक आवश्यकता प्रतीत होती है। डाक्टर आनंद कुमार सिंह ने विषय प्रवेष करते हुऐ आज के शीर्षक की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में शोधार्थियों एवम छात्र छात्राओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी का सफल संचालन प्रथम सेमेस्टर की छात्रा प्रीति ने किया। मंजीदा फारुकी, सोनल कुमारी, श्रुति, नेहा तबस्सुम, नितिज्ञा भूषण, पवन कुमार, मोहम्मद शमशाद आलम, कृष्ण कुमार, राकेश रंजन, नीतीश कुमार, पूजा कुमारी, सीमा सुमन, प्रतिभा कुमारी, आरती कुमारी, रौशन कुमारी, निहारिका कुमारी, प्रीति कुमारी, हरि प्रिया, शाहीना खातून, कमल कुमारी, मेघा कुमारी, नूरी चमन खातून, जुली कुमारी, मिन्नी कुमारी, अर्चना गांधी, बंदना कुमारी आदि विषेश रुप से उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर सिकन्दर कुमार ने दिया।

बीएनएमयू कुलपति कार्यालय परिसर में शोकसभा का आयोजन

डॉ. कृष्णदेव नारायण ठाकुर के निधन से विश्वविद्यालय परिवार को एक अपूर्णीय क्षति : कुलपति

मधेपुरा। विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा में राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कृष्णदेव नारायण ठाकुर के सम्मान में बीएनएमयू कुलपति कार्यालय परिसर में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. आर. के. पी. रमण ने बताया कि डॉ. ठाकुर का गत 17 अगस्त, 2023 (वृहस्पतिवार) को दिन के लगभग 03:30 बजे निधन हो गया। इससे विश्वविद्यालय परिवार को एक अपूर्णीय क्षति हुई है और पूरा विश्वविद्यालय परिवार मर्माहत है। उन्होंने बताया कि 30 सितम्बर, 1929 को मुजफ्फरपुर में जन्मे डॉ. ठाकुर हमारे विश्वविद्यालय के टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा के शासी निकाय के सदस्य भी रहे थे। उन्होंने पार्वती विज्ञान महाविद्यालय के स्थापना में शासी निकाय के उपाध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संत अवध कीर्ति ना० डिग्री कॉलेज के संस्थापक अध्यक्ष, वेद व्यास महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष, एवं बाबू कीर्ति ना० मंडल के द्वारा खोले गए 17 महाविद्यालयों के शासी निकायों में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया । 1957-58 तक हरिहर साह महाविद्यालय के उप प्राचार्य एवं 1959 ई0 से टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा में कार्यरत रहे । कोशी प्रमंडल के शैक्षणिक उन्नयन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

सभी उपस्थित लोगों ने डॉ. ठाकुर की आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया और ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें तथा दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों एवं शुभचिंतकों को धैर्यधारण करने की क्षमता दें। इस अवसर पर डीएस-डब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह, कुलानुशासक डॉ. बीएन विवेका, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, डॉ. ललन प्रसाद अद्रि, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. सुधांशु शेखर आदि उपस्थित थे।

कुसार्काटा थाना में एएसआई का हुआ विदाई सह सम्मान समारोह, नए का हुआ स्वागत

कुसार्काटा/ प्रदीप कुमार झा । थाना परिसर में शनिवार को स्थानांतरित एएसआई अजय कुमार को विदाई दी गई तो नव पदस्थापित एएसआई विश्वजीत गुप्ता का स्वागत किया गया. विदाई समारोह की अध्यक्षता पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता द्वारा किया गया तो मंच संचालन की जिम्मेदारी पूर्व सरपंच प्रमोद कुमार मंडल द्वारा किया गया. इस अवसर पर युवाओं के द्वारा एएसआई अजय कुमार को माला पहनाकर, अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया. वहीं नए एएसआई विश्वजीत गुप्ता का माला पहनाकर स्वागत किया गया. समारोह में जहां एएसआई अजय कुमार के कार्यकाल की सराहना की गई तो एएसआई ने थाना क्षेत्र के लोगों के सहयोग की सराहना की. इस दौरान

तबादला कुसार्काटा थाना से बौसी थाना तो एएसआई विश्वजीत गुप्ता मदनपुर ओपी से कुसार्काटा थाना भेजा गया है. एएसआई विश्वजीत गुप्ता ने आश्वस्त किया की मिले निर्देश का जिम्मेदारी से निर्वहन का प्रयास करूंगा. मौके पर सीओ श्यामसुंदर, आरओ कुमार रोहित, थानाध्यक्ष विमल कुमार मंडल, पुअनि नेपाल प्रसाद, नागेंद्र कुमार, एएसआई अजय, मुखिया प्रतिनिधि अरविंद कुमार मंडल, पैक्स अध्यक्ष कौआकोह विकास कुमार यादव, पैक्स अध्यक्ष राजकुमार राय,मो शाहजहां, बिनोद यादव, नरेश झा, मिलन कुमार, गौरव कुमार सिंह, विद्यानंद पासवान, रंजित गुप्ता, चुन्ना कुमार, निशांत झा, सूरज पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना के शिकार हुए उम्र 48 वर्षीय प्रकाश झा के निधन से अररिया में मातमी सन्नाटा

मृतक पंडित अजय झा के साले व परशुराम परिषद से जुड़े हुए थे

अररिया। परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक सह वरीय समाजसेवी पंडित अजय कुमार झा जी का साला प्रकाश झा जी (उम्र 48)का सड़क दुर्घटना के कारण शुक्रवार की देर रात पूर्णियां के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया। सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी प्रकाश जी के निधन से जहां पंडित अजय बाबा मर्माहत हैं वहीं अररिया खरैया बस्ती वार्ड 13 उनके निज निवास पर कोहराम मचा हुआ है। बता दें कि खरैयाबस्ती वार्ड नंबर 13, निवासी सिमांचल कंस्ट्रक्शन के /अभिन्न अंग व परशुराम परिषद् के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष /पंडित श्री अजय कुमार झा जी के निकटतम संबंधी प्रकाश झा जी सड़क दुर्घटना में

अररिया बाजार समिति के निकट वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे । बेहतर ईलाज के लिए उन्हें पूर्णिया के मैक्स 7 अस्पताल में भर्ती किया गया जहां ईलाज के दौरान वे परमधाम चले गए। अजय बाबू एवम उनकी धर्मपत्नी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शान्ति एवं परिजनों को धैर्य प्रदान करें की कामना बाबा परशुराम से किया।

पोषण रैली एवं पोषण शपथ ग्रहण कार्यक्रम अयोजित

अररिया। पोषण अभियान के अन्तर्गत दिनांक 01 सितम्बर, 2023 से 30 सितम्बर, 2023 तक पोषण के प्रति जागरूकता हेतु पोषण माह का आयोजन जिला/परियोजना/ऑगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार किया जाना है। पोषण माह के दौरान समग्र रूप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में अपेक्षित सुधार लाने हेतु जन भागीदारी के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष "पोषण माह" की गतिविधि मानव

जीवनचक्र के प्रमुख चरणों (गर्भावस्था, शैशवावस्था. बचपन और किशोरावस्था) के बारे में जागरूकता तथा उनके पोषण आधारित संवेदीकरण के लिए केन्द्रित है। इस वर्ष पोषण माह का थीम "सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत" है।

इस क्रम में जिला स्तर पर आज दिनांक 02.09.2023 को जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई०सी०डी०एस०, श्रीमती मंजूला कुमारी व्यास की अध्यक्षता में एक पोषण रैली एवं पोषण शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रैली आयोजन जिला जिला प्रोग्राम कार्यालय, समाहरणालय परिसर से निकल कर शहर के सभी चौक चौराहों क्रमशः थाना परिसर से समिति चौक, काली मंदीर चौक चॉदनी चौक होते हुए पुनः समाहरणालय परिसर में पोषण रैली का समापन किया गया। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों के द्वारा कुपोषण को दूर भगाने के लिए एक पोषण के जागरूकता के प्रति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक पोषण अभियान, जिला परियोजना सहायक, जिला मिशन मसन्वयक, लैंगिक विशेषज्ञ महिला विकास निगम, सहित सभी महिला पर्यवेक्षिका, ऑगनबाडी सेविका और नगर क्षेत्र की लाभुकों ने भाग लिया।

विभागीय निदेश के आलोक में बुनियाद केंद्र में हुई दिव्यांगजन समूह के साथ बैठक

फारबिसगंज । शनिवार 02 सितम्बर 2023 फॉरबिसगंज ब्लॉक परिसर में अवस्थित बुनियाद केंद्र में विभागीय निदेश के आलोक दिव्यांगजन समूह के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वप्रथम दिव्यांगजनों को जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा प्रदत Motorised tricycle से उनके जीवन में क्या बदलाव आया है, इस पर चर्चा हुई। इस क्रम में कई लाभार्थी (मोहर लाल मण्डल, सदानंद मण्डल, अमनुल्लाह, अनीता देवी, सुनीता देवी आदि) द्वारा बताया गया कि वो इनके मदद से कई प्रकार के व्यवसाय कर रहे हैं, जिनसे प्रतिदिन उनकी अच्छी कमाई हो जाती है। इनके द्वारा किये जाने वाले व्यवसायों में ट्यूशन पढ़ाना, चुड़ी

बेचना, सब्जी बेचना, अंडा एवं चिकन बेचना आदि शामिल हैं। बताया गया कि जिले में अबतक 221 लोंगो के बीच Motorised tricycle का वितरण किया गया है। बैठक में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने में आने वाले कठिनाइयों को किस प्रकार से दूर किया जाय इसपर भी चर्चा कि गई। जानकारी देते हुए बताया गया कि है कि प्रत्येक प्रखंड स्तर पर ढलुउ में प्रत्येक सप्ताह इस प्रकार का प्रमाण पत्र बनाया जाता है। दिव्यांगजनों को पेंशन मिलने में हो रही कठिनाई को दूर करते हुए जानकारी दी गई कि वो प्रत्येक प्रखंड तथा बुनियाद केंद्र एवं जिला कार्यालय में आकर अपनी समस्या को अगर किसी भी माध्यम से रख देते हैं तो उनका त्वरित समाधान किया जाएगा। बैठक में इसके अलावे बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज प्रथा निषेध आदि पर भी विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन के अलावे सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग श्री नितेश कुमार पाठक, जागरण कल्याण भारती के अध्यक्ष श्री संजय कुमार, बुनियाद केंद्र के उद्घट आशिफ इकबाल, कार्यपलक सहायक मो फिरोज तथा अन्य उपस्थित थे।

सामाजिक सद्भाव का मिशाल बना प्रांगण रसोईः प्रो. अभिषेक

प्रांगण का कार्यक्रम समाजसेवा का अनूठा प्रमाणः इफ्तेखार

मधेपुरा। राष्ट्रीय लोक जनता दल बिहार के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो. अभिषेक कुशवाहा के द्वारा सहयोगकर्ता के रूप मे बड़ी दूर्गा मंदिर के प्रांगण में भंडारा में खिचड़ी का विवरण किया गया। इस भोजन कार्यक्रम में रालोजद के प्रो.अभिषेक कुशवाहा, रालोजद नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मो. इफ्तेखार आलम उर्फ गुड्डू, रालोजद नेता उज्जवल यादव, हर्ष राज और प्रांगण रंगमंच के सदस्यगण द्वारा बड़ी संख्या में लोगो को भोजन करवाया गया। प्रो. अभिषेक कुशवाहा ने कहा है कि सामाजिक सरोकारो से जुड़े प्रांगण रंगमंच की अनुषांगिक ईकाई प्रांगण रसोई द्वारा प्रत्येक शनिवार को प्रसाद के रूप में भोजन कराया जा रहा है। प्रांगण रसोई समाज मे सामाजिक सद्भाव की एक मिशाल है। सामाजिक सद्भाव का अगर

नमूना देखना हो तो बड़ी दूर्गा मंदिर में आप देख सकते है। सभी तबके के लोग, गरीब, अमीर हर शनिवार को बड़ी दूर्गा मंदिर के प्रांगण में निशुल्क भोजन प्रसाद के रूप मे ग्रहण करते है। इस सामाजिक कार्यो में हम सभी को मिलकर सहयोग करना चाहिए और पुण्य का भागी बनना चाहिए। मै प्रांगण रंगमंच के सभी सदस्यागण का आभार प्रकट करता हूँ और समाजसेवा के इस अतुलनीय कार्य के लिए बहुत बहुत साधुवाद देता हूँ। इसी तरह आप सामाजिक कार्य के प्रति सदा अग्रसर रहे। रालोजद नेता मो. इफ्तेखार आलम उर्फ गुड्डू एवं रालोजद नेता उज्जवल यादव ने कहा है कि जिस तरह से प्रांगण रंगमंच के द्वारा जो हर शनिवार को निशुल्क भोजन हर समुदाय के लोगो को कराया जा रहा है यह जनसेवा की मिशाल है। हम सभी को इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर जिला योजना पदाधिकारी व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कुन्दन कुमार सिंह, क्लर्क प्रकाश सिंह, सौरभ कुमार, नारद, पिंटू सिंह, प्रांगण रंगमंच के मुख्य संरक्षक प्रो प्रदीप कुमार झा, अध्यक्ष प्रो. संजय कुमार परमार, सचिव अमित आनंद, संस्थापक सदस्य दिलखुश कुमार, प्रांगण रसोई प्रभारी विक्की विनायक, अक्षय कुमार, मुरारी सिंह, अभिषेक सोनी, बबलू कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

आईएसएचटीएच कार्यक्रम के तहत मंडल कारा में 1163 लोगों की हुई समुचित जांच

जिले में पूरी तरह सफल रहा एकीकृत सिफलेसिस, एचआईवी, टीबी व हेबेटाइटिश जांच कैंपेन

कारा के कैदियों में एचआईवी, यौन संचारित संक्रमण, हेपेटाइटिस व टीबी के प्रसार का खतरा अधिक

अररिया । राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के निदेर्शानुसार मंडल कारा अररिया में संचालित दस दिवसीय आईएसएचटीएच यानी एकीकृत सिफलेसिस, एचआईवी, टीबी व हेबेटाइटिश कैंपेन सोमवार को संपन्न हुआ। इस क्रम में मंडल कारा के कुल 1163 बंदी व कर्मियों समुचित जांच की गयी। वहीं अभियान के क्रम में पर्यवेक्षण गृह के 37 बच्चों की जांच संभव हो पाया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए डीपीएम एड्स अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि हालिया अध्ययन में ज्ञात हुआ है कि एचआईवी, यौन संचारित संक्रमण, हेपेटाइटिस बी व सी सहित टीबी रोग का प्रसार का खतरा सामान्य आबादी की तुलना में जेल की आबादी में बहुत अधिक है। लिहाजा पूरे देश में आईएसएचटीएच विशेष कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। ताकि संदेहास्पद रोगियों को चिह्नित करते हुए समुचित इलाज की सुविधा उन्हें उपलब्ध कराया जा सके।

कारा के कैदी उच्च जोखिम वाले समूह में शामिल

कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी व सीडीओ डॉ वाईपी सिंह ने बताया कि कारा में बंद कैदियों के बीच उच्च जोखिम वाला व्यवहार, असुरक्षित यौन संबंध, नशीली दवाओं का सेवन, जबरदस्ती, हिंसा, खराब मानसिक स्वास्थ, कारावास में रहने वाले कैदियों की जीवनशैली उन्हें एचआईवी-एड्स, एसटीआई, टीबी व हेपेटाइटिस रोग के लिहाज से जोखिम में डालता है। उच्च जोखिम वाले चिह्नित इस समूह तक उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं की आसान पहुंच व शीघ्र उपचारित करने के उद्देश्य से देश के सभी जेलों में आईएसएचटीएच कार्यक्रम संचालित करते हुए सघन जांच अभियान सह जागरूकता अभियान संचालित किये जाने की जानकारी उन्होंने दी।

अभियान के क्रम में करीब 12 सौ लोगों की हुई जांच

जिला टीबी समन्वयक दामोदर शर्मा ने बताया कि मंडल कारा में संचालित दस दिवसीय इस विशेष अभियान के क्रम में मंडल कारा में नौ दिन व पर्यवेक्षण गृह में एक दिन इस विशेष अभियान का संचालन किया गया। इस क्रम में मंडल कारा में कार्यरत कर्मी व बंद कैदियों को मिलाकर कुल 1163 लोगों की समुचित जांच की गयी। साथ ही पर्यवेक्षण गृह के कुल 33 बच्चों का अभियान के क्रम में जांच संभव हो पाया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मंडल कारा में 66 लोगों के एचआईवी जांच में सभी रिपोर्ट निगेटिव मिले। वहीं सिफलेसिस के 38, हेपेटाइटिश बी के 16 व हेपेटाइटिश सी के 04 संदिग्ध मरीज मिले। अभियान के क्रम में टीबी के 37 संभावित मरीजों को चिह्नित किये जाने की जानकारी उन्होंने दी। अभियान की सफलता में अभियान के जिला पर्यवेक्षक साहिद फरहान, एसटीएस अविनाश भाष्कर, काउंसेलर नदीम अहमद, काउंसेलर शिव कुमार सहगल, एलटी विजय कुमार, मो तौसीम व फर्मासिस्ट मो इमरान ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

धूप की तेज तपन के कारण धान की फसल प्रभावित खेतों में पड़ी दरारें बारिश नहीं होने से किसान परेशान

ट्यूबवेल के पानी से किशन धान की कर रहे सिंचाई बोले बगैर बारिश के नहीं आ सकती धान की फसल

रायसेन। सावन भादो के महीना में ऐसी विचित्र स्थिति कई वर्षों बाद देखने मिली है की बारिश के दिनों में पानी नहीं गिर रहा है जिसके कारण हजारों हेक्टेयर में लगाई गई धान की फसल तेज धूप की तपन के कारण बबार्दी की कगार पर पहुंचते जा रही है धूप का टेंपरेचर इतना ज्यादा है कि किसान भाई अपने खेतों में ट्यूबवेल से पानी दे रहे हैं परंतु इधर पानी लगाते हैं तो उधर तेज धूप के कारण सूख रहा है कई खेतों में दरार चल रही हैं कुल मिलाकर अन्नदाता इस समय बेहद परेशानी के दौर से गुजर रहा है । प्रकृति ने भी अपना स्वरूप बदलते हुए असर दिखना शुरू कर दिया है ऐसी भयावह स्थित कई वर्षों बाद देखने मिल रही है कि बारिश के मौसम में सूखा पड़ रहा है उमस इतनी तेज है कि भीषण गर्मी के कारण जहां एक और खरीफ की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी से लोग भी परेशान हो रहे हैं इस प्रकार की स्थिति को देखते हुए जिले के हजारों किसान इस समय संकट की स्थिति में चिंतन मनन के दौर में चल रहे हैं क्योंकि लाखों रुपए की लागत लगाकर धान की फसल उन्होंने अपने खेतों में लगाई है परंतु इस बार पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण धान की फसल बबार्दी की कगार पर पहुंच रही है जिससे हजारों किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच रही हैं । जिला मुख्यालय के आसपास ग्राम वन गवा, धनोरा, पेमद, मऊजागीर, मानपुर, परसोरा, खरगावली, चांदना, मुरैल कला, संचेत, दीवानगंज आदि ग्रामीण क्षेत्रों में धान की फसल का जहाज लिया गया जहां पाया गया है कि तेज धूप के कारण खरीफ की धान फसल बुरी तरह से प्रभावित हो रही है ट्यूबवेल का पानी भी फसल में काम नहीं आ पा रहा है खरीफ की धान फसल ऐसी फसल है जो बारिश के पानी से ही आती है मोटर पंपों से कहां तक किसान भाई खेतों में पानी देंगे । वैसे

भी देखा जाए तो इस वर्ष में नौतपा के समय ही लोगों को ज्ञात हो गया था कि क्षेत्र में इस साल कम बारिश होना है और स्थिति भी ठीक वैसे ही निर्मित हो रही है धान की फसल बारिश का पानी मांग रही है परंतु पानी के स्थान पर प्रकृति भी फसल को तेज धूप दे रही है जिससे खेतों में खड़ी धान की फसल कहीं पीली पड़ रही है तो कहीं सूख रही है कहीं खेतों में भीषण गर्मी के कारण खेतों में दरार चलती दिख रही हैं खेत में काम कर रहे किसान रामकृपाल, मोहन सिंह, विजय सिंह विजय सिंह, परम सुख, मेहरबान सिंह, तुलसीराम आदि किसानों ने बताया कि तेज धूप के कारण धान की फसल बर्बाद हो रही है लाखों रुपए खर्च कर हमने धान की फसल लगाई है अगर इसी प्रकार से क्षेत्र में बारिश नहीं हुई तो किसने की हालत और ज्यादा खराब हो जाएगी और अन्नदाता बबार्दी की कगार पर पहुंच जाएंगे। किसानों का कहना है कि अभी पिछली बार की बारिश में हमने धान फसल में महंगी दरों पर यूरिया खाद खरीद कर फसल में छिड़काव किया है जिसमें पानी देना जरूरी है परंतु आसमान में कभी-कभी बदल तो छाते हैं परंतु बारिश नहीं हो रही है बारिश के स्थान पर तेज धूप पड़ रही है जिससे खेतों में खड़ी धान फसल सूखने की कगार पर हो रही है। जिला मुख्यालय रायसेन तहसील सहित गैरतगंज बेगमगंज देवरी उदयपुरा बरेली सिलवानी गवारगंज औबेदुल्लागंज सांची दीवानगंज मंडी दीप गोहरगंज सुल्तानपुर देवनगर आदि क्षेत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार खरीफ की धान फसलों को इस समय भारी नुकसान पहुंच रहा है अगर इस भादो माह में बारिश नहीं होती है तो खरीफ की धान फसल पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगी अब है तो प्रकृति के हाथ में है कि आगामी समय मैं बारिश होती है या नहीं हजारों अन्नदाता किसान रायसेन जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की पहले भी मांग कर चुके हैं परंतु अभी तक राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं अब देखना है कि तेज धूप के कारण बर्बाद हो रही फसलों की दिशा में राज्य सरकार अन्नदाता किसानों के हित में क्या कदम उठाती है यह तो समय ही बताएगा।

दुआएं कमाना ही हमारे जीवन का लक्ष्य हो- ब्रह्माकुमारी

रायसेन। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मुखर्जी नगर द्वारा स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें रेखा दीदी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम पढ़ाई करते हैं तो कहीं ना कहीं इस पढ़ाई का लक्ष्य यह लेकर चलते हैं कि हमारे जीवन में सुख, शांति, खुशी हो, दुनिया में कहावत है कुछ पाने के लिए कुछ खोना पड़ता है। लेकिन हम कहते हैं कुछ पाने के लिए बहुत कुछ करना पड़ता है तभी हम अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। साथ-साथ तन, मन की पवित्रता हमारे लिए अति आवश्यक है तन पवित्र रखना है तो हमें भोजन की शुद्धता रखना जरूरी है साथ ही इन आंखों से बुरा ना देखना कानों से बुरा ना सुनना, हम बुरे कर्म करने से बचें पर कभी बुरे रास्ते पर ना चले, मन की पवित्रता जब हम मन की पवित्रता की बात करते हैं तो पहले जानने की आवश्यकता है कि आखिर यह मन क्या है मन हमारी आत्मा की एक संपूर्ण शक्ति है जिसका कार्य है विचार करना विचार का आधार होता हमारी भावनाएं, भावना का आधार हमारी वृद्धि और वृद्धि का आधार स्मृति और स्मृति का आधार हमारी दृष्टि कहां जाता है। हम जिस रंग का चश्मा पहनते हैं वैसा ही दिखता है कहने का भाव मन की पवित्रता का आधार हमारे पवित्र विचार भावनाएं, वृत्ति, स्मृति और दृष्टि हमारा मन सुमन बनता ही तब है जब हम व्यर्थ, नकारात्मक

और अशुभ विचारों से मुक्त हो। ब्रह्माकुमारी अनु दीदी ने कहा कि परचिंतन पतन की जड़ है हमें अपने जीवन में तीन पर काटने हैं परचिंतन, पर-दर्शन, परमत। हमें करना है स्वचिंतन, स्वदर्शन, और ईश्वरीय मत पर चलना चाहिए। जो ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर सिखाया जाता है तो इस आध्यात्मिक ज्ञान को हमें अपने जीवन में लाना चाहिए उसके लिए मेडिटेशन जरूर सीखें। अपने जीवन को तन मन से स्वस्थ बनाए। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि हमें तीन प्रकार की फैक्ट्री खोलनी है जो निशुल्क खोल सकते हैं एक फैक्ट्री आइस फैक्ट्री जो हमें अपने मन में खोलनी है मन को शांत रखना है, शीतल रखना है, ठंडा रखता है दूसरी शुगर फैक्ट्री जो हमें अपने मुख पर खोलनी है, सभी से हमें मीठा बोलना है। तीसरी फैक्ट्री लव फैक्ट्री, हमें अपने दिल में खोलनी है सभी से स्नेह रखना है किसी से वैर भेदभाव नहीं रखना है। हमें वह कर्म करने हैं जिससे हमें दुआएं मिले यही हमारे जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। हमें अपने लक्ष्य पर ध्यान देना है ना कि यह सोचना है कि लोग क्या कहेंगे, मुझसे नहीं होगा, मेरी किस्मत में नहीं है, मेरे पास टाइम नहीं है, मैं नहीं कर सकता यह शब्द हमारे मन को कमजोर कर देते हैं। विवेकानंद एक थे जिन्होंने पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। अब्दुल कलाम गरीब परिवार से थे लेकिन भारत के राष्ट्रपति और वैज्ञानिक बंद करके दिखाएं आप भी अपने आप को यूनिक समझे और अपने जीवन में कुछ विशेष करने का लक्ष्य रखें। अधिक संख्या में बच्चों ने कार्यक्रम का लाभ लिया

कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष का कुशवाहा समाज ने भव्य स्वागत कर किया सम्मान

जो समाज का साथ दे आप उसका खुलकर साथ दो,,,, नारायण सिंह कुशवाहा

रायसेन। अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के तत्वाधान में शनिवार को सांची रोड स्थित राम अयोध्या गार्डन में अभी हाल ही में राज्य शासन द्वारा नियुक्त किए गए कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष राज मंत्री का दर्जा प्राप्त नारायण सिंह कुशवाहा का रायसेन कुशवाहा समाज द्वारा भव्य स्वागत करते हुए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कुशवाहा समाज के पदाधिकारी सहित समाज के नागरिक कौन है बड़ी संख्या में भाग लिया। कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा का समाज द्वारा शहर में रैली निकालकर भव्य स्वागत किया गया नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर रैली का लोगों ने स्वागत किया। आयोजित किए गए स्वागत सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कुशवाहा समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज के इस आधुनिक दौर में समाज में एकता होना बहुत जरूरी है तभी हम मजबूत समाज दे पाएंगे उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि जो हमारा साथ दे उसका आप खुलकर साथ दो मैं समाज सेवा के क्षेत्र में पिछले सन 1997 से समाज सेवा का काम करता

रहा हूं जितना मुझे वन पड़ता है समाज के लिए ही हमेशा ततपर रहता हूं समाज की उन्नति के लिए मैंने लगातार प्रयास किए हैं । उन्होंने कुशवाहा समाज के लोगों से कहा कि आप सामाजिक राजनीतिक स्तर से अपनी पहचान बनाएं और युवा पीढ़ी को संस्कार और शिक्षा देकर उनकी तरक्की में भागीदार बने उन्हें समाज सेवा के बारे में बताएं तभी समाज एक सशक्त समाज बन पाएगा उन्होंने जिला मुख्यालय पर स्थापित कुछ मांगलिक भवन के बारे में बताया कि बहुत अच्छी पहल है यहां समाज के लिए भवन है जिसमें समाज के कार्यक्रम आयोजित होंगे मुझे प्रसन्नता है इस बात की कुशवाहा समाज एकजुट होकर समाज की मजबूती के लिए काम करेगा। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी कुशवाहा समाज के लोगों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी और सम्मान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष मूलचंद कुशवाहा, समाजसेवी नरेश कुशवाहा, नारायण कुशवाहा, भैया लाल कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, हरिराम कुशवाहा, युवा समाजसेवी सुरेश कुशवाहा, गणेश कुशवाहा,वीरेंद्र कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, शहर बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे।

लंदन से कानपुर आई बेटी ने पिता के खिलाफ दर्ज कराई एफ आई आर, तलाश में जुटी पुलिस

- पिता पर बीमार मां को मारपीट कर लाखों की नकदी और जेवरात लूटने का आरोप

सुनील बाजपेई कानपुर यहां के नौबस्ता थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जहां लंदन में पढ़ कर रही बेटी ने कानपुर आने के बाद अपने पिता के खिलाफ गंभीर धारों में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक नशे का आदी और बहुत अय्याश उसका पिता बीमार मां को मारपीट कर लाखों की नकदी और जेवरात लेकर चंपत हो गया है।

इस घटना का संबंध नौबस्ता थाना क्षेत्र की हवाई ब्लॉक किदवई नगर का है ,जहां की रहने वाली सिद्धार्थ थी अवस्थी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह लंदन में रहकर पढ़ कर रही है। सिद्धार्थी के मुताबिक उसका पिता राजेंद्र अवस्थी बहुत अय्याश और नश का भी आदी है। जबकि उसके दो अन्य भाइयों में एक लखनऊ और दूसरा बाहर रहकर ठेकेदारी करता है।

लंदन में पढ़ कर रही सिद्धार्थी ने बताया कि गत दिवस उसके पिता राजेंद्र अवस्थी ने बीमार मां रानी के साथ जमकर मारपीट की और फिर लगभग 20 लाख रुपए से ज्यादा के जेवरात और 11 लाख रुपए की नकदी भी लूट कर ले गया। इस दौरान उसने ऑक्सीजन के लिए लगाया गया पाइप भी निकाल कर फेंक दिया ,जिससे उसकी मां की जान जाते बची। घटना संबंधित इलाके में चर्चा का विषय भी बनी हुई है। वहीं पुलिस ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज करके फरार आरोपी पिता की तलाश की जा रही है।

केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष एवं विस अध्यक्ष शोक संवेदना व्यक्त करने ग्राम केवट पिपलिया पहुंचे

रायसेन। भारत सरकार में कृषि मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तथा विधानसभा अध्यक्ष शनिवार को उदयपुरा तहसील केवट पिपलिया पहुंचे जहां पर पूर्व मंत्री एवं सिलवानी विधायक रामपाल सिंह के मंझले भाई के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

भारत सरकार में मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा तथा विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम शनिवार को हेलीकॉप्टर से उदयपुरा पहुंचे। वहां से वाहनों से बाय रोड केवट पिपलिया पहुंचकर पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रामपाल सिंह के मंझले भाई स्व. रुद्र प्रताप सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्ति की।

केंद्रीय मंत्री श्री तोमर, प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने शोकाकुल परिवार विधायक रामपाल सिंह एवं अन्य परिजनों के साथ बातचीत की और इस दुख की घड़ी में ढाढ़स बांधते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, पूर्व विधायक साधना स्थापक, पूर्व मंत्री अजय बिश्नोई, पूर्व विधायक शशि प्रभा राजपूत, पूर्व विधायक रसाल सिंह, मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला, दीपक रघुवंशी, कुलदीप बिश्नोई, धर्मेंद्र राजपूत जिला उपाध्यक्ष, राज प्रताप सिंह, डॉ देवेंद्र धाकड़, अमित सिंह बैतूल, राम मनोहर धाकड़, मनोज चौधरी, विष्णु रावत, मुकेश राय, जयदीप पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

सात साल पहले लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते समय चार लोगो की हुई मौत मामले में अचानकपुर निवासी को हुई सजा

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बिरसा/बालाघाट।(03 सितम्बर) बिरसा पुलिस थाना अंतर्गत ग्राम मछुरदा साप्ताहिक बाजार से पिकअप वाहन वापस घर आ रहें दुकानदार व ग्रामीणों से भरी पिकअप पलट गयी थी जिसमे चार लोगो की मौत हो गयी थी और आधा दर्जन के करीब ग्रामीण घायल हुए थे जिसमे लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले चालक व वाहन मालिक आरोपी बिरसा थाना अंतर्गत सालेटेकरी चौकी के अचानकपुर निवासी 36 वर्षीय नन्दू उर्फ नंदलाल कावरे पिता हंसलाल कावरे और 51 वर्षीय इंदलाल कावरे पिता हंसलाल कावरे उम्र 51 वर्ष को कोर्ट ने एक एक साल की सजा सुनाई है।धारा 279,337 (9 शीर्ष), 338 (1 शीर्ष), 304ए भादवि के अपराध में बैहर न्यायालय के माननीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कृष्णकांत बागरे की अदालत ने आरोपी को एक वर्ष के कठोर कारावास और 12 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित करने का आदेश दिया है। मामले में अभियोजन की ओर से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी विमल सिंह ने पैरवी की थी।

07 साल पहले हुई थी दुर्घटना

घटनाक्रम के अनुसार 24 दिसंबर 2016 को शाम लगभग 06.30 बजे नंदलाल, पिकअप वाहन क्रमांक सी.जी.07सी.5796 से ग्राम मछुरदा साप्ताहिक बाजार से लोगों को पिकअप के डाले में बैठाकर ला रहा था, इसी दौरान वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया था। जिससे पिकअप वाहन के डाले में बैठे जुमिया बेगम, महलबाई, ईश्वर, जेठिया बाई, फैमिदा बेगम, पारू बेगम, जानियाबाई, कामिनबाई व रामकुंवर, उमेश निषाद को गंभीर चोटें आई थी,जबकि सोनयाबाई, मिलन, गेंदीबाई व लोमस की मौत हो गई थी।

जिसकी रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आरोपी चालक नंदलाल को अभिरक्षा में लिया गया व अंवेषण पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जिसमें विचारण के दौरान आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यायालय की ओर से आरोपी को कारावास और अर्थदंड की सजा से दंडित करने फैसला दिया है।

कोई भी गरीब आवासीय जमीन और मकान के बिना नहीं रहेगा- स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी

स्वास्थ्य मंत्री ने रायसेन में आवासहीन परिवारों को प्रदान किए आवासीय भूमि पट्टे

रायसेन। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने रायसेन स्थित स्वामी विवेकानन्द शासकीय महाविद्यालय में आयोजित दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण का शुभारंभ और रायसेन नगरीय क्षेत्र में निवासरत आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि पट्टों का वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि पट्टों का वितरण किया जा रहा है। आज का दिन ऐतिहासिक है। वर्षों से वह जिस जमीन पर रह रहे हैं, आज उस जमीन का आवासीय पट्टा मिल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि रायसेन नगर में 200 से अधिक आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि पट्टा वितरण हेतु चिन्हांकित किया गया है, जिनमें से 43 परिवारों को आज आवासीय भूमि पट्टा दिया गया है। इसके अतिरिक्त दीनदयाल रसोई योजना के तीसरे चरण का भी आज से शुभारंभ हो रहा है। रायसेन नगर में पहले से ही दीनदयाल रसोई संचालित है। तीसरे चरण में मण्डीदीप और बेगमगंज में दीनदयाल रसोई का शुभारंभ किया गया है। अब दीनदयाल रसोई योजना के तहत 10 रूपए के स्थान पर 5 रुपए में थाली उपलब्ध कराई जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा है कि प्रदेश में प्रत्येक परिवार के पास रहने के लिए जमीन होनी चाहिए। इसके लिए मुख्यमंत्री

द्वारा गरीबों को आवासीय भूमि के पट्टे प्रदान किए जा रहे हैं। आगे पक्के मकान भी बनवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण और विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार लगातार काम कर रही है। राशन, आवास के लिए जमीन व मकान, भोजन के लिए दीनदयाल रसोई, इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, वरिष्ठ जन के लिए तीर्थ दर्शन योजना, पढ़ाई के लिए विभिन्न प्रोत्साहन, शहरों में रैन बसेरे की व्यवस्था और गरीबों के मेधावी बच्चों के लिए मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना चलाई जा रही है। प्रदेश में किसी गरीब का कोई बेटा-बेटी धन के अभाव में पढ़ाई से वंचित नहीं रहेगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने रायसेन नगर में किए जा रहे विभिन्न विकास और निर्माण कार्यों का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा रायसेन नगर के विभिन्न वार्डो के आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टे वितरित किए। उन्होंने कैलाश चिढ़ार, वीरेन्द्र पोर्ते, दीपक जोशी, राजा खान, दौलत सिंह, छतर सिंह, श्रीमती सुषमा बाई, अकीला बी, असीना बी, गोपाल सिंह सहित 43 हितग्राहियों को आवासीय भूमि पट्टे प्रदान किए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा हितग्राहियों द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया।

आठ सूत्रीय मांगों को लेकर नगर पालिका नगर परिषद कल्याण महासंघ के पदाधिकारीयो ने 8 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरी कल्याण मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया।

रायसेन। प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित हुई मध्य प्रदेश नगर पालिका, नगर परिषद कल्याण महासंघ की बैठक प्रदेश अध्यक्ष जमुना सेन की मौजूदगी में आयोजित की गई, जिसमें 8 सूत्री मांगों को अति शीघ्र पूरा करने के लिए रणनीति बनाई गई इसके पश्चात सभी मांगों से मध्य प्रदेश के नगरीय कल्याण मंत्री भूपेन्द्र सिंह एवं मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर पालिका, नगर परिषद कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जमना सेन ने बताया कि पूरे प्रदेश में नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर परिषद अध्यक्षों के हित में हमने 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रदेश के नगरी कल्याण मंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के लिए सोपा है, जिसमें हमारी प्रमुख रूप से जो मांगे हैं उनमें निकाय अध्यक्ष उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव दो तिहाई से बढ़कर तीन चौथाई किया जाए साथ ही अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए 3 वर्ष की समय सीमा तय की जाए, चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि बढ़ाई जाए, नगर परिषद अध्यक्षों के लिए अनुदान राशि दी जाए ताकि वह आम जानकी समय-समय पर सहायता कर सकें , इसके अलावा अध्यक्षों की स्वीकृति के बाद कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाए, स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर झंडा फहराने का अधिकार नगर पालिका अध्यक्षों को दिए जाएं क्योंकि नगर पालिका अध्यक्ष शहर का प्रथम नागरिक होता है, इसके साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के सभी अधिकार अध्यक्षों के अधीन किए जाएं। इस प्रकार से मांगे महासंघ द्वारा रखी गई है जिन्हें अति शीघ्र पूरा करने के लिए आग्रह किया गया है, इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगरपाल का नगर परिषद कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष जमना सेन सहित अन्य पदाधिकारी में रविंद्र शिवहरे, बलदेव अग्रवाल, रविंद्र रघुवंशी, श्रीमती ज्योति बाला राठौर, अशोक श्रीवास्तव, संदीप लोधी, अनूप तिवारी, सुंदर विश्वकर्मा सहित महासंघ के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

विधानसभा चुनाव को देखते हुए आदतन अपराधियों को कलेक्टर द्वारा किया जा रहा जिला बदर

रायसेन। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी कैलाश मांझी पिता रेवाराम मांझी निवासी ग्राम टिकोदा थाना देवनगर जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2012 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 20 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी कैलाश मांझी को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से 06 माह के लिए निष्कासित किया गया है। इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी दीपक यादव पिता कृष्णमुरारी यादव निवासी चुरक्का मोहल्ला बेगमगंज थाना बेगमगंज जिला रायसेन को तीन माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2009 से लगातार अपराध घटित करता चला आ रहा है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 11 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी दीपक यादव को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से तीन माह के लिए निष्कासित किया गया है। विभिन्न अपराधों में आरोपी उमेश पिता हरप्रसाद निवासी ग्राम माला थाना बेगमगंज जिला रायसेन को भी तीन माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2017 से लगातार अपराध घटित करता चला आ रहा है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 16 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी उमेश को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से तीन माह के लिए निष्कासित किया गया है।

चित्रकूट से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ

संभागीय समाज जागरण ब्यूरो

भोपाल। प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रचार का भाजपा ने शंखनाद कर दिया है, इसी कड़ी में भाजपा पांच जन आशीर्वाद यात्रा अलग-अलग क्षेत्र से शुरू करने जा रही है। इसकी शुरूआत तीन सितंबर को चित्रकूट से जेपी नड्डा करेंगे। पांचों रथ तैयार हो गए हैं। शनिवार को इन रथों को भोपाल स्थित पार्टी मुख्यालय से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने रवाना कर दिया है। इन रथ से पार्टी के नेता 210 विधासभा की करीब 10 हजार किमी की यात्रा करेंगे। इतनी लंबी दूरी को देखते हुए रथ को सभी सुविधाओं से सुसज्जित कर तैयार किया गया है। रथ के पीछे ऊपर कमल चिन्ह के साथ फिर इस बार भाजपा सरकार का स्लोगन लिखा है। साथ ही नीचे गरीब कल्याण महाअभियान का लोगो बना है। इसके नीचे जन आशीर्वाद यात्रा लिखा हुआ है।

वहीं, बगल में इन्हीं स्लोगन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दोनों तरफ प्रदेश के नेताओं के फोटो लगे है। इसमें एक तरफ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, प्रदेश गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार और दूसरी तरफ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल और केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के फोटो लगे हैं।

आज से बालाघाट रूट से चलने वाली कई ट्रेन 13 सितम्बर तक होंगी रद्द

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(03 सितम्बर)विभिन्न रूटों में ट्रेनों की स्पीड बढ़ाने, समय की पाबंदी, सुरक्षा संबंधी कार्य, रखरखाव में सुधार, ट्रेन के रखरखाव संबंधी अन्य कार्य, ऑटोमेटिक सिग्नल, लॉकिंग, नॉन इंटरलॉकिंग, सहित अन्य सुरक्षा संबंधी कार्य के चलते 3 से 13 सितंबर तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 10 दिनों के लिए कई ट्रेनों को रद्द कर दिया है। जिसमें बालाघाट से होकर गुजरने वाली यात्री ट्रेनें इतवारी व बालाघाट से चलने वाली 08714/08715 इतवारी-बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन, गोंदिया व कटंगी से चलने वाली 07805/07806 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया मेमु पैसेंजर स्पेशल ट्रेन, गोंदिया से चलने वाली 07809 गोंदिया-कटंगी मेमु पैसेंजर

स्पेशल ट्रेन के अलावा 4 सितम्बर से 13 सितम्बर तक कटंगी से चलने वाली 07810 कटंगी-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल ट्रेन को रद्द किया है। हालांकि इस मामले में बालाघाट रेलवे स्टेशन विभाग का कहना है कि विभिन्न रूटों की कुछ ट्रेनों को रद्द किए जाने की बात कही जा रही है, लेकिन इसके लिखित में हमारे पास आदेश अभी तक नहीं आए हैं। लिखित में आदेश आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

लापरवाही रफ्तार का कहर:बेकाबू रेत से भरे डंफर ने सड़क किनारे खड़ी महिला को कुचला,मौके पर दर्दनाक मौत: एक युवक घायल

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग गांव जिकरीवाला समीप एक रोंगटे खड़ा करने वाला सड़क दुघर्टना उस समय हुई जब उसका बेटा पेशाब करने बाइक खड़ी के जाने लगा मां बाइक पास खड़ी थी तभी पीछे से एक तेज रफ़्तार से एक रेत का भरे डंफर ने सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मार दी। डंफर के टेरो के बीच फंसने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई। बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को राहगीरों की मदद सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सा द्वारा घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बाइक को टक्कर मारने के बाद डंफर को छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंफर जब्त कर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद निवासी शबनम जहां पत्नी दिलशाद अहमद अपने पुत्र मौहम्मद आसिफ के साथ थाना क्षेत्र के गांव कासमपुरगढ़ी निवासी अपनी बहन रोशन जहां से मिलकर बाइक द्वारा अपने मायके हल्दौर जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार मां बेटे गांव जिकरीवाला नेशनल हाईवे पर पहुंचे तो आसिफ ने पेशाब करने के लिए मोटरसाइकिल खड़ी कर दी ओर पेशाब करने के लिए जाने लगा पीछे से खनन से लदे तेज रफ्तार 16 टायर डंफर ने पीछे से टक्कर मार दी। मौहम्मद आसिफ बाइक सहित दूर जाकर गिरा और महिला शबनम जहां डंफर के नीचे आ गई उसके शरीर के ऊपरी आधे हिस्से पर डंफर की एक साइड के आठों टायर उतरते चले गए महिला के शरीर के ऊपर हिस्से के चिथड़े उड़ गए घटना इतनी हृदय विदारक थी कि देखने वालों को रोंगटे खड़े हो गए घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गयाघटनास्थल पर पहुंची मृतका की बहन रोशन जहां घटनास्थल का मंजर देखकर बेहोश होकर नीचे गिर गई इतनी दिल दहला देने वाली घटना देखकर लोगों को होश उड़ गए घटनास्थल पर पहुंचे ग्राम प्रधान पति वहीदर्रहमान व पूर्व प्रधान सईदुर्रहमान एवं नगर चेयरपर्सन जावेद विकार ने तुरंत घायल पर पहुंच कर घायल मौहम्मद आसिफ को निजी कार द्वारा सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया। जहां घायल की गंभीर अवस्था देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया सूचना पाकर पहुंचे कासमपुरगढ़ी विवेकानंद चौकी प्रभारी एसआई विनोद कुमार ने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ बुरी तरह से क्षतिग्रस्त शव और उस-के अवशेष कब्जे में लेकर सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।अवैध खनन से लदे डंफर यूपी21सीएन 7228 को चालक घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया।गौरतलब है कि आए दिन आरटीओ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी तथा खनन अधिकारी अवैध खनन और ओवरलोड लदे डंपरों का चालान कर भारी जुमार्ना वसूलते हैं परंतु उसके बावजूद भी काशीपुर उत्तराखंड से धामपुर तक खनन माफिया दबंगई के साथ डंपरों को दौड़ाते हैं। डंपर चालक पकड़े जाने के डर से तीव्रगति से डंपर भगाते हैं अधिकतर डंफरों पर पीछे की साइड में नंबर प्लेट नहीं होती है नंबर प्लेट ना लगे होने एवं डंपरों का एक जैसा कलर होने के कारण यह दुर्घटना को अंजाम देकर रफू चक्कर हो जाते हैं इसलिए इनकी पहचान नहीं हो पाती है। लोगों ने बताया है कि रेत के डंपरों के कारण सड़क हादसा होने का यह पहला मामला नहीं है,आए दिन रेत के डंपर सड़क हादसों का कारण बनते हैं। रेत के डंपरों से होने वाले सड़क हादसों को रोकने के लिए कुछ महीने पहले रहे एसडीएम मनोज कुमार और तत्कालीन सीओ भरत सिंह सोनकर ने अवैध रेत के डंपर तथा ओवर लोड अवैध रूप खनन माफिया पर चाबुक चलाकर भारी संख्या डंपर जब्त कर लाखों रुपए जुमार्ना खनन अधिकारी के मध्य लगाया गया किन्तु कुछ दिनों के बाद सड़क पर डंपर की गति से नहीं रोकी,दिन रात रफ्तार से दौड़ रहे

स्वच्छ भारत मिशन सुंदर गांव को लेकर बैठक का आयोजन

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ क्षेत्र की ग्राम पंचायतसीरवासुचदं में ग्राम प्रधान जुबैदा शकील की अध्यक्षता में एक सार्वजनिक खुली बैठक स्वच्छ गांव व सुंदर गांव को लेकर बैठक का आयोजन घास मंडी टीन शेड़ में किया गया। बैठक मे स्वच्छ भारत मिशन के जिला बिजनौर से समवंय अधिकारी लव कुमार व अंकुर शर्मा उपस्थित रहे।
खुली बैठक में ग्राम पंचायत को स्वच्छ व सुंदर बनाने की योजना तैयार करते हुए प्रत्येक घर से कूड़ा एकत्र कर गांव से बाहर पहुचाने की स्कीन तैयार करते हुए प्रत्येक घर से एक रूपया रोज यानि तीस रू प्रति माह ग्राम पंचायत प्राप्त कर सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से लागू करेगी। स्वच्छता को लेकर बैठक मे पंहुच डा० तेजपाल ने भी ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरुक के किया ओर पंचायत को स्वच्छ बनाने के लिए पंचायत की ओर से काटी जाने पहली रशीद बनवाई,दूसरी रशीद ठा०रामवीर सिंह ने व तीसरी रशीद पत्रकार मौ०साजिद अंसारी ने कट-वाकर पंचायत को स्वच्छ बनाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। इस बैठक मे पंचायत सचिव राजकुमार प्रधानपति शकील अहमद, प्रधान पुत्र फिरोज शेख, मेट राजू ,डा० तेजपाल सिहं, ठाकुर रामवीर सिहं विरेद्र सिहं चौहान,सलाहीन अंसारी,इकबाल शेख व वार्ड मेम्बर धर्मद्र कुमार राजकुमार, नौशाद अंसारी, गौहर अली उस्मानी, व तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

श्रीमती मंजू जैन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन में शामिल हुई

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरणबिजनौर

नजीबाबाद जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ के निवास पर श्रीमती सुबोध महिंद्रा जिला प्रभारी श्रीमती तनु अग्रवाल नगर अध्यक्ष श्रीमती वितेश चंद्रा ने श्रीमती मंजू मंजू जैन को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन विशिष्ट कानूनी सलाहकार नियुक्त किया जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ ने कहा कि श्रीमती मंजू जैन के संगठन में जुड़ने से संगठन को मजबूती मिली है और आज पूरे जिले में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन व्यापारियों का नंबर एक संगठन बन गया है हमारे संगठन में पद देने के नाम पर व्यापारियों के धन का ढाका नहीं डाला जाता हैइस मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्री मुकीम कुरैशी भी मौजूद थे

गैस सिलेंडरों से भरा पिकप पलटा बड़ा हादसा होने से टला चालक हुआ घायल

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ थाना क्षेत्र के गांव सआवाला स्थित भारत गैस एजेंसी से गैस से भरे हुए सिलेंडरों को एक पिकअप द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में वितरण के लिए ले जाया जा रहा था कि भूतपुरी जयपुर मार्ग पर मनोहरवाली गांव के समीप पिकअप संख्या यूपी 20 अळ 5024 का स्टेरिंग फेल हो जाने के कारण पलट गया पिकअप को निशु पुत्र दिनेश कुमार निवासी सिरयावाली चक चला रहा था जो चोटिल हो गया जिसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया रोड पर बिखरे हुए सिलेंडर को देखकर राजमार्ग पर अफरातफरी का माहौल हो गया एक बड़ा हादसा भी हो सकता था।

भाई चारा एवं सौहार्द के साथ मनाए त्यौहार- एस ओ

कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

समाज जागरण अमेठी

मुसाफिरखाना कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि चेहल्लुम व जन्माष्टमी का त्यौहार इसी सप्ताह मनाना है इन्होंने कहा कि सभी धर्म को मानने वाले लोग शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाए प्रशासन उनके साथ है इन्होंने कहा कि किसी भी त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करना प्रशासन के साथ समाज के जिम्मेदार लोगों की भी सहभागिता का होना जरूरी होता है इसलिए सभी को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए इस दौरान कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने नगर पंचायत कस्बा एवं ग्रामीणांचलों में सुरक्षा के दृष्टिकोण सीसी टीवी कैमरा लगाने के लिए जनप्रतिनिधियों से अपील की।
प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि चेहल्लुम जन्माष्टमी के बाद दुर्गा पूजा दशहरा एवं दीपावली का त्यौहार भी नजदीक ही है ऐसे में सभी को सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए किसी भी प्रकार की दूरियां किसी भी धर्म के मानने वालों के बीच में नहीं होनी चाहिए प्रशासन आप लोगों के साथ में है जहां भी आवश्यकता हुई आपके साथ खड़ा मिलेगा बैठक को प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने भी संबोधित किया एवं जनता से त्योहार को सकुशल संपन्न कराने में आने वाली किसी भी प्रकार की जरूरत पर हर संभव सहयोग का इन्होंने आश्वासन दिया कार्यक्रम के अंत में कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने बैठक में आए हुए आगंतुकों के प्रति धन्यवाद देते हुए लोगों से आवश्यकता के समय पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की इस दौरान चेयरमैन बृजेश गुप्त इंस्पेक्टर हंसराज कुशवाहा उपनिरीक्षक संतोष मिश्रा राजेश तिवारी अम्बिका सिंह प्रधान प्रतिनिधि भरत कुमार सिंह वरुण कुमार मिश्र कुलदीप सिंह राजेश सिंह विशाल शर्मा सहित अन्य पुलिस कर्मी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

डीएम व एसपी ने जेके लक्ष्मी पशु आरोग्य रथ नाम से पशु चिकित्सा वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

समाज जागरणअमेठी

अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी ने आज तहसील अमेठी के परिसर से जेके लक्ष्मी सीमेंट एवं जेके ट्रस्ट के आपसी सहयोग से जेके लक्ष्मी पशु आरोग्य रथ नाम से पशु चिकित्सा वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जेपी सिंह, उपजिलाधिकारी अमेठी प्रीति तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जेके लक्ष्मी स्टेट हेड अजीत सिंह द्वारा बताया गया कि यह चिकित्सा की सुविधा रूट निर्धारित कर विकासखंड भादर के समस्त गांव के पशुपालकों को चिकित्सा सुविधा निशुल्क प्रदान की जाएगी। आपातकालीन सेवा भी नियमित रूट के पश्चात प्रस्तावित है, उसके लिए विकासखंड भादर हेतु पृथक से टोल फ्री नंबर कंपनी द्वारा जारी किया जाएगा। पशु चिकित्सा अधिकारी भादर एवं खंड विकास अधिकारी भादर से संपर्क स्थापित कर शिविर लगाने की तिथि निर्धारित की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि पशुओं की चिकित्सा सुविधा निशुल्क पशुपालकों एवं गो आश्रय स्थलों में सुविधा प्रदान करने वाली अभी जनपद की प्रथम कंपनी है जो की सीएसआर फंड से पशुओं को निशुल्क चिकित्सा स्वव्यय पर प्रदान करने जा रही है। इस मौके पर जनपद के अन्य अधिकारी एवं कंपनी की तरफ से लॉजिस्टिक हेड आशीष गुप्ता, एरिया हेड अखिलेश सिंह, सेल्स ऑफिसर विपिन सिंह, सेल्स प्रमोटर शांति प्रकाश शुक्ला और टेक्निकल मैनेजर अनुराग मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

नगर का बिजली शेड्यूल बदला

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ नगर का बिजली शेड्यूल में बदलाव किया गया है। नए शेड्यूल के मुताबिक लोगों को बिजली की आपूर्ति की जाएगी। नगर टाउन के नए शेड्यूल के मुताबिक रात्रि से सवेरे 8 बजे तक फिर 10:30 बजे तक आपूर्ति की जायेगी दोनों समय के बीच बिजली कटौती रहेगी। इसके अलावा 3:30 बजे उसके उपरांत 5 बजे तक बिजली आपूर्ति की कटौती की जाएगी। इसके अलावा निर्बाध आपूर्ति जारी रहेगी। यह जानकारी विद्युत विभाग के सतेंद्र चौहान ने दी ।

मुख्य विकास अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर सुनी जन समस्याएं

माधोगढ़ जालौन । सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली वाली शिकायतों को गुण दोष के आधार पर मौके पर जाकर तथा शिकायतकर्ता को जानकारी देकर एक सप्ताह में निस्तारण करा दे तथा निस्तारण की कापी जमा करा दे। यह निर्देश सी डी ओ भीमजी उपाध्याय ने तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनने के बाद अधीनस्थों को दिये।
मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय ने तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनने के बाद निर्देश दिये कि समाधान दिवस में आने वाली प्रत्येक शिकायत को गम्भीरता से ले तथा पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ उसका निस्तारण करें। समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या कम रही तथा सिर्फ 25 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया । इस दौरान राजस्व विभाग से सम्बंधित 10 , पुलिसविभाग से 6 विकासखंड से 6, अन्य 3 शिकायतें आई इस मौके पड्ट उपजिलाधिकारी शशिभूषण, क्षेत्रधिकारी शैलेन्द्र बाजपेई, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, खंड विकास अधिकारी रमेशचंद्र शर्मा,नायब तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार एवं सभी थानों के इंचार्ज सहित आलाधिकारी मौजूद रहे !

बारिश न होने से किसानों के खेतो मे लहलहा रही फसले सूखने की कगार पर

तेज गर्मी और तपन से जनजीवन हुआ प्रभावित

कालपी जालौन तहसील क्षेत्र में बारिश न होने से किसानों के चेहरे पर खिंची चिन्ता की लकीरें तथा उमस भरी गर्मी ने आम जनजीवन को प्रभावित खेतो में लहलहा रही फसले सूख रही हैं क्योंकि खेतो में उड़ रही वैशाख जैसी धूल । बारिश न होने से किसान चिंतित हैं ।लोग इन्द्र देवता को मनाने के उपाय करने की जुगत की बाट ठेरने में लगे हैं । वैसे तहसील क्षेत्र के किसानों की किस्मत ही खराब हे कभी बाढ़ कभी सूखा से किसानों का खेती से मोह सा भंग हो गया है इस बार शुरूआत में हल्की फुल्की बारिश होती रही जिससे किसानों के खेतो में अच्छी फसल लहलहा रही थी क्योंकि खरीफ की शुरूआत अषाढ़ से ही होती है। हल्की बूंदाबांदी को छोड़ दिया जाए तो अभी तक तहसील क्षेत्र में मानसून की बारिश नहीं हुई है। ऐसे में किसानों के खेतो में लह लहारही ज्वार बाजरा अरहर मूंग उर्द आदि की फसले सुख रही हैं किसानों को मानसून के आने का बेसब्री से इंतजार है। बता दे कि बुन्देलखण्ड कृषि प्रधान क्षेत्र है, यहां के लोगों का प्रमुख व्यवसाय कृषि ही है। यहां सिंचाई के पर्याप्त साधन न होने के कारण बुन्देले पूरी तरह से मानसूनी बारिश पर निर्भर रहते है। जानकार कहते हैं कि कृषि का सिस्टम बिगड़ा तो अन्नदाताओं के आर्थिक ढांचे पर इसका गहरा असर पड़ता है। पिछले करीब एक दशक से बुन्देले कभी अति वर्षा तो कभी सूखे की विभीषिका झेलते चले आ रहे है। जिस कारण बुन्देलों की कमर टूट चुकी है। इस वर्ष भी सावन माह समाप्त हो जाने के बाद भी मानसून पूरी तरह से रुठा हुआ है। बता दे कि किसान, कई कुंतल मूँगफली, उर्द, मूंग , मक्का ,बाजरा ,ज्वार आदि की फसले लहलहा रही हैं लेकिन दो सप्ताह से बारिश न होने से बो सूख रही हैं। वह आसमान की ओर ताकते रहते है। अशोक बाजपेई,मनोज बाजपेयी ,राजा सिह ,ओमनरायन सिह, चरन सिह ,बीर सिह, हनरनरायन, कमलेश आदि किसानों का कहना है कि हम लोगो की किस्मत ही खराब है। मानसूनी वर्षा न होने के कारण किसानों की रात की नींद व दिन का चैन उड़ गया है। बारिश न होने से दलहन की फसल पर भी संकट के बादल घिरे हुए हैं।
तहसील क्षेत्र में किसान बारिश के लिये इन्द्र देवता को मनाने के लिये कई धार्मिक स्थलों पर धार्मिक अनुष्ठान, पूजा पाठ एवं हवन पूजन कर उन्हें मनाने में जुट गये है । इस दौर में इन्द्र देवता भी बुन्देलों से रुठे हुये है। इसलिये करीब दो सप्ताह से आसमान में सुबह शाम बादल तो नजर आते है, परन्तु बिना बरसे ही गायब हो जाते है। इस वर्ष बादलों का रुख देखते हुए अन्नदाता मायूस है। अब वारिश न होने की बजह से किसान मेघों की ओर निहारने में लगा है ।

अमृत सरोवर तालाब के नामांकरण पर ग्रामीणों में रोष।।

रामपुराः-विकास खण्ड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत छौना में बना अमृत सरोवर तालाब चर्चा का विषय बन गया हैं। वही ग्रामीणों में चर्चा तेज ही गई हैं कि तालाब के निर्माण में सरकारी धन का अपव्यय किया गया। ग्राम पंचायत छौना में बना अमृत सरोवर तालाब के निर्माण पर ग्रामीणों ने कहा हैं कि सरकारी योजना को किसी व्यक्ति विशेष का नाम क्यो दिया गया। छौना में बने तालाब का नाम फौज से रिटायर कैप्टन ताहर सिंह के नाम पर रख दिया गया हैं। वही ग्रामीणों ने कहा कि गाँव मे और भी बुजुर्ग रिटायर फौजी हैं तथा कुछ का स्वर्गवास हो गया तो उनका नाम क्यो नहीं लिखाया गया। तालाब के निर्माण में मानकों की अनदेखी भी की गई। ग्रामीणों द्वारा कई बार ग्राम प्रधान सरेंद्र राठौर को तालाब के निर्माण कार्य को सही से कराने के लिए कहा जाता रहा हैं। लेकिन ग्रामीणों की बात को प्रधान द्वारा अनदेखा किया गया। ग्रामीण मंजीत सेंगर, अनिल,

पप्पू ,बबलू , जगतसिंह राहुल तथा प्रदीप राठौर ने कहा कि तालाब में अधिकांश कार्य पूर्व में ही कराया जा चुका हैं। वर्तमान प्रधान द्वारा तालाब की मरम्मत कर पूरा पैसा निकाल लिया गया। गौशाला की मांग करने के बाद भी नहीं बनाई गई गौशाला। ग्राम छौना के ग्रामीणों द्वारा विकास खण्ड कार्यालय तथा ग्राम प्रधान द्वारा कई बार बताया गया कि आवारा गायों द्वारा उनकी फसल को काफी नुकसान हो रहा हैं। सरकार की योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत छौना में एक गौशाला का निर्माण कराया जाये। लेकिन ग्रामीणों द्वारा गौशाला की माँग सिर्फ माँग बनकर रह गई। किसानों की फसल को इन आवारा गौवंशो से काफी नुकसान पहुँचता हैं। ग्रामीणों को घर की बजाह खेतों पर ही अपना समय बिताना पड़ता हैं। ग्राम प्रधान सुरेन्द्र राठौर ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा गलत आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीण चाहे तो तालाब से संबंधित जानकारी उनके माँगे जाने पर उपलब्ध करा दी जायेगी। विकास खण्ड अधिकारी ओमप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि उक्त प्रकरण के बारे में तत्काल प्रभाव से जाँच कराकर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। तालाब के नाम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अमृत सरोवर तालाब के नाम के लिए गाँव के कोई बुजुर्ग प्रतिष्ठित व्यक्ति अथवा सेना से रिटायर किसी व्यक्ति का नाम लिखा जा सकता हैं।

टिकरी निवासी मीरा देवी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए घर में घुसकर मारपीट करने का लगाया आरोप

उरई जालौन, सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत टिकरी मुस्तकिल की निवासी मीरा देवी ने गांव के ही दबंग ग्राम प्रधान व प्रधान के परिवार के सजा यापिता अपराधियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जालौन पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया की प्रार्थनी को एक कॉलोनी आवंटन में मिली हुई थी जिसमे ग्राम प्रधान द्वारा प्राथिनी को रुपया निकलवाने के लिए साथ ले गए और प्राथिनी को बिना बताए ड्ड20 हजार ले लिए जब प्रार्थनी ने प्रधान से इस संबंध में बात की तो प्रधान कहने लगे कि अगर किसी को यह बात बताई या कहीं पर शिकायत की तो हम तुमको दूसरी किस्त नहीं मिलने देंगे तो प्राथिनी मजबूरन चुप हो गई और जब दोबारा किस्त प्राथिनी ने निकाली और जब ग्राम प्रधान को किस्त निकालने के संबंध में जानकारी हुई तो वह हमारे दरवाजे आ गए और हमसे कहने लगे कि हमारा कमीशन हमको दे दो जब मैने कमीशन देने से मना किया तो ग्राम प्रधान आग बबूला हो गए वह गाली गलौज करने लगे शोर गुल की आवाज सुनकर उनके घर वाले सुरेश पुत्र मुलू, कालका पुत्र मुलू,

प्रद्युम्न पुत्र कमलेश, सर्वोदय पुत्र रामकुमार, अश्वनी पत्र कमलेश, शिवेंद्र पुत्र रामकुमार आ गए और प्रार्थनी व प्राथिनी के पति को गालियां देते हुए घर के अंदर घुस आए घर के अंदर घुसकर प्रार्थिनी व प्रार्थिनी के पति की मारपीट करने लगे तो उनकी चीज प्रकार सुनकर प्राथिनी के देवर राहुल नंद पार्वती, कमल सिंह आदि लोग बचाने आए तो इन लोगों ने उनकी भी लाठी डंडों व ईट पत्थरों से पूरी तरह मारपीट की गांव वालों के ललकारने पर उक्त लोग वहां से चले गए और जाते समय कहा कि एक सप्ताह के अंदर ₹20 हजार नहीं दिये तो घर में आग लगा देंगे व पूरे परिवार को जिंदा जला देंगे और अगर इस संबंध में तुमने थाने में शिकायत की तो हम तुम्हारा बहुत बुरा हाल कर देंगे प्रधान के परिवार वाले सजा यापता लोग हैं जब प्रार्थिनी ने डायल112 पर घटना की सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रार्थिनी के पति गोपी चरण व राहुल को पकड़ लिया तथा थाने ले गई बाद में राहुल को छोड़ दिया तथा प्रार्थिनी के पति को नहीं छोड़ा और ना ही प्राथिनी की रिपोर्ट दर्ज की जबकि प्रथिनी के परिवार वालों के साथ हुई घटना की रिकॉर्डिंग मोबाइल में है तथा इस संबंध में पूरे गांव को जानकारी है प्रार्थिनी ने प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस अधीक्षक से इन अपराधी किस्म के व्यक्तियों से जान माल की सुरक्षा की मांग की तथा न्याय दिलाने की गुहार लगाई

पूजा शुक्ला ने मदारीपुर में मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत की बैठक,

संवाददाता, नारायण तिवारी,

कुठौंद जालौन : विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत मदारीपुर में आजादी के अमृत महोत्सव के निमित्त "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के अन्तर्गत मदारीपुर कस्बा में बैठक भाजपा महिलामोर्चा जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी महिलामोर्चा की मण्डल अध्यक्ष पूजा शुक्ला ने भाजपा महिलामोर्चा पदाधिकारी व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्त्ता, बहिनों की संयुक्त बैठक बूथ मदारीपुर में संपन्न की। मंडल अध्यक्ष पूजा शुक्ला ने गावों के बूथों पर एवम घर - घर जाकर संदेश दिया और जैविक खेती के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मेरे देश की माटी सोना उगले-उगले हीरे मोती,इसलिए केमिकल वाली खेती को हटाएगे , जैविक खेती को अपनाएंगे, पूजा शुक्ला ने "भारत देश की माटी की गुणवत्ता की जनकारी देते हुए कहा अपने-अपने खेतों में केमिकल का प्रयोग ना करके जैविक खेती को बढ़ावा दें व मिट्टी के बर्तनों का अधिक उपयोग करें !बहनों को मिट्टी के अनेकों लाभ और जैविक खेती व मिट्टी के बर्तनों के लाभों को बहिनों को डायरी में नोट करवाया बहिनों ने कहा कुठौंद भाजपा महिलामोर्चा मण्डल अध्यक्ष हुआ पदाधिकारी बहनों ने संकल्प लिया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के मेरी माटी मेरे देश के संदेश को व मिट्टी से होने वाले लाभों को जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए बूथों पर व घर-घर जाकर संदेश पहुंचाने का कार्य करेगी "मेरी माटी मेरे मेरा देश के कार्यक्रम में भाजपा महिलामोर्चा मंत्री संगीता राठौर, उपाध्यक्ष सीता देवी, नीलम, सदस्य संगीता राठौर, सुशीला पाल, मंजुला देवी, मोहनी देवी, एवं भाजपा की कार्यकर्ता बहिनें उपस्थित रही!

पूरे प्रदेश में बजा प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा का डंका

उत्तर प्रदेश सरकार ने एक बार पुनः प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा के शिक्षक श्री विपिन उपाध्याय की सराहना की

माधोगढ़ जालौन आज उत्तर प्रदेश सरकार के ऑफिशियल हैंडल से बेसिक

शिक्षा विभाग ने होनहार शिक्षकों में जनपद जालौन के राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विपिन उपाध्याय के शैक्षिक सफर पर एक विडियो जारी किया है। जिसमें उनके एवं विद्यालय परिवार के द्वारा किए जा रहे अभिनव प्रयासों और नवाचारों को संकलित करते हुए अनोखे अनुप्रयोगों का संज्ञान लेते हुए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग ने उनको अति विशिष्ट शिक्षक बताया। 3 मिनट के इस विडियो में सरकार ने राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विपिन उपाध्याय एवं विद्यालय परिवार की उपलब्धियों एवं समर्पण को बड़े ही आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया। एवं पूरे प्रदेश में एक रोल मॉडल शिक्षक के रूप में प्रस्तुत किया जिससे प्रेरित होकर अन्य शिक्षक भी प्रोत्साहित हो सकें।
विपिन उपाध्याय ने अपनी सफलता और समर्पण का पूरा श्रेय विद्यालय परिवार बालकृष्ण, वीर सिंह,श्याम जी, श्रीमति सविता कुशवाहा एवं श्रीमति अनु गुप्ता सहित भोजन माताओं को भी दिया।

गिरिडीह से रांची जा रही विजय रथ बस दुर्घटनाग्रस्त दुर्घटना में दर्जनों लोग घायल दो की हालत गंभीर

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 2 सितंबर 2023 :- बगोदर से हजारीबाग रोड बिष्णुगढ़ से आठ किलोमीटर आगे रोल पत्थर के पास विजय रथ नामक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई ,जिसमें दर्जनों लोग दुर्घटना से घायल हो गए दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है , बताया जाता है कि बगोदर हजारीबाग रोड पर शनिवार की सुबह हुए इस सड़क दुर्घटना से काफी जख्मी हुए हैं, प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया की रांची जा रही यह बस आगे जा रहे ट्रक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने की वजह से बस में ब्रेक लगाने में ड्राइवर असफल हो गया , जिसकी वजह से ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी इस टक्कर में बस का सामने वाला शीशा टूट गया टूटे शीशे के टुकड़े से कुंती देवी पति महेश पंडित

ग्राम निवासी बेको बगोदर थाना को शीशे से गर्दन का कुछ हिस्सा कट गया घटना के बाद स्थल पर चीख पुकार मच गई । जिसमें मोहम्मद इरशाद अंसारी ,पिता सोमर मियां , सकीना खातून , शर्मिला शर्मा , सृति शर्मा , राजकुमार , सुलेखा देवी , राजकुमार यादव , सभी भरकट्टा के रहने वाले थे एवं शंकर यादव, ऋषि कुमार विश्वकर्मा ,अंजली कुमारी , पलौंजिया के रहने वाले थे , सभी लोगों को बिष्णुगढ़ सीएचसी में प्राथमिक उपचार किया गया वहीं गंभीर रूप से घायल जात्रियों को हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर किया गया।

डुमरी उपचुनाव के समय नजदीक होते हीं दिग्गज नेताओं ने झोंकी ताकत , घर-घर घूम कर मतदाताओं को मांगा वोट

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड)2 सितंबर 2023 :- डुमरी उपचुनाव का समय नजदीक होता जा रहा है और नेताओं का अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं को करने के लिए घर-घर घूम घर मत डालने की अपील में मतदाताओं को करने का काम जारी है । इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री और पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा , भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सीएम रघुवर दास , तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी तीनों ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी यसोदा देवी के समर्थन में डूमरी में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया मतदाताओं के बीच सघन संपर्क अभियान में शामिल हुए इस दौरान नेताओं ने सैकड़ों गांव का एक साथ दौरा किया और कई छोटी-छोटी जनसभाओं को भी संबोधित किया , तथा हेमंत सरकार की नाकामियों को लेकर उन पर सीधा हमला बोला इसी क्रम में नवाडिह प्रखंड के बिरनी काली मंडप सहित अन्य गांव में बाबूलाल ने वोटरों से संपर्क कर यसोदा देवी को जीताने का अपील किया, साथ ही अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य की विधि

व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है , अपराधी बेखौफ हैं उन्हें कानून पुलिस प्रशासन का भय नहीं है । सरकार अपराधियों को संरक्षण देती है आगे उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस विधि व्यवस्था को ठीक करने में नहीं बल्कि अपराधियों को संरक्षण देने में आगे बढ़ती है । उन्होंने आगे यह भी कहा कि बिना पैसा दिए राज्य में कोई काम नहीं होता है , वह जन्म प्रमाण पत्र का हो , या मृत्यु प्रमाण पत्र का हो सभी चीजों में घूस देने पड़ते हैं राज्य में खान , खनिज ,पत्थर , बालू , कोयला की लूट मची हुई है । मुख्यमंत्री लूटने और लूटवाने में शामिल हैं । मुख्यमंत्री के परिवार ने औने पौने दाम पर आदिवासियों गरीबों की जमीन लूटी है । उन्होंने आगे मतदाताओं से अपील किया कि आप लोग यसोदा देवी को वोट देकर भाजपा आजसू गठबंधन एनडीए की ताकत को मजबूत करें और डुमरी से इसकी शुरूआत करें।

डुमरी उपचुनाव में कांग्रेस जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता का इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में मैराथन नुक्कड़ सभा

दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ

बोकारोः इंडिया गठबंधन की सहमति से डुमरी विधानसभा उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में बोकारो जिला कांग्रेस अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता का मैराथन नुक्कड़ सभा क्षेत्र के मतदाताओं में अपने पूर्व शिक्षा स्वर्गीय जगरनाथ महतो (टाईगर) की धर्म पत्नी बेबी देवी को ऐतिहासिक जीत दिलाने की असीम ऊर्जा भरने का काम कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने अपने चिर परिचित बहुत सहज अंदाज में यह बात स्पष्ट किया की भारतीय जनता पार्टी और उसकी समर्थन की पार्टी का राष्ट्रीय स्तर पर विरोध हो रहा है, और इनकी सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है। ऐसे में झारखंड राज्य का गरीब पिछडा आदिवासी एवं मध्यवर्गीय जनता, भ्रष्टाचार, देश को बांटने की नीति, तथा देश को दंगे में बदल देने वाली मानसिकता की सरकार को इकाई स्तर पर उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिज्ञावध है। अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने डुमरी विधानसभा अंतर्गत से अपने हित में मतदान करने के लिए चिन्हित है प्रत्येक बार की तरह इस बार भी डुमरी की जनता अपने

नावाडीह प्रखंड के सहरिया मोड के नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय लोगों के मध्य अपनी बात रखी। भेंडरा में जनसंपर्क एवम नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा डुमरी के भोली भाली जनता को बरगलाने की भरसक कोशिश की जाएगी मगर डुमरी के जनता को स्वर्गीय टाइगर का सानिध्य प्राप्त रहा है। यहां की जनता प्रारंभ वोट की ताकत दिखाते हुए अपना विकास मार्ग चुनेगी इस बात का मुझे पूर्ण विश्वास है।

डुमरी विधानसभा उपचुनाव 5 सितंबर 2023 को मतदान किया जाना है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी को क्रमांक संख्या 01 तीर धनुष छाप पर बटन दबा कर भारी मतों से विजई बनाने का आग्रह किया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा की डुमरी में जीत निश्चित, विपक्ष की बेचैनी आई नजर

दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ

बोकारोः झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो जिला के संगठन सचिव फैयाज आलम ने एनडीए पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा इंडिया गठबंधन से भाजपा और आजसू पार्टी डरी हुई है। देश के केंद्र मंत्री एवं एनडीए के सभी पदाधिकारी डुमरी उपचुनाव में लगे हुए हैं। मोदी सरकार सरकार के इशारे पर षड्यंत्र रच रहे हैं इनकी मनसा लोकतंत्र की हत्या करना है। केंद्र सरकार द्वारा महंगाई को बढ़ाकर जनता का लूटा हुआ रुपया से वोटरों को लुभाने का काम कर रहे हैं एवं नहीं मानने पर गुंडई पर उतारू हैं। भारत लोकतांत्रिक देश है। 5 सितंबर 2023 को मतदान किया जाना है। सभी कोई स्वतंत्र रूप से मतदान करें।चुनाव के दिन ईवीएम के क्रमांक संख्या 01 तीर धनुष छाप पर बटन दबा ने से कोई रोकता है। आप लोग चुनाव आयोग के पदाधिकारी से इसकी शिकायत करें।

वोट डालने से अगर कोई रोकता है तो वह कानूनी रूप से जुर्म है। धमकाता है तो इसकी जानकारी तुरंत हमें दें। हम लोग गुंडई करने वालों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। चुनाव आयोग निष्पक्ष तरीके से डुमरी उपचुनाव कराने का प्रयासरत है। हम लोग कानून के पालन करने वाले लोगों में से हैं हम लोग कानून पर

विश्वास करते हैं। गुमराह करके लांछन लगाने वालों को जनता बेनकाब कर चुकी है। किसान, गरीब मजदूर शोषित लोगों के समर्थन से इंडिया गठबंधन बना है। इंडिया गठबंधन को हराना नामुमकिन है। यह देश मजदूर और किसानों का है। मुख्य रूप से रऊफ अंसारी ,मंटू चिश्ती ,फिरोज अंसारी, मस्तान अंसारी ,जिलानी अंसारी, दिलदार अंसारी, मस्तान अंसारी, अकबर अंसारी, पंचायत अध्यक्ष इदरी संसारी ,प्रखंड अध्यक्ष इदरीस अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष मारूफ हुसैन ,कासिम अंसारी ,एनुअल अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी ,जाबिर अंसारी ,शेर मोहम्मद, अंसारी अयूब ,अंसारी इलियास ,अंसारी लाल मोहम्मद अंसारी सद्दाम अंसारी मिनाज अंसारी खुर्शीद अंसारी एवं अन्य जेएमएम के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में चुनाव पाठशाला पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 2 सितंबर 2023 :- भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन अनुसार विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार भवन में दो दिवसीय चुनावी कार्यशाला के तहत प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में प्रखंड निर्वाचन अधिकारी सह अंचलाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के द्वारा प्रखंड के तमाम मतदान केंद्र के बिएल ओ एवं सरकारी कर्मचारियों को बताया गया कि अपने बूथ स्तरीय चुनाव पाठशाला का कार्यक्रम चलाना है । जिसमें देश में निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब बनाए जा रहे हैं , वह क्लब हर उम्र के लोगों को चुनावी साक्षरता देने के लिए काम करेंगे । खास तौर से भविष्य में मतदाता और युवा मतदाता इसके दायरे में आएंगे यह क्लब ऐसी गतिविधियों के जरिए निर्वाचन साक्षरता देंगे , जो रोचक और मनोरंजन होगी । इसका निर्वाचन साक्षरता देने का तरीका व्यावहारिक अनुभवों पर आधारित होगा । यह सारा काम निष्पक्ष तरीके से तटस्थ रहकर किया जाएगा , यानी किसी भी पक्ष में शामिल हुए बिना उन लोगों

के लिए जो औपचारिक शिक्षा से नहीं जुड़े हैं मतदान केंद्र के स्तर पर निर्वाचन साक्षरता क्लब बनाए जाएंगे । यह क्लब चुनाव पाठशाला के रूप में बनाया जाना है आगे उन्होंने प्रशिक्षण में बताया कि किसी भी गांव समुदाय के सभी सदस्यों के लिए यह होगी इसमें उन युवाओं पर ध्यान दिया जाएगा जिन्होंने बीच में ही स्कूली पढ़ाई छोड़ दी है । इसके साथ-साथ गांव के दूसरे सभी वर्गों की भी इसमें भागीदारी होगी क्योंकि इसमें सभी उम्र के लोग शामिल होंगे , इसलिए यह जरूरी है कि जो भी गतिविधियां की जाएं वह आसान हो , और सभी सदस्य इसमें भागीदारी निभाएं शहरी क्षेत्र में भी इसका संचालन इसी तरह किया जाएगा सर्वप्रथम उसके उद्देश्य , एवं चुनाव पाठशाला बनाने का तरीका लोगों को बतलाया गया इस कार्यक्रम में दूसरे दिन विष्णु गढ़ प्रखंड के सभी मध्य एवं उच्च विद्यालय के शिक्षक प्रशिक्षण में शामिल हुए।

बिजली विभाग के उदासीनता से त्रस्त ग्रामीण

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा

चतरा(झारखंड)02 सितम्बर 2023:-जिले के हंटरगंज और प्रातापुर मे बिजली विभाग की मनमानी से लोग अब पुरी तरह से त्राही माम कर रहे है। बिजली विभाग द्वारा बिजली बिल तो लिया जा रहा है पर बिजली देने मे विभाग विफल साबित हो रही है जिससे परेशान हो कर आम जनता मे आक्रोश देखने को मिल रहा है।जहा एक ओर क्षेत्र के प्रतिनिधि क्षेत्र मे आ कर विकास की गंगा बहाने की बात करते है वही एक ओर क्षेत्र की दुर्दशा क्या है ये उनके समझ से बाहर है । सबसे बड़ी बात तो ये है की जब भी कोई मंत्री या पदाधिकारी का दौरा इन क्षेत्रो मे होता है तो अचानक से इटखोरी पावर ग्रिड से बिजली यहां तक आ जाती है और जब मंत्री और पदाधिकारी इन क्षेत्रो से लौटते है तो बिजली को भी साथ मे ले के चले जाते है । बिजली विभाग के पदाधिकारी से बात करने पर ये सुनने को मिलता है की हमे ऊपर से ही प्रयाप्त बिजली नही मिल रही है

जिसके कारण हम बिजली नही दे पा रहे है पर पता नही जब मंत्री और वरिष्ठ पदाधिकारियों का दौरा होता है तो इनको पता नही कहा से बिजली मिल जाती है। ग्रामीणों का कहना है की कही पे ट्रांसफार्मर की समस्या कही पे वायरिंग से सम्बन्धित समस्या कही पे बिजली के खम्भो की समस्या कही कम वोल्टेज की समस्या जैसी परेशानियों मे सुधार लाने मे बिजली विभाग विफल साबित हो रही है जिसके कारण आम जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है जो विभाग के लिये निंदनीय है।एक तरफ विभाग ये बार बार ये संदेश देता है की क्षेत्र मे निर्बाध बिजली देंगे वही बिजली विभाग की लापरवाही लगातार देखने को मिल रहा है।

कांग्रेस झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के हस्तक्षेप से दस्तावेज लेखक संगठन का हड़ताल समाप्त

दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ

बोकारो (झारखंड) चास निबंधन कार्यालय में कार्यरत अवर निबंधक पदाधिकारी के खिलाफे ` दस्तावेज लेखक एसोसिएशने चास बोकारो के सदस्यों की हड़ताल आज समाप्त हो गया। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने कहा कि लगातार यहां 13 दिन से हड़ताल जारी था। जो आज समाप्त हुआ यह हड़ताल बरीय पदाधिकारी के साथ वार्ता हुआ तथो झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्षे राजेश ठाकुर के द्वारा वार्तो करवाया गया इसके बाद आज हम लोग हड़ताल को समाप्त कर दिए हैं ।सीताराम शर्मा ने कहा कि वरीय अधिकारियों द्वारा कहा गया कि जितने भी मांग आपके हैं सब पूरा होगा । सीता राम शर्मा ने कहा कि हड़ताल में बोकारो विधायक बिरंची नारायण,पूर्व विधायक निरसा कॉमरेड अरूप चटर्जी ,बोकारो भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर प्रकाश, का मुझे काफी समर्थन मिला है। इन सबों को मैं आभार प्रकट करता हूं। वरीय पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि सभी मांग पूरी होगी। अगर मांग पूरी नहीं होती है तो फिर आगे की रणनीति तैयार करेंगे।इसे मौके पर एसोसिएशन के सचिव पंकज कुमार पांडेय, मनपूरन महतो, दिलीप राय, प्रवक्ता जय कुमार भगतिया, ब्रह्मानंद दे, काली दास दुबे, विजय शंकर झा, छोटेलाल महतो, ओपनचंद्र महतो, कामता प्रसाद राय, बलदेव शर्मा, भक्ति पद माझी सहिते एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मोजूद थे।

मार्क्सवादी समन्वय समिति के बोकारो महानगर अध्यक्ष कॉमरेड अजीम ने कहा चास अंचल कार्यालय में लालफीताशाही अधिकारियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। इस पर हम लोग लगाम लगाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी के ऊपर किसी भी प्रकार का दमन होगा तो मार्क्सवादी समन्वय समिति का एक-एक जोरदार तरीके से विरोध करेगा।

कुष्ठ आश्रम के लोगों को नहीं मिल रही सरकारी सुविधाएं, भीख मांगने पर है मजबूर

आश्रम को बसाने वाली संस्था डेमियन ने भी कोरोना के बाद पीछे खींच ली हाथ

दैनिक समाज जागरण

धनबाद : शहर के बरमसिया रेल ओवर ब्रिज स्थित कुष्ठ आश्रम अब नाम का रह गया है. यहां रहने वाले 35 कुष्ठ पीड़ितो और उनके परिवार को देखने वाला कोई नहीं है. जिस डेमियन संस्था ने इन्हें यहां बसाया, रोजगार के साधन उपलब्ध कराये, मुफ्त दवा देने का काम किया, उसने भी अब अपना हाथ खींच लिया है. यहां रहने वाले ज्यादातर कुष्ठ पीड़ित भीख मांग कर अपना गुजारा करते है. सरकारी सुविधाओं की बात करे तो राशन कार्ड बनाने के अलावा कुछ नहीं हुआ है. स्वास्थ्य से जुड़े कोई भी पदाधिकारी इन्हे देखने भी नहीं आते है और ना ही मुफ़्त दवाइयां इन्हे जिले से प्राप्त होती है. जरूरत के अनुसार कुष्ठ पीड़ित खरीद कर अब दवा खाते है. सामाजिक संस्थाएं भी सिर्फ अपना मतलब साधने के लिए इनके दरवाजे पर दस्तक देती है और फोटो खींचकर चली जाती है.

मार्च 2020 से बिगड़े हालात

कुष्ठ आश्रम में रहने वाले पंकज प्रधान ने बताया कि कोरोना से पहले यहां के हालात ठीक थे. लेकिन मार्च 2020 में अचानक कोरोना के दस्तक देने के बाद सबकुछ खत्म हो गया. उसके बाद से आज तक हालात नहीं बदले हैं. डेमियन संस्था का एक कार्यकर्ता यहां रहता था, दो साल पहले उसकी भी मौत हो गई. अब यहां की देख रेख मैं ही करता हूं. यहां कुल 80 लोग रहते है, जिसमें कुष्ठ पीड़ित और उनके बीबी बच्चे शामिल है. मैं भी कुष्ठ पीड़ित का बच्चा हूं, जन्म लेकर आज तक यहीं हूं. लेकिन सरकार की ओर से आज तक न मुझे कोई सुविधा मिली है और ना ही कोई काम मिला है. यहां रहने वाले ज्यातार लोग भीख मांगते है और कुछ लोग इधर-उधर काम कर के गुजारा करते है.

पंकज प्रधान, निवासी, कुष्ठ आश्रम

एनजीओ बन चुका है कमाई का जरिया

पंकज ने बताया कि हर साल यहां महात्मा गांधी की पुण्यतिथि यानी 30 जनवरी को कुष्ठ पीड़ित के लिए सरकारी तौर पर कैंप लगता है. डीएलओ आश्वासन देकर चले जाते है. उसके बाद कोई नहीं आता. मैं खुद पांच साल तक एक एनजीओ में काम कर चुका हूं. यह काम भी सेवा से ज्यादा निजी स्वार्थ का हिस्सा बन चुका है. काम के दौरान ही इनके बारे में ठीक से जान पाया. यहां भी कुछ सामाजिक संस्थाएं आती हैं. कभी खाना खिलाने तो कभी नाश्ता देने. ये सब दिखाकर ये लोग सरकार से फंड लेते है, लेकिन कुष्ठ पीड़ित के लिए कुछ नहीं करते.

11 मशीनें हो गई है बेकार

खगेन नाकाम कुष्ठ पीड़ित ने कहा कि यहां लूंगी, गंजी, गमछा, बैंडेज आदि बनाने का काम होता था. इसके लिए 11 मशीनें लगाई गई थी. डेमियन संस्था कच्चा माल उपलब्ध कराती थी. लेकिन अब सबकुछ बंद हो चुका है. कोरोना के दौरान डेमियन की स्थिति खराब हो गई, उसने सुविधाएं देना बंद कर दिया. गोविंदपुर में यह संस्था अभी भी है. कभी-कभी बैंडेज बनाने के लिए मटेरियल दी जाती है. अभी दो-तीन मशीनें चलती है, जिससे 5 लोग जुड़े हैं. वे मिलाकर बैंडेज बनाते है. यह काम भी हमेशा नहीं चलता है.

आश्रम में बंद पड़ी मशीन

पिछले साल जुलाई में चला था कुष्ठ रोगियों की पहचान के लिए अभियान जिले में नए कुष्ठ रोगियों की पहचान के लिए वर्ष 2022 में 1 से 14 जुलाई तक अभियान चला था. लेकिन इस अभियान से कितने नए कुष्ठ पीड़ित चिह्नित हुए, क्या-क्या सुविधाएं मिली, ये बताने वाला अब कोई नहीं है. इस संबंध में सिविल सर्जन चंद्र भानु प्रतापन से पूछने पर कहा कि मैं तो अभी यहां नया आया हूं, कुछ नहीं बता सकता. डॉट को यह काम दिया गया है, उनके पदाधिकारियों से पूछिए, वहीं बता पाएंगे, लेकिन संपर्क करने पर डॉट का कोई पदाधिकारी नहीं मिले. धनबाद जिले में कुष्ठ मरीजों की संख्या बढ़ रही है. परंतु कुष्ठ उन्मूल अभियान धीमा पड़ा हुआ है.

सारुकुदर पंचायत को कुपोषण मुक्त बनाना हम सबों का लक्ष्य - मुखिया

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड)02 सितम्बर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सारुकुदर पंचायत में कुपोषन मुक्त पंचयात बनाने को लेकर बैठक किया गया! जिसमें मुखिया उतम महतो ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब मिलकर ही सभी व्यवस्था के साथ प्रधान मंत्री गरीब क ल्याण अन्न योजना , मध्यान भोजन पुरक पोषण योजना का सही संचालन पर निगरानी करने को

लेकर चर्चा की गई ! मिनु के अनुसार कार्ड धारियों को राशन देने , गुणवत्तापूर्ण स्कूली बचों को भोजन देने , आंगनबाड़ी केंद्र में पुरक पोषण अहार का वितरण करके हम गांव को कुपोषन मुक्त बना सकते हैं साथ हि मुखिया ने स्वछता , सवास्थ्य पर आम आवाम को जागरूक करने कि बात लोगों बीच रखे !बैठक में रोजगार सेवक , वार्ड सदस्य मुकेश सिंह , पूरनी देवी , जोगेश्वरी देवी , मीना देवी , पार्वती देवी , टेकलाल महतो , नंदलाल महतो , योगेंद्र पटेल , रहमत अंसारी , यशोदा देवी , गीता देवी , नारायण महतो , सुरेन्दर कुमार समेत काफी लोग शामिल थे !

व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न, निर्विरोध अध्यक्ष बने विजय गिरी

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवादादाता चतरा

चतरा(झारखंड)02 सितम्बर 2023:- जिले के टंडवा मे शुक्रवार को विशेष आमसभा के माध्यम से व्यापार मंडल सहयोग समिति टंडवा के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन संपन्न हो गया। मौके पर मौजूद निर्वाचन पदाधिकारी सह सहकारिता प्रसार

पदाधिकारी हंटरगंज अनिल कुमार गुप्ता द्वारा निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष विजय गिरी व प्रबंधकारिणी सदस्यों जितेन्द्र नायक,नत्थु गुप्ता, मंगलदेव सिंह,कृष्णा उरांव,विजय पांडेय,निर्मल घांसी, मुकेश महतो तथा विजय पाठक को संबंधित प्रमाण- पत्र सौंपा गया। वहीं मौजूद लोगों ने खुशी जाहिर करते हुवे विजेताओं को बधाई दिए। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय,बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव,संजय पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

राज्य एवम देश को एनडीए से बचाना है, बेबी देवी को डुमरी विधान सभा में जिताना है : कॉमरेड अजीम

दैनिक समाज जागरण , साजिद , ब्यूरो चीफ

बोकारोः डुमरी विधानसभा उपचुनाव अपने अंति चरण में है. हर पार्टी जोर अजमाइश में जुट गयी है. डुमरी विधानसभा उपचुनाव 5 सितंबर 2023 को मतदान किया जाना है। इसी कड़ी में आईएनडीआईए समर्थित झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में मतदाताओं से वोट की अपील की जा रही है. इस दौरान मार्क्सवादी समन्वय समिति (माससस) बोकारो के महानगर अध्यक्ष कॉमरेड मोहम्मद अजीम ने डुमरी विधानसभा के मतदाताओं से बेबी देवी को वोट की अपील कर रहे हैं.

इस मौके पर महानगर अध्यक्ष कॉमरेड अजीम ने कहा कि राज्य को एनडीए से बचाना है। इसके लिए सारे वामपंथी एकजुट हैं। महानगर अध्यक्ष ने इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी को क्रमांक संख्या 01 तीर धनुष छाप पर बटन दबा कर भारी मतों से विजई बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी बेबी देवी को जिताने के लिए डुमरी विधानसभा के सरजमी पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं इंडिया गठबंधन के सभी साथी गण के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम कर रहे हैं। हमारा मकसद एनडीए से डुमरी विधानसभा को बचाना है।

डुमरी विधानसभा उपचुनाव में भाकपा माले, इंडिया गठबंधन बेबी देवी के पक्ष में किया मोटरसाइकिल जुलूस

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

गिरीडीह (झारखंड) 2 सितंबर 2023 :- डुमरी विधानसभा उपचुनाव के तहत इंडिया गठबंधन के पक्षधर लाल झंडे का सिपाही भाकपा माले नेता

बगोदर विधायक ने अपने समर्थकों के साथ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में विशाल मोटरसाइकिल जुलूस निकालकर बताया कि बेबी देवी की जीत पक्की है भाकपा(माले) के लोकप्रिय विधायक विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में तिरंगा मोड़ से डुमरी तक मोटरसाइकिल मार्च किया गया और डुमरी विधानसभा के लोगों से बेबी देवी के पक्ष में चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर मतदान करने की अपील किया गया।

भ्रष्टाचार लिपिक को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण

धनबाद। झारखंड के धनबाद जिले के जिला समाहरणालय रिकॉर्ड रूम में कार्यरत प्रधान लिपिक को चार हजार रुपये रिश्वत लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आज (शनिवार) एसीबी की टीम ने प्रधान लिपिक के घर की तलाशी भी ली, लेकिन कुछ भी हाथ नहीं लगा। एसीबी की टीम उसे गिरफ्तार कर साथ ले गई।

रसिकनगर पंचायत में दो दिवसीय लोक कला-संस्कृति का संगम कल से

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के रसिकनगर पंचायत भवन परिसर में दो दिवसीय लोक उत्सव, मानभूम छऊ एवं झारखंड की झुमुर नृत्य का कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को होगा।

इसका आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय अंतर्गत ईस्टर्न जोनल कल्चर सेंटर के सहयोग से झारखंड मानभूम लोक कलाकार संघ की ओर से किया जाएगा।

इसकी जानकारी देते हुए संघ के सचिव सागर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन जमशेदपुर

लोकसभा क्षेत्र के सांसद विद्युत वरण महतो व जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी संयुक्त रूप से रविवार की शाम 6 बजे करेंगे। इसके अलावे ईस्टर्न जोनल कल्चर सेंटर के पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम के जिला खेल पदाधिकारी अविनाश कुमार, बीडीओ नाजिया अफरोज व सीओ निवेदिता नियति आदि शामिल होंगे। इसमें लोक कला व संस्कृति का संगम दिखेगा और हजारों की संख्या में दर्शक भी शामिल होंगे।'

गुड न्यूज : पहाड़पुर के मुखिया की अनोखी पहल, गुमानडीह में खोला निःशुल्क कोचिंग सेंटर

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : कभी नक्सलियों का गढ़ माना जाने वाला बोड़ाम प्रखंड का गुमानडीह गांव अब निःशुल्क ज्ञान बांटने के लिए जाना जाएगा। यह संभव हुआ है इस क्षेत्र के युवा एवं शिक्षित मुखिया अजब सिंह सरदार के प्रयास से। उनकी अनोखी पहल से पहाड़पुर पंचायत अंतर्गत गुमानडीह गांव में गरीब परिवारों के लिए निःशुल्क कोचिंग सेंटर शनिवार को खोला गया। कोचिंग सेंटर के लिए लोगों ने फिलहाल मार्केट काम्प्लेक्स को चुना और उस जगह की साफ-सफाई की।

मुखिया ने कहा कि गांव में ऐसे कोचिंग सेंटर खोलने से गरीब परिवार

के बच्चों को पढ़ाई में मदद मिलेगी। इसी तरह पहाड़पुर पंचायत के प्रत्येक गांव में अपने स्तर से कोचिंग सेंटर खोलेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को शिक्षित करने से ही नशामुक्त समाज और सर्वांगीण विकास संभव है। पहले कोचिंग सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर वार्ड सदस्य निखिल महतो, धनंजय महतो, सुभाष महतो, संजय महतो, नरहरि सिंह व कालिपद गोराई आदि मौजूद थे। इस कोचिंग सेंटर में सेवा देने वाले शिक्षकों में सुनील कुंभकार, सोनामनी सिंह, खंखी वाला सिंह, हरिपद सिंह व प्रकाश कुंभकार शामिल हैं जो खुद भी पढ़ाई करते हैं और पार्ट टाइम गांव के बच्चों को निःशुल्क पढ़ाएंगे।

कुचाई के सुरसी सोना नदी में तैरता हुआ 55 वर्षीय वृद्ध का मिला शव,जांच में जुटी पुलिस

दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां

कुचाई सोना नदी में तैरता हुआ शव मिला है मिली जानकारी के अनुसार कुचाई थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरसी के सोना नदी में स्नान करने गए एक वृद्ध व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। वहीं शनिवार को कुचाई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। मालुम हो कि भुरकुंडा गांव के टोला सुरसी निवासी घनश्याम मुंडा बीते शुक्रवार शाम को स्नान करने के लिए घर से निकला। इसके बाद वह अपने घर वापस नहीं लौटा। वहीं परिवार वालों ने आस पास के क्षेत्र में काफी खोजबीन किया। वहीं शनिवार की सुबह जब गांव के कुछ लोग स्नान करने नदी गए तो देखा कि एक शव पानी में तैर रहा है। इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना कुचाई पुलिस को दी। वहीं कुचाई पुलिस घटनास्थल पर पहुंचा व शव को अपने कब्जे में लिया। वहीं घनश्याम मुंडा की मौत से परिवार वालों पर मातम छा गई है।

संस्थापक प्राचार्य प्रफुल्ल महतो की पुण्यतिथि पर पटमदा डिग्री कॉलेज में रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

नंदा रजक
दैनिक समाज जागरण
प्रखण्ड संवाददाता पटमदा

पटमदा : संस्थापक प्राचार्य सह पूर्व सूचना आयुक्त प्रफुल्ल कुमार महतो की दसवीं पुण्यतिथि पर शनिवार को पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला में रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई। पटमदा डिग्री व इंटर कॉलेज जाल्ला, एनएसएस यूनिट एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 55 लोगों ने रक्तदान किया। जबकि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वाणीपद सिंह ने 15 बच्चों समेत 75 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की। दंत चिकित्सक डॉ. कमल लोचन गौड़ ने 25 मरीजों की जांच की। जांचोपरांत सभी मरीजों को मुफ्त में दवाइयां भी दी गई।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी एवं विशिष्ट अतिथियों में सीओ चंद्रशेखर तिवारी, झामुमो नेता महाबीर मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि सह

डिग्री कॉलेज के सचिव चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी मतो, मृत्युंजय महतो, प्रमथ नाथ मंडल, आदित्य महतो, सुनील वरण महतो व बुद्धेश्वर महतो शामिल हुए। शिविर का शुभारंभ अतिथियों के हाथों प्रफुल्ल कुमार महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया शिविर को सफल बनाने में डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुमंत कुमार सेन, इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ तरुण कुमार महतो, व्याख्याता चंद्रशेखर महतो, विश्वनाथ महतो, कमल कुमार महतो, विश्वजीत महतो, श्रीकांत माझी, अभिराम महतो, भवानी विनायक, गौतम गोराई, माधुरी, सावित्री महतो, वीरेंद्र नाथ महतो, माणिक महतो, हीरालाल महतो व महादेव महतो समेत समस्त शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

फुटबॉल प्रतियोगिता हुआ संपन्न,खेल से भी खिलाड़ी का कैरियर संभव- गागराई

दैनिक समाज जागरण संवाददाता खरसावां

रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें कुल 64 टीम हिस्सा लिया। फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि खरसावां विधायक दशरथ गागराई एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल खेल का उद्घाटन किया। फाइनल खेल का मुकाबला जी एस ब्रदर्स लेदराड़ी एवं बबलू एकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें जी एस ब्रदर्स लेदराड़ी के टीम ने बबलू एकेडमी के टीम को 3-1 गोल से पर पराजित कर विजय हुआ। जिसमें प्रथम स्थान जी एस ब्रदर्स लेदराड़ी टीम को 80 हजार द्वितीय स्थान बबलू एकेडमी टीम को 60 हजार तृतीय स्थान जायगीड टीम को 35 हजार चतुर्थ स्थान नंदबाबा टीम को 20 हजार साथ ही पंचम स्थान से

आठवां स्थान तक रहे सभी टीम को 12-12 हजार रुपए नगद पुरस्कार दिया गया। मौके पर विधायक गागराई ने कहा कि कुचाई खरसावां क्षेत्र में नौजवान खिलाड़ियों में अद्भत प्रतिभा समाहित है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद हमारे राज्य के खिलाड़ियों ने देश की कई विभिन्न खेलों की टीम का कप्तानी पद को भी सुशोभित कर दी दिखाया है। झारखंड राज्य के खिलाड़ी देश दुनिया में चमक रहे हैं। वही जिला परिषद अध्यक्ष बोदरा ने कहा कि राज्य के खिलाड़ी विभिन्न खेल जैसे तीरंदाज, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन,इत्यादि में हमारे नौजवान तथा छात्र-छात्राएं निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे है। राज्य सरकार ने उनके प्रयासों को पंख देने का काम किया है। इस दौरान मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि भारत सिंह मुंडा दुर्गा चरण पड़िया तिलोपदा मुखिया राम सोय खरसावां 20 सूत्री अध्यक्ष अजय समाड लखीराम मुंडा मुन्ना सोय घनश्याम सोय कानु सोय आदि उपस्थित थे।

वेलसन रिटेल का कांड्रा में आठवां शोरूम का हुआ अनावरण

किफायती दरों पर उच्चतम कोटि का वस्त्र उपलब्ध : प्रबंधक

दैनिक समाज जागरण ,दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ

सराइकेला (झारखंड)- खरसावां जिले के अंतर्गत पहली बार कांड्रा पंचायत में कपड़ों रिटेल का बड़ा शोरूम का शुभारंभ हुआ। वेलसन रिटेल का आठवां

शोरूम का शुभारंभ कांड्रा पंचायत की मुखिया श्रीमती शंकरी देवी के द्वारा किया गया। बृजधाम में अवस्थित शोरूम काफी आकर्षक का केंद्र बना हुआ है। इस कपड़े के शोरूम में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए काफी किफायती दरों पर उच्चतम कोटि का कपड़ा उपलब्ध है। वेलसन रिटेल के मैनेजर सतीश कुमार झा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र को देखते हुए अच्छी क्वालिटी का क्लॉथ सस्ते दरों पर हम लोग उपलब्ध करा रहे हैं। साथ ही आगामी त्योहार को देखते हुए कंपनी द्वारा विशेष स्कीम लाकर ग्राहकों को लाभान्वित करेगी। कार्यक्रम के शुभारंभ में ब्रज धाम के अशोक वार्ष्णेण,नरेश वार्ष्णेण, शिवांशु वार्ष्णेण इत्यादि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सिंहभूम कॉलेज चांडिल : साढ़े सात हजार विद्यार्थियों में मात्र चार क्लास रूम, कैसे मिलेगी गुणवत्तायुक्त शिक्षा ?

फुलचांद पारित, समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, नीमडीह

नीमडीह (झारखंड), 02 सितंबर 2023 : झारखंड राज्य को संपूर्ण शिक्षित राज्य बनाने के लिए शिक्षा के बजट में सरकार प्रति वर्ष अरबों रुपए खर्च कर रही है। लेकिन सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए स्थित एकमात्र पीजी कॉलेज सिंहभूम महाविद्यालय चांडिल बुनियादी सुविधाओं के अभाव के भंवर में फंसे हुए हैं। शिक्षक, कर्मचारियों की कमी, क्लास रूम की कमी आदि महाविद्यालय की बुनियादी समस्याएं हैं। ऐसे में कैसे मिलेगी विद्याथीर्यों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा ? यह क्षेत्र दुर्गम इलाका के रुप में जाना जाता है साथ ही यहां के निवासी आर्थिक कमजोर भी है। निनानब्बे प्रतिशत निवासी कृषि पर आश्रित है और कृषि कार्य मानसून पर निर्भर है। असामयिक मानसूनी वर्षा के कारण उन्नत कृषि नहीं होता है। जिसके कारण यहां के निवासी आर्थिक कमजोर है और वे अपने बच्चों को दूसरे शहर या राज्य के बड़े कॉलेज में पढ़ाने में असमर्थ है। वर्तमान समय में विद्यार्थी उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक हो गया है और सभी अभिभावक अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाना चाहते हैं। लेकिन कुछ ज्वलंत समस्याओं के कारण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी कठिनाई हो रहा है।

ईचागढ़ विधान सभा क्षेत्र के चार प्रखंड चांडिल, नीमडीह, ईचागढ़ व

कुकडू प्रखंड की विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु सिंहभूम कॉलेज चांडिल ही एकमात्र स्नातोकोत्तर महाविद्यालय है। इस महाविद्यालय में इंटरमीडिएट, स्नातक व स्नातोकत्तोर वर्ग में पठन पाठन होती है। इंटरमीडिएट व स्नातक में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य तथा स्नातोकोत्तर में हिंदी, राजनीति विज्ञान एवं वाणिज्य विषय का पठन पाठन होती है। इस कॉलेज में स्नातक में 5000, स्नातोकोत्तर में 600 व इंटरमीडिएट में 2000 विद्यार्थी अध्यनरत है। इतने विधार्थियों की पठन पाठन के लिए कॉलेज में मात्र चार रूम है। चार रूम होने के कारण सभी विषय की कक्षाएं संचालित करना कॉलेज प्रबंधन को मुश्किल हो जाता है। सबसे अधिक कठिनाई स्नातक की परीक्षा के समय होता है। विश्वविद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों की सुविधा के लिए इसी कॉलेज में परीक्षा के लिए गृह केंद्र बनाते हैं। इस क्षेत्र से अन्य कॉलेज की दूरी 50 किलोमीटर से अधिक है। परीक्षार्थियों को आर्थिक बोझ न पड़े इसलिए गृह केंद्र बनाना विश्वविद्यालय प्रबंधन का सराहनीय कार्य है। लेकिन रूम के कमी के कारण परीक्षार्थियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कॉलेज प्रबंधन परीक्षार्थियों को बरामदे पर बैठा कर परीक्षा लेने के लिए विवश है।

विद्यार्थी परिषद ने कोल्हान विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष (d26) से विभिन्न कॉलेज में स्नातक के सीट बढ़ाने की किए मांग

अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता,

जमशेदपुर (झारखंड) 2 सितंबर 2023:– अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छ.इ.र.ट कॉलेज इकाई के द्वारा एलड्ड बीड्ड एसड्ड एमड्ड कॉलेज के प्राचार्य के माध्यम से कोल्हान विश्व विद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष को स्नातक के दाखिला में हो रहे परेशानी से अवगत कराया गया।

ज्ञात हो कॉलेजो में स्नातक की दाखिला की प्रक्रिया अंतिम पड़ाव पर है, लेकिन अभी तक सैकड़ो छात्र सीट की कमी के कारण अपना मनचाहा विषय से स्नातक की पढ़ाई नही कर पा रहे है,जिसके कारण छात्र काफी परेशान है, जो छात्र राजनीति शास्त्र से की पढ़ाई करना चाहते है उनको सीट की कमी के कारण हिंदी लेना पड़ रहा है जो इतिहास पढ़ा चाहते वो न चाह कर भी मनोविज्ञान लेना पड़ रहा है। छात्रों के परेशानी को देखते हुए विद्यार्थी परिषद जमशेदपुर महानगर

मंत्री अमन ठाकुर के नेतृत्व में एल बी एस एम कॉलेज इकाई द्वारा के प्राचार्या के माध्यम से कोल्हान विश्व विद्यालय प्रशासन से सीट बढ़ाने की मांग किया गया है।

कॉलेज इकाई मंत्री सोनू साव ने कहा स्नातक में सीट की कमी के कारण सैकड़ो विद्यार्थी आज परेशान है विश्वविद्यालय जल्द पर्याप्त सीट बढ़ा कर उनके परेशानी का समाधान करें छात्रों की संख्या दिन प्रतिदिन बड़ रहा है और सीट की संख्या बीते वर्षों की तरह ही है , विश्वविद्यालय हमारे बातों को संज्ञान में ले अन्यथा विद्यार्थी परिषद सभी महाविद्यालय में एक साथ धरना देगी।

इस समय लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल कॉलेज में अमन ठाकुर , अभिजीत ठाकुर,हिमांशु, सन्नी आदि सोनु कुमार आस्तिक पत्रों रितिक मिश्र सुनीता कुमारी शिप्स भारे आदि कार्यकर्ता ने ज्ञापन दिया

44 लाख कि लागत से रुसुनिया में होगा अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण कार्य : सविता महतो

दैनिक समाज जागरण दयाल लायक ब्यूरो चीफ सराइकेला (झारखंड)

चांडिल प्रखंड के रुसुनिया में शनिवार को डीएमएफटी मद के तहत स्वीकृत

रुसुनिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अतिरिक्त वर्गकक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरन कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा अतिरिक्त वर्गकक्ष का निर्माण 43 लाख 13 हजार 3 सौ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस दौरान विधायक ने कहा विद्यालय में अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण होने में विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को बैठने में सुविधा होगी। विधायक ने संवेदक को भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुखिया मंगल मांझी, केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, ग्राम प्रधान नागेंद्रनाथ महतो, स्कूल के शिक्षक शंकर कुमार महतो व जमीनदाता सोनू सिंह सरदार, राहुल वर्मा के साथ काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

सिंहभूम सांसद श्रीमती गीता कोड़ा के प्रयास सिनी में लगा ट्रांसफार्मर

युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश महतो ने फीता काट कर किया उद्घाटन।

रवि कांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता

राजनगर(सरायकेला)-: राजनगर प्रखंड के सिनी गाँव मे सिंहभूम सांसद

गीता कोड़ा ने कई महीनों से खराब पड़ी 16 केवी ट्रांसफार्मर के बदले 25 'ट्रांसफार्मर दिलवाया,जिसका विधिवत उद्घाटन यूथ कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश महतो ने फीता काट कर किया।वहीं 25 केवी ट्रांसफार्मर मिलने से ग्रामीणों में हर्ष का माहौल व्याप्त है।वहीं ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए सिंहभूम सांसद श्रीमती गीता कोड़ा एवं सांसद प्रतिनिधि ऊर्जा विभाग साजिद अंसारी ,युवा कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश महतो का तहे दिल से आभार प्रकट किया है।वहीं उद्घघाटन के मौके पर करमचंद मार्डी,सुनील बिरूली,जोगेंद्र एवं कई संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

युवा अनस्टॉपेबल ने मुख्य अतिथि श्री हरदीप सिंह पुरी के साथ छात्र संवाद की मेजबानी की

'अमृत काल' के दौरान भारत के विकास में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश की युवा पीढ़ी भारत को एक विकसित देश में बदलने में निर्णायक भूमिका निभाएगी।

केंद्रीय मंत्री ने उन बच्चों के साथ बातचीत की, जिन्हें हाल ही में युवा अनस्टॉपेबल पहल के हिस्से के रूप में मोबाइल टैबलेट मिले हैं, जिसका उद्देश्य सुविधा से वंचित युवाओं के बीच डिजिटल साक्षरता और शैक्षिक पहुंच को बढ़ावा देना है। यह दिल छू लेने वाली बातचीत पहली सितंबर को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर (नई दिल्ली) में हुई, जिसमें डिजिटल विभाजन की खाई को कम करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया और इसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव के अग्रदूत बनने के लिए युवा प्रतिभाओं को प्रेरित और सशक्त बनाना था।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भविष्य में भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नौकरी की तलाश करने वाली नहीं, बल्कि नौकरी प्रदान करने वाली होगी।

युवा अनस्टॉपएबल भारत और अमेरिका की एक पंजीकृत गैर-लाभकारी संस्था है जिसने भारत के 20 राज्यों में 5000 से अधिक स्कूलों और 6 मिलियन सुविधा से वंचित लाभार्थियों को लाभान्वित किया है। युवा अनस्टॉपेबल सरकारी स्कूलों में बदलाव लाने (बेहतर स्वच्छता, पानी, प्रौद्योगिकी तक पहुंच, छात्रवृत्ति, पोषण, टीके को लेकर झिझक को दूर करने, मूल्य-आधारित प्रशिक्षण, आदि) के लिए 100 शीर्ष कॉर्पोरेट कंपनियों के साथ काम कर रहा है।

श्री हरदीप सिंह पुरी के विजन से प्रेरित होकर, युवा अनस्टॉपेबल ने 300 मेधावी छात्रों को मोबाइल टैबलेट प्रदान किए, जिन्होंने तमिल एसोसिएशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नूतन मराठी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द ब्लाइंड रिलीफ एसोसिएशन, आंध्र एजुकेशन सोसाइटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरु हरिकृष्ण स्कूल और केरल स्कूल सहित दिल्ली के 6 स्कूलों के छात्रों के साथ आज की बातचीत में भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को प्रौद्योगिकी से लैस करना और शिक्षण एवं सीखने को अधिक दिलचस्प और रोचक बनाने के लिए एक डिजिटल उपकरण सुनिश्चित करना है।

केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर जोर देते हुए उपस्थित लोगों संबोधित किया। उन्होंने सफलता प्राप्त करने में दृढ़ संकल्प, दृढ़ता और नवाचार की भूमिका पर जोर देते हुए अपने जीवन के अनुभव साझा किए। छात्रों को श्री हरदीप सिंह पुरी के साथ एक उत्साहपूर्ण प्रश्नोत्तर सत्र में शामिल होने का अनूठा अवसर मिला, जहां वे करियर विकल्पों से लेकर सामाजिक प्रभाव पहल तक कई विषयों पर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर सकें।

श्री हरदीप सिंह पुरीः "मैंने आज जिन युवा प्रतिभाओं से बातचीत की, उनकी ऊर्जा और उत्साह से मैं सही मायने में काफी प्रभावित हूं। युवाओं में हमारे देश को बदलने की शक्ति है, और इस तरह के आयोजन उन्हें बड़े सपने देखने और उज्जवल भविष्य की दिशा में काम करने के लिए सशक्त बनाते हैं।"

युवा अनस्टॉपेबल के संस्थापक श्री अमिताभ शाह, "हमारा संगठन युवाओं को बदलाव के वाहक बनने हेतु सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हम श्री हरदीप सिंह पुरी को अपने मुख्य अतिथि के रूप में पाकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं और हमारा मानना है कि इस कार्यक्रम ने हमारे छात्रों को सामाजिक प्रभाव की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है।"

इस कार्यक्रम में प्रमुख समाज-सेवी लोगों की भी भागीदारी रही जिन्होंने शिक्षा, पर्यावरण और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में प्रभावी परियोजनाएं शुरू की हैं। इन प्रेरणादायक कहानियों ने सार्थक बदलाव लाने के लिए युवा प्रतिभाओं की क्षमता को प्रदर्शित किया। यह पहल न केवल प्रौद्योगिकी तक पहुंच प्रदान करती है बल्कि इन बच्चों की शैक्षिक यात्रा में भी सहायता करती है और उनके भविष्य को आकार देने में डिजिटल साक्षरता की भूमिका पर जोर देती है।

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया

केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर, केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल, विदेश राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी, संस्कृति मंत्रालय के सचिव सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने कहा कि आज का ये कार्यक्रम कुछ-कुछ एक शाम जैसा है, क्योंकि ये ऐसे समय में हो रहा है जब भारत की आजादी के 75 साल पूरे हो गये हैं। उन्होंने कहा कि आगामी अमृतकाल और "संकल्प से सिद्धि" 15 अगस्त, 2047 तक भारत को विश्व स्तर पर हर क्षेत्र में अग्रणी बना देगा। श्री शाह ने कहा कि अगले 25 वर्षों में हमारे स्वतंत्रता सेनानी की कल्पना के अनुसार भारत का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले 75 वर्षों में भारत को कई उपलब्धियां मिली हैं, लेकिन वे पर्याप्त नहीं हैं। श्री शाह ने कहा कि पराधीनता की लंबी अवधि और लाखों लोगों के बलिदान के बाद, हमें आजादी मिली और पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, प्रत्येक भारतीय को एक साथ आने और एक वृहत्तर भारत देश बनाने में मदद करने का अवसर दिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम अपने नाम से ही अपना अर्थ की अभिव्यक्ति करता है। उन्होंने कहा कि अब हम स्वतंत्र भारत में रह रहे हैं और इसके लिए लाखों लोगों ने बलिदान दिया है। उन्होंने कहा कि 1857 से 1947 तक, 90 वर्षों तक, स्वतंत्रता के लिए एक लंबा संघर्ष किया गया और अनगिनत ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों ने इस उद्देश्य के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि केवल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जैसा व्यक्ति, जो दिल में देशभक्ति से भरा हुआ है, उन लोगों के लिए जिन्होंने बलिदान दिया है, हाथ में 'मिट्टी' लेकर संकल्प लेकर और श्रद्धांजलि अर्पित करके "संकल्प से सिद्धि" की इस यात्रा को शुरू करने की परिकल्पना कर सकता है। श्री शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम के पीछे यह सोच है कि प्रत्येक व्यक्ति, परिवार, नागरिक और बच्चा श्रेष्ठ भारत के निर्माण के विचार से भावनात्मक रूप से जुड़ें। उन्होंने कहा कि 1-30 सितंबर तक, प्रत्येक घर, वार्ड और गांव से एक बर्तन में 'मिट्टी' या अनाज इकट्ठा किया जाएगा, इसके बाद 1-13 अक्टूबर तक ब्लॉक में और बाद में 22-27 अक्टूबर तक राज्य स्तर पर इसका पालन किया जाएगा। अंत में, 28-30 अक्टूबर के बीच ये 7,500 बर्तन देश की राजधानी नई दिल्ली पहुंच जाएंगे। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हमारे महान वीरों के सम्मान में इन अमृत कलशों की मिट्टी दिल्ली में बनी अमृत वाटिका में रखेंगे, जो प्रत्येक नागरिक को याद दिलाती रहेगी कि हमें अमृतकाल में भारत को महान बनाना है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस पहल में कई कार्यक्रमों को एकीकृत किया है और प्रत्येक भारतीय को इस पहल का हिस्सा बनने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि देश के लिए खुद को फिर से समर्पित करने के उद्देश्य से 5 कार्यक्रमों की एक नई श्रृंखला बनाई गई है। इन कार्यक्रमों के तहत देश के हर गांव में शिलालेख लगाए गए हैं, देश के करोड़ों नागरिकों ने 'पंच प्रण' का संकल्प लिया है, जो भारत को महान बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वसुधा वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत वीरों का सम्मान करते हुए 75 पेड़ लगाए गए एवं राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान 2 लाख से अधिक कार्यक्रमों के आयोजन से पूरे देश में एक बार फिर देशभक्ति की भावना जागृत हुई है और इन कार्यक्रमों का समापन मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के साथ होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से सभी देशवासियों से 'पंच प्रण' - विकसित भारत के लक्ष्य को अपनाने, गुलामी की मानसिकता को दूर करने, अपनी परंपराओं पर गर्व करने, एकता और अखण्डता के लिए पूरा जीवन समर्पित करने और हर नागरिक के मन में कर्तव्य की भावना जगाने का आह्वान किया था। श्री शाह ने कहा कि ये 'पंच प्रण' महान भारत के निर्माण का मार्ग हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'हर घर तिरंगा अभियान' के आह्वान के बाद देश भर में 23 करोड़ घरों, कार्यालयों और इमारतों को तिरंगे से सुशोभित किया गया। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान का सम्मान करते हुए पूरा देश हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ा और इसी देशभक्ति की भावना का परिणाम है

श्री वी.एल. कांता राव ने खान मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्यभार संभाला

भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), मध्य प्रदेश कैडर के 1992 बैच के श्री वी.एल. कांता राव ने आज यहां खान मंत्रालय के नए सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह दूरसंचार मंत्रालय में अपर सचिव के रूप में कार्यरत थे, इस पद पर कार्य करते हुए उन्होंने आत्मनिर्भर भारत में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने डिजिटल संचार नीति, विनियामक सिफारिशों, अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और व्यापक कनेक्टिविटी के अंतर्गत शुरू हुई पहलों के सफल कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राव ने आईएएस (1989 बैच) श्री विवेक भारद्वाज से खान सचिव का प्रभार लिया है। श्री भारद्वाज ने खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम और अपतटीय क्षेत्र खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन अधिनियम में हाल के संशोधनों के माध्यम से खनिज क्षेत्र में बड़े सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, उनके नेतृत्व में, देश 30 महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान करने में सक्षम हुआ है।

श्री राव ऐसे महत्वपूर्ण समय में कार्यभार संभाल रहे हैं जब मंत्रालय के पास महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी करने की बड़ी योजना है, जो देश की ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में महत्वपूर्ण हैं।